आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 322, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला 16

टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना 2

## खीरी में कहर बरपा रहीं शारदा और घाघरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा के बाद अब शारदा नदी तहसील धौरहरा क्षेत्र में कहर बरपा रही है। शारदा व घाघरा के उफनाने से करीब 180 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। गांव समदहा के करीब 250 ग्रामीण फंस गए।

सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर समदहा के 18 और नयापुरवा के 06 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 साल पहले भयंकर बाढ़ आई थी। इससे शारदा ने समदहा गांव को काटकर नदी की मुख्य धार में मिला था। कटान पीड़ित शारदा नदी के उस पार खेतों में झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहे थे। अचानक आई शारदा नदी में बाढ़ ने एक बार फिर इनकी फसलों सहित झोपड़ी भी डुबो दिया। कटान पीड़ित नदी के उस पार खेतों में काम कर परिवार पाल रहे हैं। इस बार रात में अचानक आई बाढ़ के पानी से 250 से अधिक लोग फंस गए। सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम भी चार मोटरबोट के साथ आ गई और 18 लोगों को सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया। शेष को निकालने का प्रयास कर रही है।



लखीमपुर में गांव समदहा में फंसे ग्रामीणों का रेस्क्यू करती एनडीआरएफ की टीम।

- **शारदा की तलहटी में फंसे 24 लोगों को एनडीआरएफ ने निकाला**

## अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में मिलेगा 10 % आरक्षण

### सीआईएसएफ-बीएसएफ की भर्तियों के लिए सरकार का फैसला, भर्तियों में आयु सीमा के साथ शारीरिक परीक्षा में भी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष की अग्निवीर योजना को रद किए जाने की मांग के बीच सरकार ने कहा है कि सेवा निवृत अग्निवीरों के लिए केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल ( सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे ,साथ ही उन्हें शारीरिक जांच और उम्र में भी छूट दी जाएगी। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि बल ने सेवानिवृत अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत अग्निवीरों के लिए बल में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षण और आयु में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच के अग्निवीरों को पांच वर्ष की और इसके बाद के बैच को उम्र में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों बल यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृत अग्निवीरों को भर्ती में इन छूट का अधिक से अधिक लाभ मिले। अधिकारियों ने कहा कि सेनाओं में प्रशिक्षित अग्निवीर मिलने से दोनों बलों की क्षमता और दक्षता बढ़ेगी।

सीआईएसएफ और बीएसएफ के प्रमुखों ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना, नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा कि भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि शारीरिक परीक्षा में भी उन्हें छूट दी जाएगी। इसके अलावा आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच वर्ष की होगी और उसके बाद के वर्ष में आयु में छूट तीन वर्ष की होगी। सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे और सीआईएसएफ यह सुनिश्चित करेगा। यह सीआईएसएफ के लिए भी लाभकारी होगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे।

सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत जून, 2022 में की थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।

- **आयु सीमा में पहले साल पांच वर्ष, उसके बाद तीन वर्ष की दी जाएगी छूट**



### एक नजर

#### इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में दो महिला नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर कुल 16 लाख रुपये का इनाम है। ये दोनों सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ में शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया आत्मसमर्पण करने वाली दोनों नक्सलियों की पहचान प्रमिला सुखराम बोगा ऊर्फ मंजूबाई (36) तथा अखिला शंकर पुडो ऊर्फ रत्नामाला (34) के तौर पर की गई है।

#### पूर्वी लद्दाख में दुर्घटना में एक सैनिक शहीद

**लेह।** पूर्वी लद्दाख में गुरुवार को ड्यूटी पर तैनाती के दौरान दुर्घटना में एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह करीब 10 बजे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सीएफएन. शंकर राव गोट्टापु एक दुर्घटना में शहीद हो गए।

#### जवान को थप्पड़ मारने वाली महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच में तैनात सीआईएसएफ के एक जवान को थप्पड़ मारने के आरोप में एक विमानन कंपनी के चालक दल में शामिल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह जयपुर हवाई अड्डे पर हुई।

## बाढ़ से बेघर लोगों को मिलेगा सरकारी योजना में मकान

### जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने के निर्देश

- **12 जिले बाढ़ की चपेट में, 18 लाख की आबादी प्रभावित, 33 तहसील के 633 गांव शामिल**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार बाढ़ की चपेट में आकर बेघर हुए परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से स्पष्ट कहा है कि, इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जिनके भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएं।

योगी ने अलग-अलग जिलों में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा है कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, वज्रपात समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है।



बाढ़ में फंसे लोगों की सटीक सूचना देकर जान बचाने वाली रेखा देवी को प्रशस्ति-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

#### साहस दिखाने वाले सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में 7 जुलाई को बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाकर सुरक्षित निकालने वाले पीएसी के पांच जवानों समेत सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सही समय पर सटीक सूचना देने वाली रेखा देवी और फ्लड पीएसी के जवान के लिए गाइड की भूमिका निभाने वाले राम उजागर समेत पीएसी के पांच जवान सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार यादव और मनोज कुमार ने साहस दिखाया था। इन सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे।

#### बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाह 10 अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने मांगा स्पष्टीकरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई हो सकती है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित इलाकों की रोजाना अपडेट ले रहे हैं। ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना ससमय उपलब्ध न कराने एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए पांचों जिलों के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ को दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

## पेट में छिपाकर ला रही थी 7 करोड़ रुपये की कोकीन

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लाई थी। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के मुताबिक महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि एक महिला यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से 8 अंडाकर कैप्सूल मिले। उसने बताया कि पेट में मादक पदार्थ छिपाया है। यात्री को चिकित्सा प्रक्रिया से मादक पदार्थ निकालने के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। जहां महिला के पेट से मादक पदार्थ से भरे 34 कैप्सूल निकाले गए। जिसमें कुल 515 ग्राम कोकीन छिपाई गई थी जिसकी कीमत 7.04 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और कोकीन जब्त कर ली गयी है। एक अन्य मामले में एक भारतीय को 1.2 करोड़ रुपये के चरस की तस्करी के आरोप में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है।

- **दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ी गई अंगोला की महिला**

## सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी पर सुनवाई 18 तक टली

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद कर नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। जिसके चलते अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे।



- **परीक्षा रद कर नए सिरे से कराने का किया गया है अनुरोध**

#### एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई शुरू होने के बाद से फरार एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

#### शिक्षा मंत्री ने की नीट-यूजी प्रतिभागियों से मुलाकात

**नई दिल्ली।** चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को अपने आवास पर कुछ अभ्यर्थियों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, छात्रों ने मई में आयोजित परीक्षा के भविष्य पर व्याप्त अनिश्चितता, काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी और अंततः शैक्षणिक कैलेंडर जैसे मुद्दे उठाए।

## बिजली गिरने से 4 लोगों की गई जान, तीन झुलसे

**फतेहपुर, अमृत विचार :** मलवां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मलवां थाना क्षेत्र के कुरस्तीकला गांव में गांव के आधा दर्जन लोग खेतों में धान की रोपाई कर रहे थे। करीब 11 बजे के आसपास बिजली गिरने से तीन महिलाओं गोमती, कुसुम और राजकुमारी की मौत हो गई। तीन लोग झुलस गए हैं। झुलसे सूरज, शिवांशी और राम श्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलवां थाना क्षेत्र के ही बरमतपुर गांव के विमल की पुत्री शिखा देवी सुबह बारिश के दौरान नीम के पेड़ के नीचे खड़ी थी। पेड़ पर बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पेड़ के नीचे बंधी एक बकरी और एक भैंस का पड़वा भी झुलस गए।

- **फतेहपुर के मलवां थाना क्षेत्र के दो गांवों में हुए हादसे**

## लापरवाही पर बांदा के नरैनी में तैनात एसडीएम निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा के नरैनी में तैनात उप जिलाधिकारी (एसडीएम) विकास यादव को निलंबित कर दिया है। विकास यादव पर जनहित के मामलों में लापरवाही और पर्यवेक्षणीय उदासीनता बरतने के साथ कदाचार के कारण कार्रवाई की गई है। विकास यादव को पदीय दायित्वों के सम्यक निर्वहन में अक्षम पाया गया, शासन की छवि धूमिल करने का भी आरोप है। निलंबन अवधि में वे उप जिलाधिकारी आयुक्त व सचिव राजस्व परिषद लखनऊ कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से एमएलसी की फाइल को लंबित रखना भी विकास यादव पर भारी पड़ा। दो दिन पहले ही एमएलसी डा. तिवारी ने नरैनी तहसील में हंगामा काटा था और एसडीएम समेत तहसील के अधिकारियों-कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और अवैध खनन में संलिप्त रहने का आरोप लगाया था। बताया था कि गिरवां कस्बा स्थित उनके विधि महाविद्यालय से संबधित एक फाइल चार साल से लंबित है। बताते हैं कि उन्होंने इस मामले को मंगलवार को मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में उठाया था।

- **शिक्षक एमएलसी ने भी की थी मुख्यमंत्री से शिकायत**

## आरोपी के पास नहीं था पासपोर्ट कोर्ट ने दिया जमा करने का आदेश

**मुंबई।** गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को ज़मानत देते हुए शर्त लगाई कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के आदेश पर बंबई हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की ज़मानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने एक अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

- **बंबई हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर जताई हैरानी**

## हाथरस में ट्रक से टकराई स्लीपर बस, दो लोगों की मौत, 38 घायल

सिकंदराराऊ (हाथरस), एजेंसी

गुरुवार सुबह 3 बजे सिकंदराराऊ से एटा हाईवे-34 पर टोली गांव के निकट पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर (ट्रक) में एक स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आधी बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे से में दो लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हुए। इनमें से सात गंभीर घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

एक निजी बस पंजाब के चंडीगढ़ से बांगरमऊ जा रही थी। सिकंदराराऊ से एटा रोड पर 15 किलोमीटर दूर गांव टोली पर जिओ पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर में पीछे से बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस चालक को झपकी आ गई थी, इसके चलते यह टक्कर हुई। हादसे के बाद कोतवाली पुलिस तथा आसपास के गांव के लोगों ने राहत कार्य प्रारंभ कर दिया। घायलों को सिकंदरा राव समुदायक केंद्र भिजवा दिया गया। टक्कर के बाद घटनास्थल पर ही एक अज्ञात की मृत्यु हो गई तथा दूसरे की मृत्यु अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हो गई। हाथरस के डीएम आशीष कुमार का कहना है कि इस हादसे में दो की मौत हुई है और 16 घायल हुए हैं।



हादसे में क्षतिग्रस्त बस।

- **सिकंदराराऊ में गुरुवार की भोर में हुआ हादसा**

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों के घर ईडी ने की छापेमारी

मैसूर, एजेंसी

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम से जुड़े कथित अवैध धन हस्तांतरण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व आदिवासी कल्याण एवं खेल मंत्री बी. नागेंद्र और रायचूर ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक बी. दद्दाल के परिसरों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के करीब 20 स्थानों पर छापे मारे। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा कि ईडी के छापों की जरूरत नहीं है क्योंकि एसआईटी पहले ही छापेमारी कर चुकी है और कुछ पैसा बरामद कर चुकी है। शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने खुद जांच एसआईटी को सौंप दी है। निगम से संबंधित अवैध धन हस्तांतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब इसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि सरकारी निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया।

- **वाल्मीकि कॉरपोरेशन स्कैम मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई**

## पुराने कानूनों के तहत दाखिल हो सकते हैं नए मामले

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि नए मामले पुराने कानूनों के तहत दाखिल किए जा सकते हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा कि नए मामले/आवेदन उच्च न्यायालय में नए बने कानूनों के तहत भी या निरस्त किए पुराने कानूनों (भारतीय दंड संहिता, कानून प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेन्स एक्ट) के तहत भी दाखिल किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 एक जुलाई से लागू हो चुके हैं।

## अभियान-दर-अभियान, हादसों में गंवाते नाबालिग जान

### बढ़ता जा रहा मौतों का ग्राफ : बीते वर्ष बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते 5,758 लोगों की गई जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आमजन को लगातार पढ़ाया जाता यातायात नियमों का पाठ, जागरूकता कार्यक्रमों की होड़, आए दिन चलाए जाते अभियान और व्यय होती सड़क सुरक्षा की धनराशि के बाद भी आंकड़ों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है।

प्रदेश के बीते कैलेंडर वर्ष 2023 का जो आंकड़ा आया है वह चौंकाने वाला है। यूपी में हादसों के दौरान बीते वर्ष 23,652 लोगों की जान गई। इनमें दस से 15 साल की उम्र के लोग ज्यादा हैं। दस साल तक की उम्र के जहां 4,328 लोग तो 15 साल की उम्र वाले 3,648 लोग असमय हादसों में काल कवलित हुए। गौर करने की बात यह हैकि इनमें बिना हेलमेट लगाए 5,758 लोगों की मौत हुई। वाहनों से हुई दुर्घटनाओं पर नजर डाली जाए तो सबसे ज्यादा मौत टू-व्हीलर दौड़ानें वालों की हुई है। साल 2023 में हादसों के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा 23,652 था। इनमें सर्वाधिक 7,397 मौतें दोपहिया वाहनों से हुई हैं। करीब 6,292 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



- **बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों की संख्या भी कम नहीं**
- **सड़क हादसों के दौरान बिना हेलमेट लगाए हुई 5,758 मौतें**
- **बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया चलाने वालों की 3,476 मौतें**

- **ओवरस्पीडिंग से होने वाली मौत सबसे ज्यादा**
- **फर्राटा भरने वाले बीते साल गई लोगों की जान- 8,726**
- **नंबर दो पर रांग साइड गाड़ी चलाने वालों मृत्यु- 2,920**
- **ड्रंकन ड्राइविंग में हादसों के दौरान हुई मौत-1,822**

#### हादसे रोकने को सड़क सुरक्षा में जुटे विभाग

सड़क हादसों को रोकने के लिए साल 2015 में रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की गई थी। इनमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया। मंशा रही कि सभी विभाग जब एक साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे तो दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आएगी।

> बीते साल के आंकड़े चिंता को बढ़ाने वाले हैं। हादसों के सभी कारणों पर उच्चाधिकारी मंथन कर ठोस पहल कर रहे हैं। इसमें डीएल, वाहन की फिटनेस, ब्लैक स्पॉट्स, खराब सड़क समेत सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। नाबालिगों के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। जुर्माने की नई दरें तय की गई हैं। अभिभावकों और स्कूलों को भी जवाबदेह बनाया जा रहा है। पैरेंटस को भी सोचना होगा कि वह नाबालिग के हाथ वाहन न दें।
> **-पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त

## टेस्ट कप्तान बने रहेंगे मसूद, बाबर पर फैसला टला

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा।

पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। पीसीबी ने बुधवार को बैठक की जिसमें बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, गिलेस्पी, सफेद गेंद के कोच गैरी कर्स्टन सहायक कोच अजहर महमूद ने हिस्सा लिया और इस दौरान टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया बैठक लाल और सफेद गेंद के प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के लिए एक व्यापक खाका तैयार करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए हुई थी।

इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले मसूद को पूर्ण समर्थन मिला। बैठक में मसूद को अगस्त से जनवरी के बीच बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखलाओं के लिए टेस्ट कप्तान के रूप में बरकरार रखने के लिए समर्थन मिला। हालांकि बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी पर कोई फैसला नहीं किया गया, हालांकि कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उनके प्रदर्शन पर काफी चर्चा हुई।

### बाबर को मिल चुके कई मौके : अफरीदी



कराची। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिए। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को टी-20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया। वर्ल्ड लीजैंड्स चैंपियनशिप में भाग लेने बर्मिंघम गए अफरीदी ने वहां मीडिया से कहा बाबर को पाकिस्तान की कप्तानी के पूरे मौके दिए गए। उसे बतौर कप्तान अपनी उपयोगिता साबित करने का काफी समय मिला। बाबर चार विश्व कप और दो एशिया कप में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। अफरीदी ने यह भी कहा कि पीसीबी अगर नया कप्तान नियुक्त करता है तो दो नए विदेशी कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी के साथ उसे समय दिया जाना चाहिए।

## एमओसी ने उपकरण से जुड़े प्रस्तावों को दी स्वीकृति

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों के उपकरण खरीदने में सहायता से जुड़े कई प्रस्तावों को गुरुवार को स्वीकृति दी।

अपनी साप्ताहिक बैठक में एमओसी ने पैरालंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के अपने कोच और सहायक के साथ 16 से 20 जुलाई तक थाईलैंड में आईटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में हिस्सा लेने के लिए सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने पैरा निशानेबाजों मनीष नरवाल, रुद्रांक्ष खंडेलवाल, रूबीना फ्रांसिस और श्रीहर्ष आर देवरेड्डी के निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न उपकरणों के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। इनमें श्रीहर्ष के लिए एयर राइफल और रूबीना के लिए मोरिनी पिस्टल तथा पैरा एथलीट संदीप चौधरी के लिए दो भालों की खरीद के लिए सहायता शामिल है।

## ओलंपिक से पहले मुंबई में सिंधू के स्मैश की रफ्तार, किशोर के थ्रो का मना जश्न

मुंबई, एजेंसी



शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया। ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की आधिकारिक फुटवेयर खेल का सामान बनाने वाली कंपनी प्यूमा ने चैम्पियंस ऑफ द गेम का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को एक आउटडोर अभियान लांच किया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी।

ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका सी द गेम लाइक वी डू अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। प्यूमा ने कहा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर स्मैश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिये पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि बड़ी इमारत के बराबर होगी। जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा।

## खेल डायरी

### गांगुली ने खरीदी कोलकाता रॉयल टाइगर्स की टीम

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रेसिंग प्रोमोशंस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अखिलेश रेड्डी ने गांगुली का स्वागत किया। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में अमेरिका गैम्बिट्स में हिस्सेदारी हासिल की जो वैश्विक शतरंज लीग के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी।

### खिलाड़ियों को जू. फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरो जूनियर सीरिज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 16 से 25 अक्टूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा। तोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई वही खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान (पांच से नौ अगस्त) और चीन (11 से 17 अगस्त) में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी तोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा। यह टूर्नामेंट फ्रेंच टेनिस महासंघ और एशियाई टेनिस महासंघ के बीच हुए करार के तहत खेला जा रहा है। ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले एशियाई टेनिस खिलाड़ी और एटीपी के इतिहास में ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलने वाले (यूएस ओपन 2014) इकलौते एशियाई खिलाड़ी केइ निशिकोरि इसके ब्रांड दूत होंगे।

### मैच से बाहर रखे जाने पर स्टार्क ने जताई नाराजगी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में सुपर आठ चरण के मैच में बाहर रखे जाने पर नाराजगी जताई है। टी20 विश्व कप 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को अफगानिस्तान के हाथों 21 रन से अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा और टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलिया ने स्टार्क की जगह एश्टोन एगर को उतारा था लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले सके। स्टार्क ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा टीम प्रबंधन ने मैच अप पर भरोसा किया क्योंकि पिछले मैच पर उस मैदान पर स्पिनर चल रहे थे। इसलिए एश्टोन को मौका दिया गया। उसने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा लेकिन अफगानिस्तान ने स्पिन को बखूबी खेला और शायद हालात का आकलन हमसे बेहतर किया था। हमें दो मैच दिन रात के मिले और तीसरा मैच दिन का था। हम सर्वश्रेष्ठ तैयारी नहीं कर सके। हमारी फ्लाइट में विलंब हो गया और होटल हवाई अड्डे से डेढ घंटा दूर था। अगले दिन सुबह मैच खेलना था।

### श्रीलंका-भारत के बीच 26 को होगा पहला टी-20

कोलंबो। श्रीलंका और भारत के बीच 26 जुलाई को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टी-20 मैच खेलेगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इस महीने के आखिर भारत के साथ होने वाली टी-20 और एकदिवसीय शृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस दौरान श्रीलंका और भारत के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला खेली जाएगी। भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी-20 शृंखला के साथ होगी। इसके बाद एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत होगी। 26, 27 और 29 जुलाई को टी-20 मैच होंगे। वहीं एकदिवसीय शृंखला के मैच एक, चार और सात अगस्त को खेले जाएंगे। टी-20 शृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले तथा एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

## टेनिस में बेहतर कर सकती थी: साइना

### राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी-माई स्टोरी' पर बातचीत के दौरान नेहवाल ने साझा किए अनुभव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाए टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर भी साइना ने काफी प्रभावित किया है जिसमें वह दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ● एजेंसी

राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरी-माई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। उन्होंने कहा इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी। साइना ने कईयों को बैडमिंटन में आने के लिए प्रेरित किया है लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। साइना ने कहा जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था। लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते।



कार्यक्रम के दौरान साइना नेहवाल के साथ सेल्फी लेतीं प्रशंसक। ● एजेंसी

उन्होंने कहा मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते। साइना ने कहा मैं विशेषकर लड़कियों से आगे आने के लिए कहूंगी कि वे फिट होना शुरू करें और खेलों में आयें। अब हम बच्चों के लिए मौजूद हैं, उनके लिए प्रेरणा के लिए दुनिया की नंबर एक, ओलंपिक चैंपियन और इतनी सारी पदक विजेता हैं।

उन्होंने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने प्रतिभा की कमी की भरपाई की। साइना ने कहा मुझे कड़ी मेहनत करना पसंद है, मैं इतनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं थी। मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती थी। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोई चीज 100 बार करता था तो मुझे इसे 1000 दफा करना पड़ता था। मेरे कोचों को मेरा कभी हार नहीं मानने वाला जज्बा पसंद है।

## बिश्नोई के कैच को देखकर रह गया था दंग : आवेश

हरारे। रवि बिश्नोई हमेशा से मुस्तैद फील्डर रहे हैं लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में आवेश खान की गेंद पर ब्रायन बेनेट का जो अद्भुत कैच लपका , उससे उनके साथी खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गए। भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला में 2-1 की बढत बना ली। ड्रेसिंग रूम में चर्चा बिश्नोई के कैच की हो रही थी।



आवेश ने कहा उसने जब वह कैच पकड़ा तो मुझे नहीं लगता है कि उसे रिएक्शन टाइम मिला होगा। मैं भी समझ नहीं पाया कि पलक झपकते क्या हो गया। मैं हैरान था कि उसने वह कैच कैसे लपका। उन्होंने कहा वह अपनी फील्डिंग पर काफी मेहनत करता है। यह विकेट भले ही मेरे नाम है लेकिन इसका श्रेय बिश्नोई को जाना चाहिए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा मुझे खुशी है कि हमने शृंखला में बढ़त बना ली। बिशी का वह कैच शानदार था। क्रिकेट टीम का खेल है और फील्डिंग करते समय तो बिल्कुल टीम खेल रहता है। फील्डिंग करते समय लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण होता है। ऐसा करने पर आप खेल में पूरी तरह से रहते हैं । बिश्नोई ने कहा कैच लपककर अच्छा लग रहा है। हम पिछले दो तीन दिन से फील्डिंग पर बात कर रहे हैं। जब तक हम इस तरह के कैच नहीं लपकेंगे, हमें पता नहीं चलेगा कि कितने पास हैं या दूर। रिंकू सिंह ने कहा यह दर्शनीय कैच था। उसने पहली बार ऐसा कैच नहीं लिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल में कई ऐसे कैच ले चुके हैं।

## मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में

लंदन, एजेंसी

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में करियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।



जीत दर्ज करने के बाद लोरेंजो मुसेत्ती ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी

## वानिंदु हसरंगा ने छोड़ी श्रीलंका की कप्तानी

कोलंबा। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने टी-20 टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। हसरंगा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को लिखा एक खिलाड़ी के रूप में वह हमेशा श्रीलंका की टीम सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे तथा अपनी टीम और नेतृत्व का समर्थन करेंगे।



श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की ओर जारी एक बयान में हसरंगा के टीम में बने रहने की पुष्टि की गई। बयान के अनुसार हसरंगा ने अपने त्यागपत्र में कहा कि यह टीम के हित में है कि उन्होंने कप्तानी कर्तव्यों से मुक्त होकर एक खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंकाई स्पिनर हसरंगा को पिछले वर्ष ही टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने 10 मैचों में टीम का नेतृत्व किया।

## भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने को तैयार टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि हमारी टीम दुनिया को भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने के लिए तैयार है।

● मनप्रीत बोले- मैं भारत के लिए ओलंपिक में सब कुछ देने को हूं उत्साहित



मनप्रीत ने कहा मेरा चौथे ओलंपिक में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा मील का पत्थर है जो कि मुझे बहुत गौरवान्वित करता है। यह मेरे परिवार, कोच और साथियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रमाण है। धनराज पिल्लै जैसे दिग्गज के नक्शेकदम पर चलना, जो मेरे सहित अनगिनत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं, शब्दों से परे सम्मान है। उन्होंने कहा मैं पेरिस में भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्साहित हूं। मैं केवल टीम नहीं बल्कि लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों और सपनों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। हमने कड़ी तैयारी की है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने, अपने देश को सम्मान दिलाने और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं। आमिर खान की फिल्म लगान क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। वहीं, उनकी फिल्म दंगल में कुश्ती से जुड़ी कहानी दिखाई गई। अब वह फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं, यह भी एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। आमिर ने टेनिस की पृष्ठभूमि से जुड़ी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। आमिर खान ने कहा, यदि कोई अच्छी कहानी आती है, तो मैं टेनिस पर भी फिल्म बनाना पसंद करूंगा। हालांकि, मेरे लिए किसी फिल्म को उसकी कहानी और किरदार दिलचस्प बनाते हैं। जब मैं लगान कर रहा था, तब मेरी पहली प्राथमिकता क्रिकेट नहीं था, दंगल के दौरान मेरी प्राथमिकता कुश्ती नहीं थी। मैंने उन कहानियों को एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में देखा। हां, खेल उन कहानियों का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जो उन्हें बेहतर बनाता है। मैं खेलों का बहुत बड़ा समर्थक हूं। खेल हमें कड़ी मेहनत करना, जुनून, टीम भावना और हार को स्वीकार करना सिखाता है।

### फिल्म अल्फा के लिए आलिया भट्ट ने ली चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म अल्फा के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया भट्ट जल्द ही वाईआरएफ की स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया ने स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग 05 जुलाई से शुरू कर दी है। आलिया ने अल्फा में पहले से भी कहीं ज्यादा फिट और हॉट लगने के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है, जिससे वह इस फिल्म में सबसे अलग और पहले से भी कहीं ज्यादा फिट दिख सकें। शिव रवैल द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फिल्म अल्फा की शूटिंग लगातार चल रही है। स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में आलिया एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अल्फा में आलिया को पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश किया जाएगा। इस फिल्म में आलिया के पास पांच से छह धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस हैं।

## नीदरलैंड को हराकर इंग्लैंड ने फाइनल में किया प्रवेश

डॉर्टमंड, एजेंसी

यूरो कप 2024

स्थानापन्न ओली वाटकिंस के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड बुधवार को नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरोकप 2024 चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार प्रवेश किया है।

इससे पहले नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने इंग्लैंड की रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन वह इसे अधिक देर तक कायम नहीं रख सके। इंग्लैंड के हैरी केन ने 18वें मिनट में पेनल्टी के जरिए गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। ओली वाटकिंस ने अंतिम समय में निर्णायक गोलकर इंग्लैंड को विजय दिलाई। इस जीत के साथ ही रविवार को फाइनल में इंग्लैंड और स्पेन खिताब के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और 91वें मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया।



<< नीदरलैंड को 2-1 से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑली वाटकिंस। ● एजेंसी



कोपा कप 2024 जीत के बाद जश्न मनाते कोलंबिया के खिलाड़ी।

## उरूग्वे को हराकर कोलंबिया फाइनल में पहुंचा, अर्जेंटीना से होगा मुकाबला

चार्लोट। कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैंपियन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरूग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाए गए।

### मैच के बाद भिड़े दर्शक खिलाड़ियों से हाथापाई

चार्लोट। कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरूग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरूग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरूग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70,644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरूग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**
बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 05 |

# हादसे में चाचा की मौत, भतीजा गंभीर

## भांजी के शादी में शामिल होने छिबरामऊ गए थे दोनों, लौटते समय झींझक के पास कार ने मारी टक्कर

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** भांजी की शादी में शामिल होकर बुधवार देर रात बाइक से वापस लौट रहे चाचा-भतीजे को झींझक के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों को झींझक ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाते समय घायल चाचा की रास्ते में मौत हो गई।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के गहिलापुर निवासी रवींद्र सिंह (50) अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए भतीजे प्रदीप (28) के साथ कन्नौज जिले के छिबरामऊ गए थे। बुधवार देर रात चाचा-भतीजे बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। झींझक कस्बे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को जानकारी देने के बाद दोनों को झींझक सीएचसी भेजा।


मौत से गम में डूबा परिवार। अमृत विचार

- बुधवार रात बाइक से गांव लौट रहे थे चाचा और भतीजा

झींझक में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में रवींद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। वहीं प्रदीप को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद परिजन शव वापस गांव लाए तो कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी ममता देवी बदहवास हो गईं। पुत्र अंश, पुत्री प्रिया, रचना, दिव्या आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मंगलपुर थाने के एसआई अंकित ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## एक नजर

### जिले का आज भ्रमण करेंगे सेवानिवृत्त आईएएस

**कानपुर देहात।** सेवानिवृत्त आईएएस हीरालाल टीम के साथ शुक्रवार को जनपद भ्रमण करेंगे। वह पदाधिकारियों के साथ पौधरोपण, आशा, आंगनबाड़ी और वालंटियर के साथ बैठक भी करेंगे।

### फंदा लगाने की धमकी देकर पेड़ पर चढ़ा युवक

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के बैरगरा निवासी जीतू बुधवार शाम डेरापुर क्षेत्र के कपासी खुर्द में पेड़ में चढ़ गया और फंदा लगाने की बात कहने लगा। सूचना पर डेरापुर सीओ शिव ठाकुर दमकल के साथ पहुंचे। मुश्किल से उसे पेड़ से उतारा गया।

# हादसे में बाइक सवार की गई जान, साथी भी घायल

संवाददाता, सिकंदरा

- अकबरपुर से लौटते समय मानपुर ओवरब्रिज पर हादसा

**अमृत विचार।** मानपुर ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सीएचसी में एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


उवैश।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के साखिन बुजुर्ग निवासी उवैश (22) व महमूदपुर गांव निवासी रोहित यादव (24) गुरुवार सुबह बाइक पर सवार होकर किसी बात से अकबरपुर गए थे। वहां से वापस लौटते समय सिकंदरा क्षेत्र के कानपुर-इटावा नेशनल हाईवे पर मानपुर ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से रगड़ती हुई मरकरी पोल से जा टकराई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. पूनम ने उवैश को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद रोहित की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल अकबरपुर के लिए रेफर कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# किशोरी से दुराचार के दोषी को 10 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पॉक्सो कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड
- चौबेपुर क्षेत्र के पचौर गांव का रहने वाला है दोषी युवक

**अमृत विचार।** बरौर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को चौबेपुर क्षेत्र का रहने वाले युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में पॉक्सो अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि बरौर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री सितंबर 2013 को स्कूल पढ़ने जाने की बात कहकर निकली थी। उसे रास्ते में कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के पचौर गांव निवासी रिंकू बाल्मीकि बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसकी पुत्री घर से 25 हजार रुपये और जेवर भी ले गई है। काफी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए किशोरी की तलाश कर उसकी चिकित्सीय रिपोर्ट और उसके बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर ले जाने, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13/ पॉक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई। वहीं 50 हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# एनडीपीएस में जेल में बिताई अवधि की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एडीजे पंचम की अदालत ने दस हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

**अमृत विचार।** शिवली क्षेत्र में नव साल पहले में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की थी। मामले में अपर जिला जज पंचम की अदालत आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि की सजा देने के साथ दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि शिवली थाना पुलिस ने 24 सितंबर 2015 को क्षेत्र में गश्त के दौरान चम्पतपुर गांव के रहने वाले रामचंद्र को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। थाने के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत थाने में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया था।

पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। जिसकी सुनवाई अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जेल में बिताई अवधि तक की सजा सुनाई। वहीं दस हजार रुपये का अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

# 10वीं-12वीं की 20 को कंपार्टमेंट परीक्षा

**कानपुर देहात।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट वर्ष 2024 की कंपार्टमेंट परीक्षा 20 जुलाई को होगी। अकबरपुर इंटर कालेज में यह परीक्षा दो पाली में कराई जाएगी।

उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आने के बाद कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन मांगे गए थे। अब परीक्षा की तिथि और केंद्र तय किए गए हैं। हाईस्कूल की कंपार्टमेंट परीक्षा 20 जुलाई की सुबह 8 बजे से 11:15 बजे तक होगी। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। प्रश्न पत्र केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में खोले जाएंगे। एडीआईओएस कुलदीप वर्मा ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए गए हैं।

# ऑटो पलटने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मावर गांव के समीप एक फैक्ट्री कर्मी का शव संदिग्ध हालात में सड़क किनारे पड़ा मिला। लोगों ने ऑटो पलटने से युवक की दबकर मौत की जानकारी पुलिस को दी। हालाकि चालक ऑटो समेत फरार हो गया।


बिरजेंद्र।

बरौर थाना क्षेत्र के बरौर निवासी रामलखन ने बताया कि उनका पुत्र बिरजेंद्र (40) अमूल फैक्ट्री में काम करता है। वह रोज आता-जाता है। गुरुवार की सुबह वह घर से निकला था और देवीपुर में साइकिल खड़ी कर ऑटो से माती गया था। ऑटो मावर नदी के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे बिरजेंद्र घायल हो गया। ऑटो चालक उसे छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिरजेंद्र के पास मिले मोबाइल नंबर से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि चालक ऑटो लेकर भाग निकला। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

- पुलिस ने मौके पर की छानबीन फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

## सार-संक्षेप

### बारात में नाचते समय बैंडकर्मी की थम गई सांस

**रूरा।** थाना क्षेत्र के तिंगाई गांव के गेस्ट हाउस में आई बारात में अगवानी के समय नाचते वक्त बैंड कर्मी अचानक गिर गया। साथी उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के रजपुरवा गांव निवासी सरवन कुमार (32) बारातों में बैंड बजाने का काम करता था। बीते मंगलवार का जनपद कन्नौज से रूरा थाना क्षेत्र के तिंगाई गांव स्थित एक गेस्ट में बारात आई थी, जहां सरवन बैंड बजाने गया था। रात में अगवानी के दौरान बारातियों के साथ वह भी नाचने लगा। तभी नाचते-नाचते अचानक वह गश खाकर गिर गया और बेहोश हो गया। साथी उसे सीएचसी रूरा ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी पूनम, बेटी दिव्यांशी, बेटा समीर समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


रूरा में आरओबी निर्माण के लिए गुरुवार को दुकानों पर जेसीबी चली। अमृत विचार

### रूरा में आरओबी निर्माण के लिए दुकानें गिराई गईं

**रूरा।** कस्बे में करीब चार वर्षों से चल रहे ओवरब्रिज निर्माण कार्य ने अब तेजी पकड़नी शुरू कर दी है। निर्माण कार्य में बाधा बन रही दुकानों को गिराने के साथ रेलवे के ब्रिज में गार्डर रखने का काम शुरू हो गया है। सिकंदरा कस्बा में लोगों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे ओवरब्रिज का निर्माण करीब चार वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। लेकिन अभी तक वह पूरा नहीं हो सका है। वहीं ब्रिज निर्माण के कारण नौ महीने पहले से ही रेलवे क्रासिंग बंद कर दी गई थी। जिसके चलते छोटे वाहनों को अंडरपास से गुजरना पड़ता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं भारी वाहनों को क्रासिंग पार करने के लिए पंद्रह किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा है। धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर लोगों में रोष देखने को मिल रहा था। गुरुवार को रेलवे ने निर्माण कार्य में बाधा बन रही दुकानों के दुकानदारों से आपसी समझौता करने के बाद गिराने का कार्य शुरू कर दिया है। जिससे अब काम तेजी के साथ शुरू होगा।

### मोहर्रम शुरू, ताजिया बनाने में जुट गए कारीगर


मोहर्रम के लिए ताजिया बनाते कारीगर।

**राजपुर।** रविवार को चांद नजर आने के बाद माहे मोहर्रम का महीना शुरू हो गया है। मस्जिदों से उलमाओं ने चांद की पुष्टि कर ऐलान किया। जिसके बाद मोहर्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मोहर्रम की दसवीं तारीख (यौमे आशूरा) 17 जुलाई को पड़ेगी। इस्लामी कैलेंडर यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना मोहर्रम है। पांचवीं, नौवीं और 10वीं मोहर्रम को ताजिया जुलूस निकलेगा। गुरुवार को मोहर्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। सिकंदरा, राजपुर, सटटी अफसरिया, जहांगीरपुर, रमऊ सहित तमाम जगहों पर मोहर्रम की तैयारी चल रही हैं। सिकंदरा व राजपुर के ताजिये बेमिसाल माने जाते हैं। राजपुर स्थित इमामबाड़े में छह कारीगरों की टोली दिन-रात ताजिया बनाने में जुटी है। यह कारीगर ताजियों को बनाने में अपना हुनर दिखाने में लगे हैं। क्षेत्र में मोहर्रम की नौ व ग्यारह तारीख को ताजिये निकाले जाते हैं। जिसके चलते इमाम चौक के आसपास साफ-सफाई कर रंगरोगन किया जा रहा है। कस्बा से लेकर गांव तक कर्बला सजाए जा रहे हैं। वहीं ताजियेदारों के लिए टोपियां बनाई जा रही हैं। ढोल और ताशों को धूप दिखाई जा रही है। ताकि उनकी आवाज बुलंद हो जाए। राजपुर के ताजियेदार गुडडू खां, जावेद पठान, अनीस, पप्पू, दिलशाद, रफीक ने बताया कि मोहर्रम में ताजिए निकाले जाएंगे।


किसान की मौत पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि विनोद निषाद। अमृत विचार

# किसान की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, मूसानगर

- परिजनों ने बिजली गिरने से मौत की दी तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार

**अमृत विचार।** रसूलपुर भिटरिया से खेत पर गए बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस व लेखपाल ने पीएम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की बात कही है।


शिवराम।

नगर पंचायत के रसूलाबाद भिटरिया निवासी राम संखवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता शिवराम (75) बुधवार दोपहर खेतों में गए थे। वापस लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की पर परिजन शव घर ले आए और गुरुवार को घटना की सूचना पुलिस व लेखपाल को दी।

थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने बताया कि मृतक के पुत्र की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं लेखपाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मौखिक तौर पर जांच करने पर आकाशीय बिजली से मौत होने जैसा कोई साक्ष्य नजर नहीं आया है। इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने तक कुछ कह पाना मुश्किल है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

# 40 करोड़ की भूमि ग्रामसभा में दर्ज

**कानपुर देहात।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सीधामऊ ग्राम सभा की भूमि पर 56 व्यक्तियों का सन 1978 विधि विरुद्ध ढंग से आवंटन किया गया था। भूमि आंवटन पत्रावली न होने के बावजूद भी राजस्व अभिलेखों में गलत ढंग से प्रविष्टि अंकित करा ली गई थी। इसे बाद में संक्रमणीय भूमि घोषित करा लिया गया और विक्रय कर अनैतिक लाभ कमाया गया। जिसके क्रम में एसडीएम न्यायालय में वाद शुरू किया गया। न्यायालय ने जांच के बाद राजस्व अभिलेखों में फर्जी रूप से अंकित प्रविष्टियों को निरस्त करते हुए सीधामऊ की 28.905 हेक्टेयर भूमि को ग्राम समाज में निहित किया गया है। जिसकी बाजारू कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये है। भूमि का सीमाकंन एवं खाली कराने के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया। भूमि को लैंड बैंक में सम्मिलित किया गया है। इसका उपयोग शासन की योजनाओं में किया जाएगा।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदनों का टोटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर मंडल के देहात जिले से हुआ केवल एक आवेदन, शासन ने बढ़ाई तारीख

**अमृत विचार।** राज्य अध्यापक पुरस्कार से अब धीरे-धीरे शिक्षकों का मोहभंग हो रहा है। वर्ष 2023 के राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए जनपद से केवल एक आवेदन किया गया है। जबकि मंडल के अन्य जिलों का अभी तक खाता तक नहीं खुला है। वहीं आवेदन करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि दस जुलाई को बढ़ाकर अब 15 जुलाई कर दिया गया है।

आवेदन को लेकर शिक्षकों की सुस्ती पर असंतोष जताते हुए बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को 9 जुलाई को पत्र लिखकर 15 जुलाई तक प्रत्येक जिले से कम से कम तीन-तीन आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। पुरस्कार को लेकर शिक्षकों की उदासीनता का बड़ा कारण तय मानक भी है। 15 वर्ष से कम की सेवा पर पुरस्कार नहीं मिल सकेगा। बदले नियमों में प्रक्रिया काफी कड़ी कर दी गई है। अब जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम हुई तो वहां के अध्यापक आवेदन करने से वंचित रहेंगे। पुरस्कार की दौड़ में वहीं शिक्षक शामिल होंगे, जहां के प्राथमिक विद्यालय में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 105 से कम और कंपोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राओं से कम नामांकन न हों। फिलहाल राज्य पुरस्कार को लेकर कानपुर मंडल के कानपुर देहात से मात्र एक आवेदन हुआ है। जबकि कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद व इटावा से एक भी आवेदन नहीं हुआ है।

**टला खतरा** — बुधवार रात से गुरुवार दोपहर तक 0 .53 मीटर पानी घटकर 97 .60 मीटर पर पहुंचा

# यमुना नदी का जलस्तर घटने से लोगों को मिली राहत

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश के चलते यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद फिर से घटने लगा है। जिससे यमुना किनारे बसे गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के चलते यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने लगा था। जिससे तटवर्तीय गांव के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें आ गई थी।

बाढ़ की आशंका से प्रशासन ने यमुना नदी के पानी पर निगरानी रखना शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम में यमुना नदी के उफनाने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के करीब 28 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इन गांवों के किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न होकर चौपट हो जाती है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यमुना नदी की बाढ़ से सेंगुर नदी भी उफनाकर रौद्र रूप धारण कर लेती है।


मूसानगर क्षेत्र में यमुना नदी का घटा जलस्तर। अमृत विचार

यमुना किनारे गांव के लोगों का कहना है कि लगभग हर वर्ष बरसात में यमुना नदी में बाढ़ आने से प्रभावित गांव के लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बुधवार की देर रात तक यमुना नदी का जलस्तर दोपहर एक बजे तक करीब 98.13 मीटर तक पहुंच गया था। जिसके बाद पानी धीरे-धीरे घटने लगा। केंद्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के शिफ्ट प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर एक बजे तक यमुना का जलस्तर 0.53 मीटर घटकर 97.60 मीटर पर आ गया है। फिलहाल बाढ़ आने जैसी कोई बात नहीं है।


यमुना किनारे बाढ़ चौकी का निरीक्षण करते एसडीएम एसएन शुक्ला। अमृत विचार

### एसडीएम ने बाढ़ चौकियों का लिया जायजा

**राजपुर।** यमुना नदी किनारे बसे बाढ़ से प्रभावित होने वाले भुपैय्यापुर व गौहानी बांगर गांव का एसडीएम ने निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व टीम को बाढ़ चौकियां स्थापित कर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। राजपुर क्षेत्र में यमुना नदी किनारे बसे गौहानी बांगर, भुपैय्यापुर समेत कई गांवों में बाढ़.आने पर किसानों की फसलें और जनजीवन प्रभावित होता है। कई प्रांतों में मूसलाधार बारिश होने से यमुना नदी में बाढ़ आने की संभवना जताई जा रही है। सिकंदरा एसडीएम एसएन शुक्ला ने गुरुवार को यमुना नदी की तलहटी में बसे बाढ़ से प्रभावित होने वाले भुपैय्यापुर व गौहानी बछाटी गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व निरीक्षक सगीर खान को बाढ़ चौकियां सक्रिय करने के निर्देश दिए। कहा कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र के ग्रामीणों को पहले से ही सचेत कर दिया जाए और बाढ़ आने की दशा में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।


## कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात

पत्रांक– 58 / एन.पी.एम/2024–25 दिनांक : 11/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत मूसानगर में पीद्गएमद्ग स्वनिधि योजना के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूपरेखा (Socio Economic Profiling of PM Svanidhi Beneficaries) की प्रोफाइलिंग हेतु कार्य में दक्ष संस्था / फर्मो से ऑफ लाइन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 19/07/2024 को इस कार्यालय में समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जातीं हैं, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिकारी द्वारा नगर पंचायत मूसानगर में खोली जायेंगी एवं निविदा प्रपत्र सूचना प्रकाशन के दिनांक 11/07/2024 से नगर पंचायत मूसानगर में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्यदिवस पर पूर्ण की जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य सामग्री का विवरण | धनराशि जी0 एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं का सर्वे कार्य–IEC Activities like installation of hordings banners ect. Mobilization of vendors. imparting of training to data collectors Payment of data Collectors Local of Transport. Any other expenditure Related to the programme etc. | 300000.00 | 30000/– | 354.00 | 06 माह |

निविदा हेतु शर्ते–
1– सशर्त/कटिंग / ओवरराइटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरिस्त समझी जायेगी। 2– रु0 10 के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाताओं का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है। 3– उपरोक्त कार्य कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। 4– निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य हेतु प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मूसानगर में बन्धक करनी अनिवार्य होगी। 5– अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर कर करना अनिवार्य होगा। 6– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समक्ष अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के पास सुरक्षित होगा। 7– भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा। 8– भुगतान हेतु प्रेषित बिल से नियमानुसार करों की कटौतियों के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। 9– शासन/निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात**

# वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत

## पानी की टंकी में मजदूरी कर रहे थे, मृतकों में एक फर्रुखाबाद और दूसरा हरदोई जनपद का निवासी

संवाददाता, फतेहपुर


घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ऐरायां मोड़ स्थित आब्दी फीलिंग स्टेशन के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल में जोरदार की टक्कर मार दी। बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक लालमन (29) पुत्र गंगाराम निवासी बदनपुर थाना रज्जेपुर जिला फर्रुखाबाद व सतेंद्र पुत्र रामौतार निवासी रामपुर मझियारा थाना बिलग्राम जिला हरदोई सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव में पानी की टंकी में मजदूरी का काम कर रहे थे। बुधवार की देर शाम अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में थाना क्षेत्र के चौकी चौराहा गए थे। काम को खत्म करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से वापस हसनपुर कसार लौट रहे थे। लगभग शाम आठ बजे जैसे ही थाना क्षेत्र के ऐरायां मोड़ स्थित आब्दी फीलिंग स्टेशन पहुंचे तभी एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार की टक्कर मार दी। जिसके चलते मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों मृतक गैर जनपद के रहने वाले थे। ये लोग थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव में पानी की टंकी में बतौर मजदूरी का काम करते थे। इनके परिजनों को अवगत करा दिया गया। शवों को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### एम्बुलेंस की टक्कर से बाइक सवार घायल

बिन्दकी। ललौली थाना क्षेत्र के खुर्मा नगर मोड़ के पास क़ानपुर से आ रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक पर जोरदार की टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही मौके पर भारी भीड़ लग गयी। राहगीरों की मदद से घायल युवक को एम्बुलेंस 108 द्वारा बिन्दकी समुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सक ने युवक की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने कानपुर रेफर कर दिया। ललौली थाना क्षेत्र के रुरवा गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव उम्र 45 वर्ष पुत्र शेर सिंह अपनी बाइक से पड़रा गांव स्कूल जा रहे था। तभी ललौली थाना क्षेत्र खुर्मा नगर गांव मोड़ के समीप कानपुर की ओर से रही तेज रफ्तार प्राइवेट एम्बुलेंस ने जोरदार की टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

संवाददाता, डेरापुर/मंगलपुर


दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महोई गांव के पास लोडर की टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ऑटो सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल भेजा गया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के गुर्दही निवासी पप्पू अपनी पत्नी रूबी के साथ डेरापुर थाना क्षेत्र के कपासी कला गांव में अपनी बहन आरती की ससुराल आए हुए थे। गुरुवार की शाम वह पत्नी के साथ वापस ऑटो में बैठकर घर जा रहे थे। इसी दौरान महोई गांव के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात लोडर ने ऑटो में जोरदर टक्कर मार दी। जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमे सवार पप्पू व उनकी पत्नी रूबी गंभीर रूप से घायल हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी डेरापुर भेजा। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद पप्पू (31) को मृत घोषित कर दिया। वहीं रूबी का उपचार शुरू किया गया। मामले में डेरापुर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अज्ञात लोडर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हादसे में क्षतिग्रस्त ऑटो।

# प्रताड़ना से क्षुब्ध किशोरी ने की थी आत्महत्या

संवाददाता, फ़तेहपुर

- आरोपी को बचाने का पुलिस पर आरोप, खखरेरु थाना क्षेत्र के सूदनपुर गांव की घटना

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र के सूदनपुर गांव में एक युवती ने गैरसमुदाय के आरोपी कथित प्रेमी की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मृतका के स्वजनों की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कथित प्रेमी के खिलाफ दुराचार समेत घर मे घुसकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया था लेकिन लम्बे समयांतराल भी पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की। पुलिसिया कार्य शिथिलता से परेशान मृतका के स्वजनों ने स्थानीय पुलिस पर आरोपित तथाकथित प्रेमी की जानबूझ कर गिरफ्तारी न किये जाने व उसका बचाव करने के गम्भीर आरोप लगाए हैं।

बता दें कि खखरेरू थाना क्षेत्र के तारापर मजरे सूदनपुर गांव निवासी जितेंद्र पासवान की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री खुशबू का उसके गांव के ही अंतर सामुदायिक कथित प्रेमी फ़हद के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों कई बार घर से भाग भी चुके थे। बीते कुछ दिनो प्रेमिका खुशबू उर्फ खुशी ने सन्दिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मृतका के स्वजनों ने उसके कथित प्रेमी पर पुत्री को घर से भगाने, उसके साथ दुराचार समेत घर में घुसकर मारपीट करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के गम्भीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने मृतका के स्वजनों की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर आरोपी कथित प्रेमी के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की थी। पुलिस आरोपी कथित प्रेमी को गिरफ्तार नहीं कर सकी।


पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं क्षेत्रीय विधायक। अमृत विचार

### पीड़ित परिवार के घर पहुंचीं विधायक

**खागा फतेहपुर।** खखरेरु थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित छात्रा ने बीते दिनों आत्महत्या कर ली थी। पीड़ित परिवार की तरफ से स्थानीय थाना में लिखित शिकायती पत्र देते हुए पड़ोस गांव के रहने वाले एक युवक के ऊपर साथियों संग बेटी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप लगाए। मृतका के स्वजनों की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई। गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिलने क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान पहुंचीं और उन्हें सांत्वना देने के साथ इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया। इस बीच थाना प्रभारी को जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने को कहा गया। विधायक संग नगर अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी, विजयीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिपाठी, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार राव, समेत भाजपा के तमाम क्षेत्रीय कार्यकर्ता साथ रहें।

# वरिष्ठजनों के लिए लगेगा दोबारा परीक्षण शिविर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- वयोश्री योजना : विकास खंडवार तिथियां निर्धारित

**अमृत विचार।** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत जनपद में वरिष्ठजनों के नित्य जीवन सहायक उपकरण के लिए दोबारा परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत विकासखंड वार तिथियों को निर्धारित किया गया है।

गुरुवार को उप प्रबंधक भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्मिको ने बताया कि 15 जुलाई को विकासखंड परिसर मैथा, 16 जुलाई को ब्लाक परिसर झींझक, 18 जुलाई को ब्लाक परिसर रसूलाबाद, 19 जुलाई को ब्लाक परिसर संदलपुर, 22 जुलाई को ब्लाक परिसर मलासा, 23 जुलाई को ब्लाक परिसर राजपुर, 24 जुलाई को ब्लाक परिसर अमरौधा व 25 जुलाई को ब्लाक परिसर डेरापुर में सुबह 10:30 बजे से 03:30 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें वरिष्ठजनों को लाभांवित किए जाने के लिए चयनित किया जाएगा।

बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को भारत का वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष या उससे अधिक आयु) होना आवश्यक है। वरिष्ठजनों को परीक्षण शिविर आयोजन स्थल पर आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने का प्रमाण पत्र (बैंक पासबुक), दिव्यांग पेंशन पेपर व मासिक आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह से कम होने आदि दस्तावेज लाने आवश्यक हैं।

## सार-संक्षेप

### 12.71 लाख ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** साइबर अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस को सफलता मिली है। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने निवेश का झांसा देकर कुल 12 .71 लाख रुपये ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के मार्गदर्शन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे एक महिला की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना अकबरपुर में 12 लाख 71 हजार 800 रुपये ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के जनपद ग्वालियर के थाना आरोन के पाटई निवासी अभियुक्त गिर्राज को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके द्वारा ठगी गई कुल धनराशि में से 50 हजार रुपये एकाउंट में फ्रीज कराए गए हैं।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**रनियां।** शिवाजी नगर में युवक ने घर के कमरे की छत के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन जब खरीदारी कर घर लौटे तो युवक मृत मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। रनियां के शिवाजी नगर वार्ड निवासी श्याम जी साहू (24) प्राइवेट नौकरी करता था। पिता राम पाल ने बताया कि उनके तीसरे बेटे की 14 जुलाई को बारात जानी थी। गुरुवार को मड़प लगना था और घर में खुशियों का माहौल था। शादी की तैयारी को लेकर सभी लोग बाजार गए थे और श्याम जी घर पर अकेला था। दोपहर को उसने कमरे की छत के कुंडे से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। घर पर लौटने के बाद कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो उसका शव लटक रहा था। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलित किए। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन

**कानपुर देहात।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों ने बैठक की। इसके बाद डीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एलबी सिंह के नेतृत्व में जिला और क्षेत्रीय कार्य समिति पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें ऑनलाइन हाजिरी के साथ ही शिक्षकों के अन्य समस्याओं पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि जब तक ऑनलाइन डिजिटलाइजेशन का निर्णय सरकार वापस नहीं लेती। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध ढंग से आंदोलन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालय की पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन व डिजिटल (डिजिटल फेस छायांकन) उपस्थिति कराए जाने संबंधी निर्देश को निरस्त किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों को सेल्फी के साथ ऑनलाइन हाजिरी लगाने और स्कूलों के रजिस्टरों को डिजिटल करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जोकि अव्यवहारिक हैं। इस मौके पर भानु प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह सैनी, महेंद्र पाल जिलाध्यक्ष शिक्षामित्र संघ, धीरेंद्र कुशवाहा, सुनील सचान जिला महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, अशोक कुमार जिलामंत्री, देवेंद्र सिंह सचान जिला कोषाध्यक्ष, रामनिवास तिवारी, मुकेश बाजपेई, सुशील द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, मनोज तिवारी, जयश्री अवस्थी, छवि द्विवेदी, अमित द्विवेदी, विनय शुक्ला, कामिनी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**पुखरायां।** बाइक की टक्कर से दो युवक घायल हो गया। जनपद मैनपुरी के थाना वसंतपुर गांव का मुकेश कुमार (35) और थाना पुर्रा के दुरिकापुर गांव के लालू भोगनीपुर क्षेत्र के बिरमा गांव में बन रही पानी टंकी में मजदूरी करते हैं। वह बाइक से पुखरायां में खरीदारी के लिए आए थे। वापस जाते समय सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मुकेश व लालू घायल हो गए। सीएचसी में डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**अमौली-फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव के बाहर बुधवार की रात तकरीबन 11 बजे राकेश निषाद पुत्र रामगोपाल निषाद का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। गांव आने जाने वाले राहगीरों ने सड़क के किनारे पड़े युवक को देख चकित हो गये। गांव के राहगीरों ने पहचान कर जानकारी परिजनों को दी। मौके में पहुंचे स्वजनों सहित परिवार के लोगों सहित ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गयी। रात में मौके में पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दु:खद घटना को लेकर मृतक के स्वजनों व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। वहीं थाना प्रभारी बच्चेलाल प्रसाद ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पूर्व विधायक की पत्नी की चेन लूटकर भागे बाइक सवार

**फतेहपुर।** बीजेपी के पूर्व विधायक करन सिंह पटेल की पत्नी शांति सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार बदमाश चेन लूटकर भाग निकले। सीओ व कोतवाली पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बाइक सवार बदमाश कैद हुए है। पुलिस फुटेज के जरिए संदिग्धों की तलाश में जुटी है। पूर्व विधायक शहर के आवास विकास में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी शांति सिंह सुबह टहलने को निकली। घर से करीब 50 मीटर दूर पहुंची। बाइक सवार पीछे से पहुंचे। चेन छीनने को गले में झपट्टा मारा। शांति ने हाथ लगाकर चेन पकड़ ली। चेन का एक टुकड़ा शांति के हाथ में रह गया। बाकी लॉकेट समेत चेन लुटेरे लेकर भाग निकले। लुटेरे पूर्व विधायक के आवास के सामने से ही भागे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की हैं। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही हैं।


पीडिता शांति।

### महिला समेत चार घायल

**पुखरायां।** मुगल रोड पर अनियंत्रित होकर बैटरी रिक्शा पलटने से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। देवराहट थाना क्षेत्र सलारपुर गांव के रूप सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी काजल (28), कौशल्या (50), बलवीर (48) व राजपुर के लाखन (45) बैटरी रिक्शा में बैठकर गांव से भोगनीपुर आ रहे थे। तभी मूसानगर मुगल रोड नोनापुर मोड़ के पास अचानक बैट्री रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे महिला सहित चार लोग घायल हो गए।

### जहरीला कीड़ा काटने से किशोरी गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला कीड़ा काटने से किशोरी की हालत बिगड़ गई। बढ़ोली गांव के संतोष कुमार ने बताया कि उनकी बेटी सृष्टि (15) घर में साफ-सफाई कर रही थी। तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहर खाने से युवक गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ गई। कुसरजापुर गांव की राम दुलारी ने बताया कि उनके पुत्र रामकिशोर (35) ने घर में किसी विवाद के चलते नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। डॉ. गोविंद प्रसाद ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# घर से लाखों के जेवर-नकदी ले गए चोर

संवाददाता, थरियांव


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**अमृत विचार।** घर में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों का सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। हालांकि एक ही घर में चोरी करने में चोर कामयाब रहे।

थरियांव थाना क्षेत्र के सराय सईद खां बिलंदा गांव निवासी हीरालाल पुत्र शिवनाथ के घर के पीछे से दीवाल में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ित की पत्नी ननकी देवी पत्नी हीरालाल ने बताया कि बुधवार की रात को मैं और मेरी पुत्री मनोरमा, पुत्र दीपक, दिलीप घर के बाहर लेटे थे। करीब 12 से 2 बजे के की घटना है। सुबह जब पीड़ित की पुत्री मनोरमा जैसे ही दरवाजा खोला तो दंग रह गई। क्योंकि चोरों ने दरवाजा की अंदर से कुंडी बंद कर रखी थी। तभी घर के पीछे जाकर देखा तो बहुत बडा छेंद कटा हुआ था। ये देख मनोरमा ने घर के परिजनों को सारी बात बताई और परिजनों ने घर के अंदर जा कर देखा तो अन्दर से दो बक्से चोर निकाल ले गए थे। वहीं जब पीछे खेतो में जा कर देखा तो कुछ ही दूर पर खेतों में दोनों बक्से पड़े मिले। बक्से में गांव के ग्रामीणों को सारा सामान बिखरा हुआ मिला। जिसमें की पीड़ित की पत्नी ननकी देवी ने बताया की की नगद 3000 रुपए बक्से में रखे थे। एक हाफपेटी (चांदी), पायल (चांदी), कानों की झुमकी (चांदी), एक गले का हार (सोने की), करीबन एक लाख का माल चोरों ने पार कर दिया है। पीड़ित हीरालाल चोरी की रात घर पर नहीं था। वह बाहर रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। वहीं परिजनों ने सूचना डायल 112 को दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 ने घटना की जानकारी ले कर हसवा चौकी पुलिस को दिया।

# सभासद पद पर भाजपा प्रत्याशी की जीत

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- उपचुनाव : नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया स्वागत


विजेता नीतू देवी

**अमृत विचार।** नगर के सभासद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीतू देवी पुत्री सोहन पासवान रिकॉर्ड मतों से विजई घोषित की गईं। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने माला पहना कर विजयी प्रत्याशी का स्वागत किया है। कुल 753 वोटों में 443 वोट हासिल कर वॉर्ड नम्बर दो ज्योति फूले नगर मोहल्ला मजीजगंज में हुए उप चुनाव पर पूर्व में सभासद रही लालमनि देवी की पुत्री नीतू देवी ने जीत दर्ज कराई है। सभासद पद पर हुए चुनाव में कुल 249 वोटों से जीत हुई। नगर पंचायत धाता में सभासद पद पर हुए चुनाव में वॉर्ड नं दो मजीजगंज से लालमनि देवी पत्नी सोहन लाल पासवान ने सभासद उम्मीदवार पर अपनी जीत दर्ज कराई थी। लगभग एक वर्ष बीतने के बाद उनका आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उपचुनाव होना तय था। जिस पर आज उपचुनाव की प्रकिर्या पूर्ण हुई वहीं तमाम कयासों पर विराम लग गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉक्टर बाबूलाल, राजू पासवान सभासद, गुलाब सिंह, मोहम्मद कलीम, दीपू त्रिपाठी, विजय नामदेव, प्रेम सिंह, लवली सोनकर, मनीष पासवान आदि रहे।

### मशीन में फंसा मजदूर, मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रेरुवा मैकू (50) मजदूरी करता था। वह अपने भाई रामसेवक व गांव के राजकुमार समेत अन्य के साथ उधन्नापुर स्लैब डालने के काम पर बुधवार दोपहर आ रहा था। भाई ने बताया कि वह और कुछ लोग ट्रैक्टर पर बैठे थे। पीछे ट्रैक्टर में लगी मिक्सर मशीन पर भाई मैकू व राजकुमार खड़े थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के पास मिक्सर मशीन का एक पहिया अचानक निकल गया। राजकुमार ने खुद को संभाल लिया। भाई मैकू अनियंत्रित होकर मशीन के नीचे फंस गया। चालक के ट्रैक्टर रोकने तक पांच मीटर तक घिसटने से मैकू की हालत नाजुक हो गई। उसे जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

### मां-बेटी ने खाया जहरीला पदार्थ, बेटी की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में मां-बेटी ने जहर खा लिया। इसमें बेटी की मौत हो गई है, जबकि मां को कानपुर रेफर किया गया है। ललौली थाना क्षेत्र के बनरसी गांव में घरेलू कलह के चलते बुधवार रात साढ़े नौ बजे महिला निशा देवी (35) पत्नी अनंत कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। साथ ही, अपनी बेटी रीता देवी (11) को भी जहरीला पदार्थ खिला दिया। सदर अस्पताल इलाज के लिए जाते समय रास्ते में ही बेटी की मौत हो गई। वहीं, मां की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने हैलट कानपुर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला का पति अनंत कुमार गुजरात में एक सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता है। किसी बात को लेकर पति पत्नी में मोबाइल पर विवाद हुआ है।

### बहनोई के हत्यारोपी ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना के रणमस्तपुर गांव में रह रहे बांदा के अमान का डेरा थाना पैलानी निवासी 33 वर्षीय गोविंद निषाद को सुबह लोगों ने फंदे पर शव लटका देख पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि गोविंद बहनोई की हत्या में आरोपी था। जेल से वह जमानत पर आया था।

समीक्षा | मुख्य विकास अधिकारी ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की ली बैठक

# वजीफा मिलने के एक हफ्ते के अंदर छात्र जमा करें फीस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की बैठक अधिकारियों व समिति के सदस्यों के साथ मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय व अनुदानित विद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पात्र छात्रों को राज्य सरकार द्वारा निर्गत फ्रीशिप कार्ड के आधार पर निःशुल्क प्रवेश लिए जाएं तथा जैसे ही छात्र के खाते में छात्रवृत्ति की धनराशि का प्रेषण होता है तो छात्र एक सप्ताह के अंदर संस्था को फीस जमा करेगा। अपात्र पाये जाने पर छात्र-छात्रा द्वारा स्वयं फीस का वहन करेगा।

सीडीओ ने कहा कि आय प्रमाण पत्र एक पाठ्यक्रम में एक ही बार लगेगा। चाहे पाठ्यक्रम तीन या चार साल का ही क्यो न हो। लेकिन आय प्रमाण पत्र की वैधता प्रथम वर्ष माह जुलाई-अगस्त की प्रथम तिथि की होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र पिता के नाम का ही मान्य होगा। यदि पिता, पिता की मृत्यु की स्थिति में माता दोनों की मृत्यु की स्थिति में अभिभावक व विवाहित पुत्री की स्थिति में पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। छात्र के नाम का आय प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। शैक्षिक सत्र में 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थित वाले छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य होगी। उन्होंने संस्थाओं को शैक्षिक सत्र 2024-25 से एश कोड के बिना अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि का भुगतान न किये जाने का प्राविधान किया गया है। जिन शिक्षण संस्थानों एवं कॉलेजों द्वारा एश कोड प्राप्त नहीं किया गया है, वह एश कोड प्राप्त करें तथा मास्टर डाटा बेस में एश कोड भरना सुनिश्चित करें।

### कई चरण में होंगे आवेदन

सीडीओ ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को तीन चरण में छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाइन करने एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को दो चरण में आवेदन ऑनलाइन करने की सुविधा प्रदान की गयी है। प्रथम चरण 12 जुलाई 2024 से 16 नवंबर 2024 तक तथा द्वितीय चरण 17 नवंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक इसी प्रकार तृतीय चरण 01 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक की तिथियां निर्धारित की गयी हैं। पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कोर्स के लिए छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होने के लिए आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि फ्रीशिप कार्ड संबंधी व छात्रवृत्ति सूचना को छात्र-छात्राओं में जागरूक करे और अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा भी करें। इस मौके पर प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जनपद स्तरीय छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति के सदस्य, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, फार्मेसी एवं मेडिकल कालेज के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

# कार्यमुक्त बीएमएम की पुनः तैनाती पर हंगामा


संदलपुर ब्लाक परिसर में हंगामा करती समूह की महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** कार्य मुक्त आजीविका मिशन के ब्लाक मैनेजर को वापस तैनात करने के लिए समूह की महिलाओं ने ब्लाक परिसर में हंगामा किया। बाद में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

संदलपुर में तैनात आजीविका मिशन के ब्लाक मिशन मैनेजर सुनीत कुमार तिवारी पर उनके कलस्टर की महिलाओं ने अभद्रता व पैसे मांगने का का आरोप लगाकर ऑडियो और वीडियो खंड विकास अधिकारी को देकर पिछले दिनों ब्लाक परिसर में हंगामा काटा था। जिसके बाद बीडीओ ने बीएमएम को उनके कलस्टर से कार्य मुक्त कर ब्लाक से हटाए जाने के लिए सीडीओ को पत्र भेजा था। बीडीओ डीपी यादव ने बताया कि ब्लाक मिशन मैनेजर सुनीत कुमार ने गुमराह करके महिलाओं को बैठक करने के बहाने एकत्र किया था। जबकि उन्हें महिलाओं की शिकायत पर पहले ही कार्य मुक्त कर ब्लाक से हटाए जाने के लिए सीडीओ को पत्र भेजा जा चुका है।

# शिक्षकों ने दिखाई एकता, स्कूलों में रखे रहे टैबलेट

## चौथे दिन भी नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी, काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढ़ाया, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति के लिए डिजिटल हाजिरी की जो व्यवस्था की गई है उसके विरोध में शिक्षक पूरी तौर पर लामबंद हैं। चौथे दिन गुरुवार को भी जिले में डिजिटल हाजिरी के विरोध का व्यापक असर देखा गया। नगरीय क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों को दिये गये टैबलेट विद्यालयों में रखे रहे। शिक्षक नेता भी अपने अपने क्षेत्रों में आंदोलन की सफलता के लिए मोर्चा संभाले रहे। डिजिटल हाजिरी के विरोध में शिक्षक काली पटटी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

जनपद के 2126 विद्यालयों में डिजिटल हाजिरी का विरोध किया जा रहा है। चौथे दिन जिले में डिजिटल बहिष्कार का असर देखा गया। शिक्षक संगठनों के विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप पर डिजिटल हाजिरी को लेकर विरोध सुर्खियों में रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढ़ाने का काम किया। शिक्षक विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग कर रहे हैं।

इसके बाद ही डिजिटल हाजिरी लगाने की बात कर रहे हैं। शिक्षक नेताओं ने अपने अपने क्षेत्रों में नजर रखी। उन लोगों पर भी खास निगाह रखी जो कि आंदोलन में असहयोग कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने बताया कि डिजिटल हाजिरी के विरोध में जनपद भर के शिक्षक लामबंद हैं। उन्होंने बताया कि जब तक शिक्षकों की समस्याएं निस्तारित नही की जाएंगी, तब तक विरोध जारी रहेगा।

### बीएसए कार्यालय में 15 को जुटेंगे शिक्षक

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 15 जुलाई को जिले के शिक्षक शिक्षण कार्य करने के बाद बीएसए कार्यालय में जुटेंगे। जहां धरना प्रदर्शन करते हुए बीएसए को ज्ञापन सौंपने की योजना है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षक अपने मान सम्मान और समस्याओं के निस्तारण के लिए इस संघर्ष में कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे हैं और 15 को बड़ी संख्या में शिक्षक बीएसए कार्यालय में भी पहुंचेंगे।

### जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

आनलाइन हाजिरी के विरोध में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, अटेवा आदि संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर आनलाइन हाजिरी के खिलाफ आवाज उठाई। बाद में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंप कर मांगों को पूरा किए जाने की अपील की। इस मौके पर निधान सिंह, बृजेश सिंह, अजय मिश्रा, राजीव उमराव समेत अन्य तमाम शिक्षक शामिल रहे।


घटनास्थल पर परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार


जिला अस्पताल में भर्ती घायल।

### बिजली गिरने की आवाज से कांपे लोग

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के दो गांवों के लोगों पर गिरी बिजली से चार मौतें हो गई, तो तीन के झुलस जाने से हड़कंप मच गया। इसमें कुरस्तीकला गांव की तीन महिलाएं शामिल हैं। झुलसे तीन लोगों का जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। बिजली जब गिरी तो आवाज इतनी तेज हुई कि आसपास के लोगों के दिल दहल गए। थोड़ी देर के बाद ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई। लोगों में यह हादसा चर्चा का विषय रहा।

# उमड़-घुमड़ कर चले गए बदरा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


गरज चमक के साथ हल्की बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी के बीच गुरुवार की सुबह से कुछ मौसम में बदलाव आया और काले बादल छा गए। तेज आकाशीय बिजली चमकने लगी और गड़गड़ाहट शुरू हुई तो लोगों को आस जगी की अच्छी बारिश होगी। उमस वाली गर्मी से राहत मिलेगी लेकिन उमड़-घुमड़ कर काले बदरा बिन बरसे ही चले गए। उसके बाद उमस ने भी फिर से अपना डेरा जमा लिया। जिससे लोग पसीना-पसीना हो गए।

जिले में बदली के बीच निकल रही धूप व उमस भरी गर्मी लोगों को बेचैन कर रही है। गुरुवार को भी बदली के बीच निकली चिलचिलाती धूप ने लोगों को पसीने से तर बतर कर दिया। पारा गिरने के बाद भी बदली की धूप से बढ़ी उमस ने लोगों को बेहाल रखा। दिन में चल रही हवा भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दे सकी। एक दिन पूर्व बुधवार को जबरदस्त उमस के चलते लोग काफी परेशान नजर आए। गर्मी व उमस के तालमेल से लोग पसीने से तरबतर रहे। बिजली कटौती ने जख्म में नमक छिड़कने जैसा काम किया। शाम को आए बादलों ने पानी नहीं बरसाया। हालांकि कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। गुरुवार को अच्छा मानसून बनने से बारिश होने की उम्मीद जगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बूंदाबांदी के बाद उमस व गर्मी के कारण लोग ठंडे पेय पदार्थों से गला तर करते दिखे तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ों की छांव में समय बिताया।

### गर्मी में रुला रही अघोषित बिजली कटौती

उमस व गर्मी से जूझ रहे लोगों को अघोषित बिजली कटौती भी जमकर परेशान कर रही है। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति नहीं हो रही। फाल्टों की भरमार के चलते कई इलाकों में आपूर्ति बाधित रही। लोगों का कहना रहा बिजली की सबसे अधिक जरूरत के समय नहीं मिलती।

### स्कूलों के पंखे बिजली बिना बेकार

उमस व गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के हालात खराब रहे। अघोषित विद्युत कटौती से कक्षाओं में लगे पंखे शोपीस बने रहे। उमस से बेहाल बच्चों को शिक्षकों ने परिसर में लगाए गए पेड़ों की छांव में बिठाया तो कुछ राहत मिली। उन स्कूलों में स्थिति और बदतर थी जहां पेड़ों की छांव नहीं है।

# दुर्घटना को दावत दे रहे शहर में खुले पड़े नाले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- नाला बनाने के बाद पटिया रखना भूला विभाग
- एक मीटर गहरे नाले में बच्चों के गिरने का खतरा


शहर में खुला पड़ा नाला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में खुली नाले-नालियां हादसों को दावत देते नजर आ रहे हैं। शहर में कई जगह नाले भी खुले हुए दिखाई दे रहे हैं। बरसात में ओवरफ्लो होने की वजह से यह नाले बड़ा खतरा बन सकते हैं।

शहर के साउथ सिटी में बीते वर्ष पीडब्लूडी द्वारा नउवाबाग से राधानगर चौराहे तक सड़क एवं नाले का निर्माण कराया गया। एक मीटर चौड़ा एवं एक मीटर गहरे नाले को पाटने के लिए काम नहीं किया गया। आवास एवं दुकानों के सामने एक दो पटिया रखकर इतिश्री कर ली गई। शेष नाला खुला पड़ा है। जिसमें अक्सर छोटे जानवर एवं बच्चे गिरते रहते हैं। जबकि शासन से सख्त निर्देश हैं कि कहीं पर भी बड़े नाले खुले नहीं रहना चाहिए। स्थानीय मोहल्लों के लोगों ने कई बार विभाग के अधिकारियों से इस गम्भीर समस्या को दूर करने की आवाज उठाई गई लेकिन विभाग अभी इसके लिए बजट नहीं होने का रोना रोते हुए पल्ला झाड़ लेता है। इसके अलावा शहर के अन्य सड़कों के किनारे बने नालों का भी यही हाल है। कुछ जगह पर नाली सफाई के बाद नालियां खुली छोड़ दी गई हैं। जिसे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बड़ी समस्या तब होती है, जब खुले नाले या नालियां भीड़भाड़ वाले इलाकों में दिखाई देते हैं। ऐसा ही कुछ हाल बड़ी नालियों का भी दिखाई पड़ रहा है। जहां नाले पर ढकने वाले पत्थरों को नाली के इधर-उधर बिखरा दिया गया है।

### खुले नालों से हो चुके हैं कई हादसे

शहर में जगह-जगह बगैर स्लैब के नाले खतरनाक बने हुए हैं। कई हादसे भी हो चुके हैं। बीते साल बांदा-टांडा मार्ग के बड़े नाले में खम्भापुर के समीप एक छोटा बच्चा गिर गया। गनीमत रही कि उस समय वहां पर बड़े लोग मौजूद रहे, जिससे उसे तत्काल बाहर निकाल लिया गया। अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। नाले पर स्लैब नहीं होने से मुसीबत है। कई पुराने नाले भी बगैर स्लैब के जगह-जगह जानलेवा बने हुए हैं। हालांकि पालिका समेत स्थानीय निवासियों की ओर घरों के सामने नालों पर स्लैब डलवाई गई है। लेकिन अधिकतर स्थानों पर खुले नाले में आम दिनों के साथ ही बारिश के मौसम में लोगों के गिरने के हादसे हो चुके है।

# बारिश का पानी न निकलने देने की पुलिस से शिकायत

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के कछरा गांव के रहने वाले कई लोगों ने गांव के ही व्यक्ति पर बरसात का पानी न निकलने देने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है।

आधा दर्जन लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए गांव के ही रहने एक व्यक्ति पर गुंडई का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उस सभी लोगों के घर का पानी बाहर लगे खड़ंजा से बहता है और गांव के बाहर जाता है। जिसमें इस व्यक्ति ने अपने घर के पास मिट्टी डाल बांध बना दिया है। जिस वजह से अब पानी नहीं निकल पा रही है। बरसात का पानी घरों में जा रहा है। गांव के ही रहने वाले रामचंद्र शर्मा, शंकर सविता, राजेन्द्र आदि के घर गिरने के कगार पर हैं।


बिना बाउंड्रीवाल हथगाम-आंबापुर मार्ग की पुलिया। अमृत विचार

# पुलिया में बाउंड्रीवाल न होने से आवागमन खतरे से भरा

संवाददाता, हथगाम

**अमृत विचार।** आंबापुर हथगाम मुख्य मार्ग की पुलिया की बाउंड्री लाइन टूटी हुई है जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। यह पुलिया निचली गंगा नहर में पड़ती है जो की हथगाम विकास खंड के रजाबाद गांव के पास बनी हुई है।

ये पुलिया मोड़ में बनी हुई है। जिसमें बाउंड्री लाइन न होने के वजह से इस पुलिया का पता नहीं चलता है। जिससे राहगीर अकसर नीचे बनी नहर में जा गिरते हैं और घायल हो जाते हैं। पूर्व में एक ट्रैक्टर और बाइक सवार, ई रिक्शा, साइकिल, चार पहिया वाहन समेत नहर में जा चुके हैं। ग्रामीण बताते है कि यह पुलिया सालो से टूटी पड़ी है।

# सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशी, यातायात दुरूह

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


सड़क किनारे पड़े कूड़े पर विचरण करते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तमाम कवायदों के बाद भी लोगों को अन्ना मवेशियों से छुटकारा नहीं मिल रहा है। हालात यह हैं कि नेशनल हाईवे से लेकर शहर की सड़कों एवं गांवों में यह बेखौफ होकर विचरण करते हैं। जिनसे दुर्घटना की सम्भावना प्रबल रहती हैं।

जिम्मेदारों की अनदेखी से मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन जिले में नहीं हो रहा है। इसकी बानगी शहर की सड़क पर अन्ना गोवंशों के विचरण और जमावड़े से देखी जा सकती है। ऐसे अन्ना गोवंश यातायात और परिवहन के लिए एक बड़ी समस्या बन गए हैं। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी इस रोड के विभिन्न गांव एवं शहरी क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण वाहन चलाना काफी खतरनाक हो गया है।

नेशनल हाईवे, शहर की मुख्य सड़कों, लिंक मार्गों आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं। नेशनल हाईवे की मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा होने सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इन हादसों के बाद भी नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

सड़क, बाजार पर अन्ना मवेशियों के झुंड या उनकी लड़ाई देखने को मिलती है। जो राहगीरों के लिए हादसे का सबब बनती है। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में खाने के लिए हरी घास नहीं मिलने पर गोवंश कूड़े में विचरण करते रहते हैं। क्षेत्र भर में अन्ना गोवंश की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

### नंबर गेम दिखाकर बच रहे जिम्मेदार

गौशालाओं के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि शासन स्तर पर जब सख्ती होती है तो ग्रामीण और नगर में संचालित गौशालाओं में बड़ी संख्या में अन्ना जानवरों को अधिकारियों के सामने दिखाया जाता है। कुछ दिन बाद एक या दो अन्ना गोवंश से ही गोशाला संचालित होती है। जबकि कागजों में बड़ी संख्या में अन्ना गोवंश दर्ज रहते है और इनके रखरखाव का खर्चा संबंधित मदों से निकलता रहता है। दूसरी तरफ स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण आए दिन हादसे होते हैं। यही नहीं कई बार लोगों की जान भी चली जाती है।


माला पहने प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्र।

# चयनित छात्रों का विद्यालय में हुआ सम्मान

**धाता।** स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम धाता से आठ छात्रों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खागा के लिए चयनित होकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। चयनित छात्र अभय राज सिंह, आवेश सिंह, चंदन कुमार, अतुल कुमार, अंकुश कुमार, प्रियांशू कुमार, नागेश कुमार, शुभांशू सोनकर को प्रधानाध्यक सुरेश सिंह ने माला पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोहम्मद कलीम, देवेश त्रिपाठी के साथ विद्यालय के अध्यापक शिव सिंह, तिलक दुबे, उमेश गुप्ता, फूल सिंह, गौरव सिंह, दिलीप सिंह मौजूद रहे।

मुसीबत | कामकाज व खरीदारी करने के लिए गंदे पानी से गुजरना मजबूरी

# बारिश में रेलवे के अंडरपास बनते तालाब

संवाददाता, औंग-फतेहपुर


रेलवे अंडरपास गोधरौली।

**अमृत विचार।** भारी बरसात की बात छोड़ो हल्की बारिश में भी रेलवे के द्वारा बनाए गए अंडरपास ग्रामीणों को गंदे पानी से भर जाते हैं। कामकाज व खरीदारी करने के लिए उस पार से इस पार आने में लोगों को रेलवे अंडरपास में पानी के भराव से मजबूरन गुजरना पड़ता है। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है। सबसे ज्यादा मुसीबत बच्चों बूढ़ों और महिलाओं को है। दोनों तरफ के गांव के लोगों का दिन में दो चार बार आना जाना बना रहता है।

इससे पहले यहां पर रेलवे फाटक था और फाटक बंद होने पर लोगों को कुछ इंतजार तो करना पड़ता था लेकिन ये पानी की झील में तैरना नहीं पड़ता था। जब से ये अंडरपास बनाए गए तब से गोधरौली, औंग, खदरा, बनियनखेडा, कुरमिनखेड़ा, लोधनपुरवा, गंगचौली, करचलपुर, टिकरा आदि दर्जनों गांव के लोगों को इस गंदे पानी से होकर जाते हैं।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग


बनाए गए अंडरपास किसी काम के नहीं हैं। न चाहते हुए भी लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इसमें भारत सरकार का पैसा भी खर्च हुआ और लोगों की परेशानी भी बढ़ गई। यहां पर ओवरब्रिज का निर्माण होना चाहिए।
–आलोक उर्फ पुल्लू पाण्डेय, सब्जी व्यापार मण्डल औंग


रेलवे विभाग का पैसा व्यर्थ चला गया। इस अंडरपास से समस्या घटने के बजाय और बढ़ गई है। बड़ी गाडियां निकल नहीं पाती हैं। बच्चे बूढ़ों का निकलना खतरे से खाली नहीं होता है।
–शेखर मिश्रा, उन्नतिशील किसान ग्राम टिकरा

### औंग अंडरपास टू लेन रोड से जुड़ा

रेलवे स्टेशन औंग में जो अंडरपास बनाया गया है वो रोड सीधा घाटमपुर हमीरपुर के लिए जाता है। इस रोड में चौबीस घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। बड़े बड़े डंफर और ट्राला इस रोड से गुजरते हैं। कानपुर और फतेहपुर के बीच दो लेन से जुड़ी प्रत्येक क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज रेलवे ने बनाए हैं लेकिन औंग में अंडरपास बनाकर ग्रामीणों के साथ साथ बड़े वाहनों के लिए भी दिक्कतें खड़ी कर दी है।

### गोधरौली अंडरपास से जुड़ा है धार्मिक आस्था का केंद्र

गोधरौली अंडरपास से आधा दर्जन से गांव जुड़े हैं। इसके साथ हिन्दू धर्म की आस्था का महान केन्द्र गोधन देव मन्दिर भी जुड़ा है। जिसके सृजन के लिए प्रदेश सरकार ने दो करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस आस्था केन्द्र में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु इस अंडरपास में भरे गंदे पानी से होकर आते हैं फिर गोधनदेव मन्दिर में माथा टेकते हैं।

# सरकारी इंतजाम नाकाफी मरीजों को लूटते झोलाछाप

संवाददाता, फतेहपुर

- बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से लगती इनके पास भीड़

**अमृत विचार।** ग्रामीणांचलों में स्थित सीएचसी-पीएचसी में समुचित इलाज न मिलना मरीजों को भारी पड़ रहा है। मरीजों को झोलाछाप लूट रहे हैं और गम्भीर अवस्था होने पर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। जहां अक्सर डाक्टर बने लोगों की लापरवाही से मरीजों की मौत होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार हैं और आए दिन वहां हंगामा होता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि गाजीपुर क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से एक मरीज की हालत बिगड़ गई। उससे 25 हजार रुपए भी इलाज के नाम पर ऐंठ लिए। दरअसल चिकित्सकों की कमी का फायदा उठाकर झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में माकूल इलाज नहीं मिल रहा है। डायरिया और बुखार के मरीज भी भर्ती नहीं हो रहे। उन्हें दवा देकर टाला जा रहा है। ऐसे में फायदा नहीं होता देख मरीज झोलाछापों के चंगुल में फंस रहे हैं।

कई स्थानों पर खुले निजी नर्सिंग होम में भी अप्रशिक्षित लोगों द्वारा इलाज किया जा रहा है। जहां आए दिन मरीजों की मौत हो रही हैं। खासबात यह भी है कि झोलाछाप मरीजों को झांसे में लेकर इन्ही नर्सिंग होम तक भेज रहे हैं। इनका नेटवर्क कस्बों के नर्सिंग होमों के एम्बुलेंस से तक है। निजी अस्पतालों के एम्बुलेंस भी इसमें लगे हुए हैं। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी और भर्ती होने वाले मरीजों में 70 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों के होते हैं जो अति गम्भीर हो रहे हैं। उनमें अधिकतर झोलाछापों के इलाज से गम्भीर होकर आते हैं। सीएमओ का कहना है कि सीएचसी अधीक्षकों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

## पंखा लगाने व वायरिंग करते समय हुए हादसों में गई दोनों की जान

संवाददाता, तालग्राम/छिबरामऊ

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। एक जगह शादी वाले घर में मातम छा गया।

ग्राम किशनपुर निवासी नरेन्द्र पाल का पुत्र बृजेश पाल (36) बुधवार की देर रात पंखा लगा रहा था। तभी अचानक पंखा में आए करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। आवाज सुनकर नींद से जागे परिजनों ने आनन फानन उसे सौ शैया अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक न बृजेश पाल को मृत घोषित कर दिया।



मृतक के बड़े भाई आदेश पाल ने बताया कि मंगलवार रात उसकी पुत्री अंशिका की बारात आई थी। शादी में रातभर जागने के कारण बुधवार की शाम सभी जल्दी सो गए। भाई

**● एक घर में शादी की खुशियां मातम में बदलीं**

बृजेश पाल भी सोने के लिए गया। तो पंखा लगाने के दौरान करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। छिबरामऊ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपा व पुत्र शाहिल (07) को छोड़ गया। इसी प्रकार ग्राम पुखरायां निवासी हरविलास सक्सेना का पुत्र अमन सक्सेना (24) गुरुवार की दोपहर घर पर नई एसी की वायरिंग कर रहा था। मुंह से बिजली का तार छीलते समय इनवर्टर के करंट में चिपक कर झुलस गया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज तिर्वा पहुंचे। जहां चिकित्सक ने अमन सक्सेना को मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित और पांच भाइयों में चौथे नंबर का था।

### एचटी लाइन की चपेट में आने से बालिका झुलसी

**कन्नौज।** मकान की छत से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से सात वर्षीय बालिका गंभीर रुप से झुलस गई। गुरसहायगंज कस्बे के मोहल्ला राम कृष्ण निवासी अवधेश पाल के आवास के निकट से हाईटेंशन लाइन का तार निकला है। गुरुवार की सुबह बारिश होने के बाद उनकी पुत्री अंशिका पाल मकान की छत पर गई। लाइन के निकट से निकलने पर वह करंट की चपेट में आ गई। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। परिजनों ने बताया कि उनके मकान के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन हटवाने के लिये वह बिजली विभाग के शिकायत कर चुके हैं पर समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। आज हादसा हो गया।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**गुरसहायगंज।** मैनपुरी के थाना ओछा ग्राम परमकुटी निवासी भरत सिंह का पुत्र उपेन्द्र कुमार (27) नौ जुलाई को ग्राम लालपुर निवासी अपने जीजा संतोष के घर शादी समारोह में आया था। 10 जुलाई को शादी समारोह संपन्न हो गया। इसके बाद गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे वह किसी कार्य से पैदल आ रहा था। तभी कस्बा समधन स्थित रेलवे क्रासिंग पार करते समय वह पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। इलाज के लिए ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

# सर्वे में 98 बंदी पाए गए निरक्षर व अर्द्धसाक्षर

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला कारागार अधीक्षक मो. अकरम ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रत्येक बंदी को साक्षर बनाना है। बंदी को नाम लिखने सहित आगे की शिक्षा तक ले जाना उनका लक्ष्य है। इसके लिए जेल में कक्षाओं का संचालन कर परीक्षा का आयोजन भी होगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बंदी को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के लिए कारागार में सोशल स्टडी सेंटर स्थापित कराए गए है।

गुरुवार को जेल अधीक्षक ने जिला कारागार कन्नौज में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का शुभारंभ किया। वर्तमान में जिला कारागार में कुल 580 बन्दी हैं जिसमें से 98 निरक्षर व अर्द्धसाक्षर पाए गए। इसमें 16 महिला बंदी भी शामिल हैं। सभी की कई राउण्ड कांउसलिंग की गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि अर्द्धसाक्षर बंदियों के स्तर का निरीक्षण करने के लिए 30 मिनट की परीक्षा कराई गई है। इसमें 11 महिला सहित कुल 57 बंदी शामिल हुए।



बंदियों को जागरूक करते जेल अधीक्षक मो. अकरम। अमृत विचार

शीघ्र ही जिला कारागार में

**● कारागार में हुआ संपूर्ण साक्षरता अभियान का शुभारंभ**

साक्षरता कक्षाएं प्रारम्भ कराई जाएंगी। इसके लिए बंदी शिक्षकों का चयन भी कर लिया गया है। उनकों नियमानुसार प्रतिदिन दो घण्टा पढ़ाने के लिए जेल स्तर से एक निश्चित मानदेय ( 50 रुपये प्रतिदिन) की दर से भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यापक मनोज कुमार कटियार जेल से सम्बद्ध हैं। साक्षर बन जाने के उपरान्त सितम्बर 2024 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाली नव भारत साक्षरता परीक्षा में बंदियों को प्रतिभाग कराया जाएगा।

# साइबर पुलिस ने फ्रॉड से गई नकदी वापस कराई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पेटीएम के माध्यम से उड़ाए गए 2,10,624 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला अकबरपुर सरायघाघ निवासी अनिल कुमार के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने पेटीएम के माध्यम से 4,13,000 रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में

**● पेटीएम के माध्यम से गये थे 4,13,000 रुपये**

साइबर थाना कन्नौज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। साइबर टीम ने सम्बंधित बैंकों, इंटीमेडरी से वार्ता करते हुए आरोपी के खाते एवं उसके द्वारा खातों जिनमें यह धनराशि भेजी गई थी, के बारे में जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि अनिल कुमार जो आर्मी से सेवानिवृत्त हैं वह नौकरी के दौरान जो मोबाइल नम्बर प्रयोग कर रहे थे, उसे बन्द कर दिया लेकिन खाते से नहीं हटवाया था। बाद में वह मोबाइल नम्बर आरोपी लालाराम को कम्पनी से आवंटित कर दिया गया। इस मोबाइल नम्बर (जिस पर अनिल का खाता संचालित था) से खाता से लिंक पेटीएम बनाया गया और (पेटीएम) के माध्यम से ठगी कर आरोपी ने मित्रों एवं रिश्तेदारों के अलग-अलग खातों में गलत तरीके से रकम ट्रांसफर कर दी। यह भी पता चला कि आरोपी समेत मित्र, रिश्तेदार जिला निवाडी मध्य प्रदेश के निवासी हैं। इसके बाद साइबर क्राइम टीम प्रभारी निरीक्षक, अजय कुमार अवस्थी, निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र, उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी अर्जुन सिंह आदि ने लालाराम पुत्र गोकुल प्रसाद निवासी ग्राम-जुगियाई तहसील, थाना व जिला निवाडी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। थाना प्रभारी व टीम ने पीड़ित को अब तक 2,10,624 रुपये वापस कराये हैं।

## हादसे में घायल युवक की मौत

**तिर्वा।** थाना छिबरामऊ के नगला विजय गांव निवासी विश्वनाथ (55) पुत्र सीताराम बुधवार को नवीन मंडी के पास सड़क हादसे में घायल हो गया था। उसे सौ शैया में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान बुधवार की देरशाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वजीफा के लिए डाटा अपलोड करें

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 में नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर सफल फ्रेश व 2021 से 2023 तक नवीनीकरण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का डाटा पोर्टल अपलोड करने के लिए 30 जून से खुला है।

क्लेम बिल डाटा अपलोड करने की आखिरी तारीख 31 अगस्त है। प्रथम स्तर विद्यालय की ओर से डाटा सत्यापित करने का समय 15 सितंबर है। दूसरे स्तर पर डीआईओएस की ओर से सत्यापन 30 सितंबर तक होगा। सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक सकूलों के प्रधानाचार्यों से कहा गया है कि 31 अगस्त तक उनका क्लेम बिल डाटा अनिवार्य रूप से अपलोड कर लें।

# बिकी 6.41 लाख क्विंटल मक्का दो करोड़ मंडी शुल्क की कमाई हुई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंडी में अब तक 6,41000 क्विंटल मक्का की खरीद की जा चुकी है। इससे मंडी समिति को दो करोड 15 लाख रुपये का टैक्स मिला है। मंडी सचिव को अनुमान है कि 20 फीसदी मक्का घरों में अभी डंप है। भाव अच्छा होने से अब वह भी मंडी आयेगी। इससे टैक्स में और वृद्धि होगी।

इस वर्ष जिले में मक्का का उत्पादन बीते वर्ष की तुलना में अधिक रहा है। इसी वजह से इस वर्ष तिर्वा व कन्नौज मंडी समिति में 6,41000 क्विंटल मक्का की अब तक खरीद की जा चुकी है। इससे शुल्क के रूप में समिति को 2.15 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।



मंडी में मक्का लदे खड़े ट्रैक्टर व अन्य वाहन। अमृत विचार

**● सचिव को घरों में डंप 20 फीसदी मक्का अभी मंडी में आने की उम्मीद**

मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह ने बताया कि अब भाव 2300 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गया है तो किसान घरों में रखी मक्का निकाल कर मंडी लाने लगे हैं। इससे टैक्स की और प्राप्ति होगी। बताया कि विशिष्ट मंडी ठठिया में भी अनाज की खरीद होने लगी है। इससे उस क्षेत्र के लोग ठठिया मंडी में पहुंच कर मक्का की बिक्री करेंगे। इसीलिये ठठिया मंडी में आढतियों के लिये टीन सेड बनाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलने के बाद टिनशेड तैयार कर दिया जायेगा।

## मार्ग दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव नोनार निवासी कमलेश (30) उर्फ कमलू पुत्र राम लखन बीती बुधवार देरशाम साली के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने ससुराल थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव पाल्हेपुर जा रहा था। तभी रास्ते में भुड्डा-गहरपुरवा मार्ग स्थित गांव मुन्नी पुरवा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

इसमें कमलू गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे स्वास्थ्य केन्द्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए थे। जहां देररात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# गोली लगने से युवक हुआ घायल

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मोहल्ला रामपुर बैजू निवासी एक युवक संदिग्ध हालात में गोली लगने से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां से तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गए।

नगर के मोहल्ला रामपुर बैजू निवासी 27 वर्षीय नवीन चौहान पुत्र अमर सिंह बुधवार की देर शाम किसी प्रकार गोली लगने से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। यहाँ कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालात में सुधार न देख तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, हालांकि परिजन उसे फर्रूखाबाद के किसी चिकित्सक के पास ले गए। घटना को लेकर लोगों में चर्चा है कि नवीन चौहान का किसी से विवाद हो गया था। उसी तनाव में उन्होंने खुदको गोली मार ली। हालांकि हम इसकी पुष्टि नही करते, क्योंकि घटना की सही बजह नही मालूम हो सकी है।



गोलीकांड के बाद जांच करती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

### पुलिस व फॉरेंसिक टीम कर रही है जांच

**छिबरामऊ।** गोली कांड के बाद लोगों में कई तरह की चर्चाएं चल रही है, जिसको लेकर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कर कुछ नमूने अपने साथ लैब ले गई। वहीं पुलिस और फोरेंसिक टीम गोली लगने के कारण को लेकर हर एंगल से जांच कर रही है।

# त्योहारों को लेकर किया गया रूटमार्च

संवाददाता,गुरसहायगंज/तिर्वा

**अमृत विचार।** कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। इस क्रम में गुरुवार की शाम सीओ सदर कमलेश कुमार के नेतृत्व में कोतवाल आनंद कुमार दुबे ने उपनिरीक्षकों व पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण किया। मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस के रूट की जानकारी ली।

हिंदू-मुस्लिम धर्म गुरुओं सहित लोगों से शांति व्यवस्था को कायम रखने और आपसी सदभाव से त्योहार को मनाने की अपील की। तिर्वा संवाददाता के अनुसार मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस के दौरान किसी बात की परेशानी न हो इसके लिए सीओ डॉ. प्रियंका

**● अधिकारियों ने ताजिया जुलूस के रूट की जानकारी ली**

**● साफ सफाई के साथ बिजली तार सही करने के निर्देश दिए**



गुरसहायगंज में पुलिस टीम के साथ भ्रमण करते सीओ सदर। अमृत विचार

बाजपेयी,एसडीएम अशोक कुमार ने ठठिया कस्बे के ताजियादार से मुलाकात करते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। साफ सफाई के साथ बिजली तार सही करने के निर्देश दिए।

# एससीएसटी का आरोपी पूर्व फौजी गिरफ्तार

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस ने तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक मजदूर से मारपीट व एससी, एसटी एक्ट के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी पूर्व फौजी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई को ग्राम ककलापुर थाना तिर्वा निवासी रमाकान्त गौतम पुत्र रामप्रसाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 08 जुलाई 2024 को साथी रामआसरे को मजदूरी के रुपये मांगने पर शटर के अंदर बन्द करके जातिसूचक गालीगलौज कर मारपीट की गई। जान से मारने की नीयत से करन्ट लगाया गया। साथ ही मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने आरोपी रामदत्त यादव उर्फ फौजी पुत्र चेतराम निवासी राजरानी नगर जी.टी. रोड सरायमीरा थाना कोतवाली कन्नौज के खिलाफ कोतवाली कन्नौज में एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को थाने के पास रोड से दोपहर दो बजे गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।



आरोपी पूर्व फौजी राम दत्त यादव

## सिलेंडर में आग लगी, दो झुलसे

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के ग्राम अकबरा पुर निवासी रामकिशोर के घर करीब चार दिन पूर्व उनकी बेटी संध्या के साथ नातिन संस्कृति आई थी। दो दिनों से दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रखा सिलेंडर लीक कर रहा था। गुरुवार सुबह बेटी संध्या ने गैस लीकेज होने की जानकारी पिता को दी। इस पर रामकिशोर कमरे में गए। तभी पीछे से उनकी तीन वर्षीय नातिन संस्कृति भी वहां पहुंच गई। लीकेज देखने के लिए रामकिशोर ने जैसे ही माचिस जलाई कमरे में भरी गैस ने आग पकड़ ली और सिलेंडर सहित कमरे में रखा अन्य सामान धू-धूकर जलने लगा। आग की चपेट में आकर नाना और नातिन गंभीर रूप से झुलस गए।

# अवैध रूप से काबिज लोगों को हटवाकर दिलाए कब्जे

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** अवैध कब्जे की शिकायत का निस्तारण करने निकले तहसीलदार ने मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवा दिया। साथ ही वास्तविक लोगो को कब्जा दिला दिया। तहसील दिवस में निजामपुर गांव निवासी संतोष कुमार, प्रार्थना देवी, कुलदीप ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा था कि उन लोगों की पट्टे की जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया। इसके साथ ही सिमरिया गांव निवासी हेमराज ने अवैध कब्जे की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते

**● तहसील दिवस में आई शिकायत का तहसीलदार ने किया निस्तारण**

हुए तहसीलदार अवनीश कुमार ने राजस्व टीम के साथ सिमरिया के साथ-साथ निजामपुर गांव पहुंचकर गुरुवार को जमीन की पैमाइश कराकर अवैध कब्जो को खाली कराकर वास्तविक कब्जेदारों को कब्जा करा दिया। तहसीलदार ने बताया कि जहां भी दबंग लोग गरीब असहाय लोगो की जमीन पर कब्जा किए हैं उनकी शिकायत पर अवैध कब्जेदारो के खिलाफ कार्रवाई करके वास्तविक लोगो को कब्जा दिला दिया जाएगा।

**सर्पदंश से मौत** वर्ष 2019 से शुरू हुई है 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद की योजना

# 4 साल में 51 परिवारों को मदद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकार ने सर्पदंश से मौत को आपदा में शामिल किया है। सर्प के डसने से होने वाली मौत पर परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। योजना शुरू होने के बाद से अब तक करीब चार सालों में 51 पीड़ितों को सहायता मिल चुकी है।

गर्मी व बारिश के दौरान सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जातीं हैं। कई तरह के जहरीले कीड़े भी जानलेवा साबित हो जाते हैं। रिकार्ड के मुताबिक वर्ष 2019-20 में नौ व्यक्तियों, 2020-21 में छह, 2021-22 में 12, 2022-23 में 11 और वर्ष 2023-24 में 13 लोगों की मौत सांप के डसने से हुई। इनके परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता की गई है। इसके अलावा दुधारू मवेशी की मौत पर 37,500 रुपये और अन्य पशु के मरने पर 32 हजार रुपये की मदद दी जाती है। बछड़ा समेत अन्य कुछ मवेशियों की मृत्यु पर 20-20 हजार रुपये की आर्थिक मदद करने का प्रावधान है। बताया गया है कि सर्पदंश के मामले में शव का पोस्टमार्टम कराना जरूरी होता है। लेखपाल की रिपोर्ट आदि लगने के बाद ही आर्थिक सहायता का आवेदन आगे बढ़ता है।

**● गर्मी से बढ़ जाती हैं जहरीले कीट व सांप से काटने की घटनाएं**

> शव का पोस्टमार्टम कराना जरूरी होता है। इसकी रिपोर्ट से ही सर्पदंश की पुष्टि होती है। लेखपाल को इसकी जानकारी देनी होती है। रिपोर्ट लगने के बाद आवेदन तहसील में पहुंचता है। उसके बाद विभाग से शासन को भेजा जाता है। वहां से ही चार लाख रुपये की मदद हो पाती है।
>
> **-जय विजय लक्ष्मी, जिला आपदा विशेषज्ञ**

### सर्प ने डसा, छात्र की मौत

तहसील सदर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल खजुहा में सहिल्लापुर निवासी शिवभजन का 14 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार कक्षा आठ में पढ़ता था। बुधवार दोपहर स्कूल से आने के बाद कूड़ा डालने के लिए घर से बाहर गया। बताया गया है कि वहां घास में बैठे सर्प ने डस लिया। परिजन राजीव को जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार ने बताया कि शिवभजन ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके परिवार में छोटा बेटा कौशल व तीन लड़कियां रह गईं हैं।

## घर मे घुस कर दंपति के साथ मारपीट, छेड़छाड़

**तिर्वा, कन्नौज।** रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर युवक से मारपीट कर दी। बचाने आई उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर छेड़छाड़ की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के गांव निवासी युवक ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 जून की सुबह वह घर पर था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सदर कोतवाली के कनपटियापुर निवासी रणजीत व सतीश पुत्रगण अमर सिंह व नाहर सिंह पुत्र बृजकिशोर तीन लोगों को लेकर घर आए और गाली देने लगे। विरोध पर मारपीट की। बचाने आई पत्नी के साथ मारपीट की व उसे निर्वस्त्र कर दिया। पुलिस को घटना की जानकारी दी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साप्ताहिक बंदी पर सख्ती से दुकानदारों में हड़कंप...



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हर गुरुवार को बंदी का दिन होते हुए भी अधिकांश दुकानें खुली रहती हैं और बाजार में जाम लग जाता है। साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन करने के उद्देश्य से श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद सिंह नेगी ने दुकानदारों को कड़ी हिदायत देकर दुकानें बंद करवा दीं और दोबारा ऐसा करने पर चालान व आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि केवल आवश्यक दुकानों मेडिकल स्टोर, मिष्ठान विक्रेताओं, चाय, होटल व सब्जी विक्रेताओं आदि को ही बंदी से छूट दी गई है। हालांकि अधिकारी के जाने के बाद कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आधे शटर खोल लिए ग्राहक के इंतजार में बैठे रहे। वहीं कुछ व्यापारियों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पालन एक तरफ से सभी दुकानदारों के लिए होना चाहिए। किसी की दुकान खुली और किसी की बंद होने से नियम का पालन नहीं हो सकता है। ● अमृत विचार

## बंद पड़े मनरेगा योजना के कार्य शुरू कराने को पत्र जारी किया

**पुरवा उन्नाव।** विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य न कराए जाने पर खंड विकास अधिकारी ने संबंधित सचिवों को पत्र जारी कर दो दिन में कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये हैं। विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों में 46 में मनरेगा योजना के कार्य श्रमिकों से कराए जा रहे हैं। लेकिन 10 में मुरैता नवीन, बेवल मंशाखेड़ा, भूलेमऊ, चंद्रसेना, दरेहटा, लखमदेमऊ, ऊंचगांव सानी, पिजरा, सेमरीमऊ, टीकरकला में दो सप्ताह से मनरेगा योजना के कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस उमस भरी गर्मी की वजह से काम नहीं हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी डा. संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि गांव पंचायत के सचिवों को पत्र भेजा रहा है। जल्द मनरेगा के कार्य गावों में शुरू कराएं। ताकि श्रमिकों में रोजगार मिल सके।

# धांधली : दो करोड़ रुपये से बन रही सड़क, दो महीने भी नहीं चल सकी

## निर्माण पूरा होने से पहले ही जगह-जगह उखड़ रही, समाज कल्याण मंत्री ने भुगतान रोका


पांडेयपुर्वा-गुगरापुर मार्ग के निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के हाथ जोड़ता पीडब्ल्यूडी एई आशीष श्रीवास्तव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ जलालाबाद

**अमृत विचार।** तहसील सदर कन्नौज क्षेत्र के जलालाबाद इलाके में बन रही पांडेयपुर्वा-गुगरापुर सड़क की गुणवत्ता बहुत खराब है। यह हाल तब है जब समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इसका शिलान्यास मार्च में खुद किया था। दो करोड़ रुपये से बनने वाले मार्ग की हालत यह है कि दो महीने से पहले ही उखड़ने लगा है। कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है। गुरुवार को निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री ने ठेकेदार का भुगतान रोकने के साथ ही जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है।

दरअसल कुछ दिनों पहले संपर्क मार्ग में घटिया निर्माण सामग्री को लगाने और डामर के हाथों से उखाड़ने का ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। उससे मामला चर्चा में आ गया। समाज कल्याण मंत्री ने मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही ठेकेदार पर नाराजगी जताई।

पीडब्ल्यूडी के भी जिम्मेदारों से कहा कि सड़क इस तरह बनती है क्या। बरसात में अगर इस तरह निर्माण कार्य होगा तो यह मार्ग कितने दिनों तक चलेगा। मंत्री के आने की जानकारी पर कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मंत्री को अपने हाथों से सड़क उखाड़कर दिखाई। साथ ही गिट्टी भी कम होने की बात कही। मंत्री ने काफी दूरी तक पैदल चलकर सड़क निर्माण के मानकों और गुणवत्ता को परखा। नापजोख भी कराई। इस दौरान विवेक पाठक, मंगलम पांडेय, विमल पांडेय आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

> सड़क ऊंची-नीची बनी है। ठेकेदार का पेमेंट रोकने के निर्देश दिए हैं। इसकी जांच के लिए भी कहा गया है। लोक निर्माण विभाग से कहा गया है कि कार्य अच्छा कराया जाए। जनता ने वीडियो बनाकर जो वायरल किया है, बेहतर काम है। सभी के सहयोग से विकास कार्य अच्छे कराए जाएंगे। शिकायत मिलने के बाद ही निरीक्षण करने पहुंचे हैं।
>
> -असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री

### मंत्री ने बताया खराब... अफसर दे चुके हैं क्लीनचिट

- खास बात यह है कि जिस सड़क की गुणवत्ता को ग्रामीणों के बाद समाज कल्याण मंत्री ने खराब बताया है उसे कुछ दिनों पहले अफसर व अभियंता क्लीनचिट दे चुके हैं। मौके पर पहुंचकर एक अधिकारी के अलावा पीडब्ल्यूडी, डीआरडीए व आरईडी के एई व जेई ने जांच की थी और सबकुछ ठीक बताया था। डामर व गिट्टी का स्तर भी मानक से अधिक बेहतर होने का दावा किया था। अब इन दावों के इतर मंत्री ने ही निर्माण कार्य पर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के एई और ठेकेदार पर नाराजगी जताई। इस दौरान एई मंत्री के सामने हाथ भी जोड़ने लगे। बताया जा रहा है कि मार्ग की लंबाई 2.70 किमी और लागत दो करोड़ रुपये से अधिक है। औरैया का ठेकेदार निर्माण कार्य करा रहा है। अब फिर से जांच कराने की बात कही गई है।


नौ जुलाई को जांच करते अधिकारी व मौजूद अन्य लोग।

## कोटेदार से रंगदारी मांगने का आरोप

**छिबरामऊज।** मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी विकास कुमार पुत्र दयानन्द दिवाकर ने बताया कि मोहल्ले में ही उनकी सरकारी राशन की दुकान पिता के नाम से है। आरोप है कि गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे वह अपनी दुकान पर राशन वितरण कर रहे थे, तभी मोहल्ला लाहौरी टोला निवासी जीशान पुत्र कल्लू अंसारी साथियों के साथ आकर रंगदारी के 10 हजार रुपये की मांग करने लगा। उन्होंने इंकार किया तो आरोपी गालियां देते हुए दुकान के अन्दर मारपीट करने लगे। उधर से निकल रहे हिमांशू दुबे व आशीष शुक्ला ने बचा लिया। उक्त लोग धमकी देते हुए चले गए। वे लोग नगर में आए दिन राशन दुकानों पर जाकर अपने आपको पूर्ति विभाग का कर्मचारी बताकर धन उगाही करते हैं। वहीं आरोपी युवक जीशान का कहना है कि वह घर का राशन लेने के लिए कोटेदार के पास गया और वहां दो किलो राशन कम पाकर वीडियो बनाकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की, जिससे गुस्साए कोटेदार ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# स्लीपर धंसे, छह घंटे बंद रहा फाटक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गैस एजेंसी क्रॉसिंग पर रबराइज्ड स्लीपर उखाड़ कर की गई मरम्मत
- कॉशन देकर निकाली गईं ट्रेनें, फाटक बंद होने से लोगों को हुई दिक्कत

**अमृत विचार।** बरसात के बाद गैस एजेंसी क्रॉसिंग पर रेलवे ट्रैक के स्लीपर धंस गए। रेलवे की टीम ने ट्रैक की मरम्मत की, जिस कारण रेलवे फाटक छह घंटे बंद रहा। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई और तिर्वा जाने वाले वाहन रेलवे ओवरब्रिज से होकर निकले। शाम को मरम्मत के बाद ट्रैक को दुरुस्त कर दिया गया, तब जाकर फाटक खोला गया। हालांकि इस दौरान रेल यातायात चालू रहा और कॉशन देकर गाड़ियों को पास किया गया।

गुरुवार को सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) श्रीकांत कुमार के नेतृत्व में टीम ने गैस एजेंसी क्रॉसिंग को सुबह 10 बजे बंद कर दिया और रबराइज्ड स्लीपरों को उखाड़कर ट्रैक की मरम्मत की। यहां बरसात के कारण रेलवे ट्रैक नीचे चला गया था, जिसके कारण कभी भी हादसा हो सकता था। रेलवे ट्रैक नीचे जाने के कारण रबराइज्ड क्रासिंग के स्लीपर भी नीचे चले गए थे, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहनों को हिचकोले लगते थे। ट्रैक के निरीक्षण के दौरान ट्रैक मैनों ने इसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों को दी, जिस पर सुबह मरम्मत कर स्लीपरों को उठाने का काम किया।

इस दौरान कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर कॉशन देकर ट्रेनों को निकाला गया। करीब छह घंटे तक काम चला, इसके बाद शाम को छह बजे फाटक खोला गया। स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद ने बताया कि गैस एजेंसी क्रॉसिंग बंद होने पर तिर्वा जाने वाले वाहनों को सरायमीरा रेलवे ओवरब्रिज से निकाला गया था।

मरम्मत के दौरान रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ और न ही कोई ट्रेन लेट हुई। बरसात में सभी पुलों और क्रॉसिंग का निरीक्षण किया जा रहा है।


शहर की गैस एजेंसी क्रॉसिंग पर स्लीपर सही करते श्रमिक। अमृत विचार

## फ़िल्म अभिनेता प्रशांत की नई फिल्म हीरो दिल वाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के एक छोटे से गांव कल्यानपुर निवासी किसान का बेटा भोजपुरी फिल्मों में खूब धमाल मचा रहा है। जल्द ही एक और फिल्म (हीरो दिल वाला) में हीरो के छोटे भाई की भूमिका निभाते दिखाई देगा। फ़िल्म अभिनेता प्रशांत यादव ने बताया प्रकाश एंटरटेनमेंट बैनर तले बनी फ़िल्म (हीरो दिल वाला) की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म प्रदेश में विभिन्न जगह पर शूट की गई है। यह पारिवारिक फिल्म है जो सबको बहुत पसंद आएगी। मुख्य भूमिका में कृष्ण लाल यादव और उनके छोटे भाई के रोल में वह खुद हम भूमिका निभाते नजर आएंगे। प्रशांत ने बताया कि इस फिल्म में बड़े भाई का छोटे के प्रति प्यार दिखाया गया है। अगली फिल्म की शूटिंग ब्रजभाषा में होगी। प्रशांत यादव ने अपनी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा नगर व जिले में अगर ऐसी कोई प्रतिभाएं हैं तो आगे आएं। फिर उनको अगली फिल्म में मौका दिया जायेगा।


फिल्म की शूटिंग के दौरान मौजूद कलाकार।


सीएमओ डॉ. विनोद कुमार को ज्ञापन देते सपा युवजन सभा के पदाधिकारी।

# साहब ! निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर कर रहे मनमानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाजवादी युवजन सभा ने सीएमओ को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** जिले में निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों द्वारा मरीजों से मनमानी फीस वसूल की जा रही है। इसके खिलाफ समाजवादी युवजन सभा ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश सचिव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जनपद में सभी प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों के लिए शुल्क निर्धारित किए जाने का मांग करते हुए ज्ञापन भी दिया है।

गुरुवार को समाजवादी युवजन सभा को प्रदेश सचिव राशिद फारूकी के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के आवास पर पहुंचे। उन्होंने सीएमओ को ज्ञापन देते हुए बताया कि जिले में कई निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर खुले हैं। इनके संचालक मरीजों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं, जिले में कोई भी फीस निर्धारित नहीं है। ऐसे में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई अल्ट्रासाउंड सेंटर 500 से लेकर एक हजार रुपये तक वसूल रहे हैं, इनमें डॉक्टरों का कमीशन भी शामिल होता है। यह कमीशन डॉक्टरों द्वारा मरीजों को रेफर करने के एवज में दिया जाता है। सेंटरों के संचालक डॉक्टरों के कमीशन का बोझ मरीजों के कंधे पर डाल देते हैं, जिससे जिले में प्राइवेट अल्ट्रासाउंड कराना महंगा हो गया है।

उन्होंने सीएमओ से मांग की कि जिले में अल्ट्रासाउंड सेंटर सहित एक्सरे, पैथोलॉजी जांच और ईसीजी (इलेक्ट्रॉनिक कार्डियोग्राम) के शुल्क निर्धारित किए जाएं, जिससे कि मनमानी वसूली पर अंकुश लग सके। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अल्ट्रासाउंड सेंटरों को लाइसेंस देने वाली समिति की एक बैठक बुलाई जाएगी और इसके लिए शुल्क निर्धारित किया जाएगा, जिसका ब्योरा कार्यालय में देना होगा। इस मौके पर शकील शेख, संतोष गुप्ता, परवेज मंसूरी, आजम इदरीश, अवनीश गुप्ता, मोहम्मद सोहेल खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस-वे के जख्मों पर लगने लगा महरम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम क्षेत्र में कई किमी क्षेत्र में गड्ढों में किया गया पैचवर्क व डामरीकरण
- अमृत विचार में प्रकाशित खबर को कार्यदायी संस्था आरजीबीएल ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के जख्मों पर अब मरहम लगने लगा है। अमृत विचार की खबर को संज्ञान में लेकर कार्यदायी संस्था ने तालग्राम क्षेत्र के किलोमीटर 172 से 184 तक पैचवर्क व डामरीकरण का काम शुरू कर दिया है। वहीं, सड़क पर उखड़ी पड़ी गिट्टी को भरवाकर प्लांट पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे सेक्शन की मरम्मत कर एक्सप्रेस-वे को दुरुस्त किया जाएगा।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम क्षेत्र में ट्रक-बस लेन में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे थे। यहां कार्यदायी संस्था आरजीबीएल ने पैचवर्क व डामरीकरण किया, जो बरसात में बह गया था। अमृत विचार ने 10 जुलाई के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

इसको संज्ञान में लेकर यूपीडा के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तायुक्त पैचवर्क व डामरीकरण के निर्देश दिए थे। गुरुवार को आरजीबीएल के कर्मचारियों ने तालग्राम क्षेत्र में पहले गड्ढों को भरा, इसके बाद डामरीकरण किया। इस बार डामरीकरण की गुणवत्ता ठीक है।


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किया गया पैचवर्क। अमृत विचार


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पैचवर्क का बह गया डामर, उखड़ी गिट्टी
10 जुलाई को प्रकाशित समाचार।

विदित हो कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने सौरिख से लेकर तिर्वा कट तक आरजीबीएल को मरम्मत का ठेका दिया है।

कार्यदायी संस्था के कर्मचारी गुणवत्ताविहीन पैचवर्क कर रहे हैं, जिससे बरसात होने पर डामर और गिट्टी उखड़कर बह जाते हैं। कार्य निरीक्षक प्रद्युम्न कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यदायी संस्था को गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिदिन पैचवर्क का निरीक्षण किया जा रहा है। गुणवत्ता खराब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ की शिकायत पर बाबू का तबादला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायती राज विभाग में संबद्ध था कानपुर का कनिष्ठ सहायक

**अमृत विचार।** पंचायती राज विभाग में तैनात बाबू का तबादला गैर जनपद हो गया है। उसके खिलाफ कई शिकायतें हुईं थीं। सीडीओ ने भी संबद्धता खत्म करने के लिए आलाधिकारियों को चिट्ठी लिखी थी। उसके बाद ही यह कार्रवाई हुई है। आदेश आने के बाद वह निकल गया। अब तक किसी नए कर्मी को उसका चार्ज नहीं दिया गया है।

पंचायती राज निदेशक अटल राय ने जारी किए आदेश में कहा है कि कानपुर नगर के डीपीआरओ कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक दिग्विजय सिंह को 15 जुलाई 2021 को कन्नौज कार्यालय में संबद्ध किया गया था। इधर काफी महीने से उसके खिलाफ शिकायतें भी हो रहीं थीं। आरोप यहां तक लगे थे कि वह कार्यालय का काम करने के लिए लोगों को अस्थायी आवास पर बुलाता रहा। काम कराने के लिए कुछ सफाईकर्मी भी मध्यस्त के रूप में रख लिए थे। जब इसकी जानकारी सीडीओ रामकृपाल चौधरी को हुई तो उन्होंने आलाधिकारियों से बात की और हटाने के लिए पत्र भेजा। उसके बाद निदेशक ने शासकीय कार्यहित के तहत अगले आदेशों तक दिग्विजय सिंह को औरैया में संबद्ध कर दिया। कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि विधिवत चार्ज किसी को नहीं दिया गया है।

# अखिलेश की होर्डिंग फाड़ने से सपा में रोष

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा अध्यक्ष की होर्डिंग फाड़ने व आग लगाने की घटना से समर्थकों में रोष है।

जिला पंचायत सदस्य कन्नौज प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह यादव उर्फ रीपू यादव ने बताया कि नगर के मोहल्ला तालाब कला व कटरा मोहल्ला के सब्जी बाजार में पप्पू सक्सेना की दुकान के पास सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव की स्वागत होर्डिंग लगाई गई थी। करीब दो सप्ताह पहले तालाब कला वाली होर्डिंग को अज्ञात लोगों ने फाड़ कर फेंक दिया। तीन दिन पहले मोहल्ला कटरा में लगी होर्डिंग को फाड़कर आग लगा दी गई। इससे सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में रोष है। चेयरमैन मोहसिन उर्फ जानू खान, नगर अध्यक्ष तहशीम खान, वरिष्ठ नेता नफीस अहमद सागर ने पुलिस से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कस्बा चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि मामले में दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# डिजिटल हाजिरी के विरोध में शिक्षक लामबंद, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कलेक्ट्रेट में पहुंच अध्यापकों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में आठ जुलाई से शुरू डिजिटल हाजिरी दर्ज करने के खिलाफ शिक्षक लामबंद हो गए हैं। कई संगठनों ने एक जुट होकर नई व्यवस्था का विरोध जताया। नियमों में ढील देने पर ही इसे स्वीकार करने की बात कही। कलेक्ट्रेट में पहुंचकर नारेबाजी की, एसडीएम को ज्ञापन भी दिया।

गुरुवार को दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षक संगठनों ने ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ बैनर लेकर नारेबाजी की। शिक्षक प्रमोद यादव ने कहा कि जनपद में चेहरा दिखाकर हाजिरी देने के विरोध में 12 संगठन एकजुट हैं। परिषदीय स्कूलों को डिजिटिलाइजेशन कराया जा रहा है। उसी से शिक्षकों आदि की उपस्थिति मांगी जा रही है। पूरी ताकत से इसका विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पांच सालों से लंबित मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। शिक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यालय पहुंचकर डिजिटल हाजिरी देने का दबाव बनाया जा रहा है। एक साल में 30 ईएल, 15 सीएल और इतनी ही आधी सीएल दी जाएं तब ही ऑनलाइन हाजिरी स्वीकार है। माता-पिता की बीमारी, शादी के लिए फर्जी मेडिकल बनाना पड़ता है। 14 सीएल से साल में काम नहीं चलता है। विद्यालयों तक पहुंचने के लिए रास्ते खराब हैं। कोई अनहोनी हो गई या साथी के साथ घटना हो जाए तो उसकी मदद करने में अगर लेट हो गए तो गैरहाजिरी हो जाएगी। सरकार कानून में संशोधन कर इसे लागू करे। शिक्षकों ने बताया कि सिर्फ बरसात व सर्दियों में स्कूल पहुंचने में दिक्कत अधिक होती है। पांच-10 मिनट की देरी होने पर डिजिटल हाजिरी में अनुपस्थिति लग जाएगी।



ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते शिक्षक। अमृत विचार

समीक्षा

**विकास कार्यों में प्रदेश में आई 12वीं रैंक, 7 .44 अंक मिले हैं, किसान सम्मान निधि में 75वां और फसल बीमा में 67वां स्थान**

# कई योजनाओं में 50 पार रैंक, फिर भी 12वें स्थान पर कन्नौज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दर्पण पोर्टल पर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जून के विकास कार्यों के मामले में प्रदेश में जनपद की रैंक 12वीं आई है इससे राहत दिख रही है लेकिन कई योजनाओं में 50 पार रैंक है। इससे विकास की सेहत बिगड़ गई है। कृषि विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 75वां फसल बीमा में 67वां स्थान आया है।

डैशबोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में जिले की 88.71 फीसदी उपलब्धि के साथ कन्नौज का बॉटम (नीचे) से पांचवें नंबर पर नाम है। लाल पट्टी में श्रेणी ई आई है। तहसील स्तर पर निस्तारण प्रतिशत 83.31 आया है। बताया गया है कि तहसील स्तर पर कुल आवेदन 43,653 आए जिसमें स्वीकृत 22,240 हैं। अस्वीकृत संख्या 14,128 है।

तहसील में लंबित संख्या 7,285 हैं। जिले से 16,484 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। जनपद पर अस्वीकृत 5,260 और लंबित 1,363 हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना दावा भुगतान का प्रतिशत 74.08 आई है। भुगतान की गई धनराशि 70.41 है।

जनपद की रैंक 67 है। 10 में से पांच नंबर ही मिले हैं। किसानों के लिए सोलर पंप स्थापित करने के लिए 281 आवेदन आए। इसमें 79 ही स्वीकृत हुए और 77 के सोलर पंप भेजे गए। 69 स्थापित किए गए। पीएम कुसुम में रैंक 22वीं आई है। सात नंबर मिले हैं।

एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज में 25वीं रैंक आई है। 10 में से पांच अंक ही मिले। लिंकेज का लक्ष्य 2840 और लक्ष्य प्राप्त 696 है। समूह गठन में 35वीं रैंक आई है। छह अंक मिले हैं। मनरेगा में रोजगार देने की मांग पर 49वीं रैंक आई है। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस 102 में 59वीं रैंक आई है। एंबुलेंस 108 में 24वीं रैंक आई है।

बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव मेंक 27वीं रैंक आई है। सरकारी दुग्ध समितियां की रैंक 31 व पांच अंक मिले हैं।

### इन योजनाओं में फिसड्डी रहा जिला

- जिला उद्योग केंद्र का ओडीओपी टूलकिट योजना में बॉटम पांच में दूसरा नंबर आया है। हालांकि रैंक दूसरी है और शून्य अंक मिले हैं। श्रेणी ई है।
- स्वास्थ्य विभाग का सीटी स्कैन संवाएं में 17वीं रैंक है। कन्नौज का नाम बॉटम के पांच जिलों में तीसरे नंबर पर है। शून्य नंबर हैं व श्रेणी ई है।
- स्वास्थ्य विभाग की टेली रेडियोलॉजी में 50वीं रैंक आई है। इसमें बॉटम के पांच जिलों में कन्नौज की उपलब्धि 99.79 है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में जिले की 88.71 फीसदी उपलब्धि के साथ कन्नौज का बॉटम (नीचे) से पांचवें नंबर पर नाम है। लाल पट्टी में श्रेणी ई आई है।

### इन विभागों व योजनाओं की जानिए रैंक

- महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में पांच अंक व रैंक 56 है। नई सड़कों के निर्माण में लोक निर्माण विभाग की रैंक 52 व पांच अंक हैं। सड़कों के अनुरक्षण में 64वीं रैंक व पांच अंक हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में रैंक 60वीं है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में दिव्यांग पेंशन में 59वीं रैंक आई है। संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी में 64वीं रैंक व अंक 10 मिले हैं। जल निगम में जल जीवन मिशन में 20वीं रैंक आई है। पंचायती राज विभाग में 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में 42वीं रैंक व चार अंक आए हैं। पांचवां राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत में 18वीं रैंक व छह अंक आए हैं। एसबीएम ग्रामीण फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 47वीं रैंक आई है व सात अंक हैं। राज्य योजना पर्यटन में चार अंक आए और श्रेणी डी आई। रैंक 60वीं आई है। वन विभाग की सामाजिक वनीकरण में 67वीं रैंक व दो अंक हैं। बेसिक शिक्षा में ऑपरेशन कायाकल्प में रैंक 31वीं है। अंक 10 मिले हैं। एमडीएम में विद्यार्थियों की हाजिरी में 33वीं रैंक व तीन अंक हैं। अंडा उत्पादन में पशुधन की 37वीं रैंक व पांच अंक हैं। मत्स्य उत्पादन में 53वीं रैंक व तीन अंक मिले हैं।

# हवा की दिशा बदलने से तापमान बढ़ा, कमजोर हुआ मॉनसून

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बारिश के बाद उठने वाली भाप से बढ़ रही उमस

**अमृत विचार।** विक्षोभ के कारण हवा की दिशा अचानक बदलने से तापमान बढ़ने लगा है। इससे बारिश के बाद उठने वाली भाप से उमस बढ़ गई है, जिससे आमजन परेशान है। मौसम विभाग का कहना है कि हवा की दिशा बदलने के कारण मॉनसून कमजोर हुआ है, हालांकि विभाग ने 14 जुलाई तक जिले में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी की मात्रा अधिकतम 80 प्रतिशत रही। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि दरअसल, मई और जून में इतनी भीषण गर्मी होती है कि ये मौसम को एकदम शुष्क बना देती है और वातावरण में मौजूद नमी बेहद कम हो जाती है लेकिन इसके बाद जब बारिश होती है तो ये राहत नहीं कहर बन जाती है। तपी हुई धरती पर पानी की कुछ बूंदें पड़ती हैं, तो गर्म जमीन से भाप निकलती है। ये भाप वातावरण में नमी को बढ़ाती है। इस बारिश से तापमान में गिरावट तो आती है लेकिन ये मामूली गिरावट होती है, तो बारिश के बाद बढ़ते तापमान के साथ नमी भी महसूस होती है, जिससे उमस भी गर्मी झेलनी पड़ती है।

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।
वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥

कपड़े को जिस रंग में रंगा जाए, उस पर वैसा ही रंग चढ़ जाता है, इसी प्रकार सज्जन के साथ रहने पर सज्जनता, चोर के साथ रहने पर चोरी तथा तपस्वी के साथ रहने पर तपश्चर्या का रंग चढ़ जाता है।

## संपादकीय

# सफल कूटनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रूस यात्रा सफल कूटनीति के उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारत-रूस के शीर्ष नेताओं की मुलाकात और बातचीत पर अमेरिका समेत नाटो के 32 सदस्य देशों की भी निगाहें टिकी थीं। यात्रा का सबको सही संदेश मिला है। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत-रूस संबंधों पर कहा है कि इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं पड़ेगा। रूस के चीन और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू-राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए झुकाना संभव नहीं है। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मज़बूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। इसके अलावा रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। बहरहाल दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल यह कारोबार 65 अरब डॉलर का है। एक बार फिर से साबित हो गया है कि युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।

यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते हुए। रूस ने भारत को आश्वस्त किया है कि जो प्रौद्योगिकी उसे दी जाएगी, वह अन्य किसी देश के साथ साझा नहीं की जाएगी। अब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को में 17वीं बार मिले हैं। प्रधानमंत्री 10 साल के कार्यकाल में 6 बार रूस गए हैं और पुतिन 4 बार भारत आए हैं। बातचीत से ही शांति, स्थिरता के रास्ते खुलते हैं। बदलते वैश्विक हालातों में रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत की ज़रूरत है और भारत चाहता है कि पुतिन चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने में भारत की मदद करे। अमेरिका और यूरोपीय देशों के (यानी नाटो के) खिलाफ सिर्फ़ चीन-रूस और भारत मिलकर एक बड़ी ताक़त के रूप में सामने आते हैं। यह एक अच्छी रणनीति है।

# परिवार नियोजन यात्रा: निर्णायक क्षण और चुनौतियां



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया : भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर,हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30 वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है,भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है,बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों,विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैयाः भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की,साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030

> राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं।

के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं,जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ,यह रणनीति विवाह की आयु,पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं,जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। मिशन परिवार विकास (एमपीवी): परिवार नियोजन में बदलावः भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक,मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था।

यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिए जागरूकता),युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तारः जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप,वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं,जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। कार्रवाई का आह्वानः विश्व जनसंख्या दिवस 2024 का विषय है "मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।" हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल,जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं,के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं,जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है,जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है,साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं,गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं,जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए,सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है। गर्भनिरोधक विधियों की सीमा का विस्तार करके हमारे युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सतत विकास, शहरीकरण और प्रवास की जटिलताओं का समाधान करना चाहिए। इन कारकों को हमारी नीतियों में एकीकृत करना यह सुनिश्चित करता है कि जनसांख्यिकीय वृद्धि समाज के सभी वर्गों के लिए एक स्थायी भविष्य और समावेशी समृद्धि के रूप में सामने आए। विश्व जनसंख्या दिवस पर हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें। आइए हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करें,जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी तरह से साकार हो,जहां प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की सुविधा हो और जहां हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि का आधार हो। हम सब मिलकर इस विजन को हकीकत बना सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शेषन की स्पष्टवादिता



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

वनों का घटता आकार,हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान और पर्यावरण पर उसके खतरनाक प्रभाव, हर सरकार की चिंताओं में शामिल रहे हैं। इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की अपील 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण का देशव्यापी अभियान चल रहा है। राज्य सरकारें, पर्यावरण से जुड़े संगठनों-संस्थाओं के साथ ही तमाम नागरिक भी इस अभियान में दिलचस्पी ले रहे हैं। लक्ष्य है देश की आबादी के समतुल्य 140 करोड़ पौधरोपण का।


प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी ने भी पौधरोपण की दिशा में कुछ सार्थक करने की सोची थी। टेलीविजन पर प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करेगी। यह अच्छी मंशा से लिया गया एक बड़ा निर्णय था,लेकिन घोषणा के पहले जमीनी सच्चाइयां नहीं परखे जाने की भूल ने इसे अंजाम पर नहीं पहुंचने दिया। इस प्रसंग को एक दूसरे संदर्भ में भी याद किया जाना चाहिए। टीएन शेषन तब वन सचिव थे। वही शेषन जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी यादगार भूमिका के लिए हर चुनाव के मौके पर याद किया जाता है। असलियत में एक आईएएस अधिकारी के तौर पर अपनी हर पोस्टिंग में शेषन ने बड़ी लकीर खींची।

प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद राजीव गांधी ने कृषि विभाग से अलग करके एक नए विभाग वन एवं वन्यजीव का गठन किया था। वन क्षेत्रों का लगातार घटता आकार और उसका पर्यावरण और वन्य जीवों पर बढ़ता दुष्प्रभाव सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय था। राजीव गांधी ने इस संकट से उबरने के लिए कई कदम उठाए। अलग विभाग के जरिए वे इससे जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद करते थे। उन्होंने वन विभाग के इंस्पेक्टर जनरल के पद को तरक्की देकर केंद्र के विशेष सचिव का दर्जा दिया। तेज तर्रार आईएएस अधिकारी टीएन शेषन को नए विभाग का सचिव बनाया गया। राजीव गांधी ने इस विभाग को अपने अधीन रखा। प्रधानमंत्री के तौर पर टीवी पर अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था," देश में वन सिकुड़ और नष्ट हो रहे हैं। इससे मौसम में बदलाव और तापमान बढ़ने का खतरा बढ़ रहा है। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाएगी। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में सरकार पौधरोपण कराएगी।" राजीव गांधी की इस महत्वाकांक्षी घोषणा से वन विभाग के सचिव शेषन अनजान थे। शेषन ने हिसाब लगाया। एक हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग दो हजार पौध की आवश्यकता होगी। इनके पनपने और संरक्षण की भी जरूरत रहेगी। खाली भूमि के साथ ही इतनी बड़ी संख्या में पौध की उपलब्धता की भी चुनौती थी,लेकिन प्रधानमंत्री सार्वजनिक घोषणा कर चुके थे। अब उससे पीछे हटने की गुंजाइश नहीं थी,लेकिन यह भी सच था कि घोषणा हवा में थी। उसे अंजाम देने के लिए संबंधित विभाग की न ही कोई तैयारी थी और न ही जरूरी संसाधन।

संसद में योजना के क्रियान्वयन से जुड़े एक सवाल का जवाब देने के पहले अधिकारियों की बैठक में राजीव गांधी ने प्रश्न किया कि मिस्टर शेषन आपका विभाग प्रतिवर्ष पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण के लिए क्या कर रहा है? शेषन के दो टूक जवाब से बैठक में सन्नाटा छा गया," हमें स्कीम के बारे में कुछ नहीं पता। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण की घोषणा आप ने की है।" बगल में बैठे एक अन्य सचिव शेषन की शर्ट खींचकर फुसफुसा कर चुप रहने का संकेत देने लगे।

बेलाग शेषन ने जोर से प्रतिवाद किया,"क्यों चुप रहूं? मैं कोई गलत बात नहीं कह रहा हूं। मैं तथ्य सामने रख रहा हूं। एक हेक्टेयर अर्थात ढाई एकड़। टारगेट हासिल करने के लिए हमें 125 लाख एकड़ निष्प्रयोज्य भूमि की जरूरत होगी। एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौध रोप सकते हैं। पचास लाख हेक्टेयर भूमि के लिए एक हजार करोड़ पौध की प्रति वर्ष आवश्यकता होगी। एक पौध की ढाई रुपए की लागत के हिसाब से 2500 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। इसके अलावा इन्हें पानी देने, लेबर और जुड़े अन्य खर्चों के लिए अतिरिक्त धन की जरूरत होगी। फिलहाल विभाग को इस योजना के लिए कोई धन उपलब्ध नहीं कराया गया है।" धैर्य से शेषन को सुन रहे राजीव गांधी की टिप्पणी थी, " आप बहुत स्पष्टवादी हैं।" शेषन ने विनम्रता के साथ दोहराया कि "आपकी योजना को हतोत्साहित नहीं कर रहा हूं,लेकिन बताने का प्रयास कर रहा हूं कि इस बड़े काम का व्यावहारिकता में क्रियान्वयन कितना कठिन है।"

# शासन-प्रशासन में सुधार की संभावना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें।

स्वाभाविक है कि अपने चारो ओर अकर्मण्यता, ढिलाई, विचलन, स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार का बोलबाला देखकर मनुष्य अतिशय निराश हो जाता है। सोचता है इतनी व्यापक विकृति में प्रभावी सुधार की कोई गुंजाइश नहीं। वह पीछे मुड़कर देखता है तो अपने जीवनकाल में ही साल दर साल गिरावट महसूस करता है। उसे लगता है, आगे भी विकृति बढ़ती जाएगी। कोई उपाय न देखकर वह भी बहती गंगा में हाथ धोने उतर पड़ता है।

पुराणों में चतुर्युग की अवधारणा निराधार भले हो,मनुष्य के मनोविज्ञान से बहुत मेल खाती है। इस अवधारणा के अनुसार काल की गति हमेशा पतन की ओर उन्मुख होती है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग, कलियुग के अंत में कल्कि अवतार, फिर सीधे सतयुग। कल्पांत में प्रलय के बाद भी शुरुआत सतयुग से ही होनी है। सृष्टि के पूरे दौर में काल को पतनोन्मुख ही रहना है। गलत या सही, अधिकांश लोग ऐसा ही महसूस भी करते हैं। बूढ़ों की याद में उनका बचपन स्वर्ण काल था, फिर लगातार गिरावट। पीढ़ियों का संघर्ष इसी मनोविज्ञान से आता है। अपनी जवानी में एक से एक खुराफात कर चुके बूढ़े भी नई पीढ़ी के जवानों को नैतिक रूप से गिरा हुआ घोषित करते रहते हैं और उनके चाल-चलन को लेकर उपदेश देते सुने जाते हैं।

व्यापक स्तर पर सुधार कठिन तो है किंतु असंभव नहीं। मोटे तौर पर मनुष्यों की तीन श्रेणियां होती हैं,हमेशा रहेंगी। एक, वे जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,कुछ भी हो जाए। दो,वे जो कभी नहीं सुधरेंगे,कुछ भी हो जाए और तीन,वही जो देखादेखी वाले,बहती गंगा में हाथ धोने वाले हैं। बहुसंख्यक वही होते हैं और वे माहौल देखकर इधर से उधर पाला बदलते रहते हैं। वे कानून से डरते हैं, आदतन उसके उल्लंघन की ओर प्रवृत्त नहीं होते। जब देखते हैं कि दूसरा उल्लंघन करके मजे ले रहा है तो उनकी भी ललक जाग उठती है। उनके लिए माहौल बना देना ही पर्याप्त है।

राज्य पहली श्रेणी,जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,का जितना अधिक से अधिक उपयोग सार्वजनिक उत्तरदायित्व के लिए कर सके, उतना ही राज्य का और सबका भला होगा। दूसरी श्रेणी,जो कभी नहीं सुधरेंगे, के लिए कानूनी बंदिशें और सख्त व निश्चित दंड-व्यवस्था के अलावा और कोई उपाय नहीं। वे जितना ही सलाखों के भीतर रहें,समाज के लिए उतना ही बेहतर। समाज को अपनी सुख-शांति के लिए उन्हें बैठाकर खिलाने के अलावा और कोई चारा नहीं सलाखों के भीतर रहकर वे कुछ कर दें तो उनकी इनायत। तीसरी श्रेणी, बहती गंगा में हाथ धोने वाले बहुसंख्यक? राज्य की सफलता का सारा दारोमदार इस पर है कि वह इस श्रेणी के लोगों को विचलन से कितना बचा पाता है। ऊपर से नीचे तक माहौल बनाकर उनके विचलन को कम किया जा सकता है। राज्य को और सब भूलकर अपनी सारी ऊर्जा इसी पर लगानी है। विचारधारा कोई भी लाइए, उसके अमल में मानव स्वभाव पर आधारित यह मूल समस्या बनी ही रहनी है,लेकिन यह जितना आसान दिखता है उतना है नहीं। समस्या यह कि जब विकृति इतनी व्यापक हो तो सुधार की धारा ऊपर से नीचे की ओर ही प्रवाहित हो सकती है। निर्भर इस पर करेगा कि ऊपर के लोग पहली श्रेणी के हैं या दूसरी के या तीसरी के।

बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें। हथौड़ी की चोट पर चोट जारी रहे तो ताले को किसी न किसी दिन खुल ही जाना है।

## सोशल फोरम

# मानवता के विरुद्ध



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

जिस दिन बाजार ने पानी को, चिकित्सा को और शिक्षा को मुनाफे की संस्कृति के हवाले कर दिया उस दिन सभ्यता पर बाजार की निर्णायक जीत हुई थी। सभ्यता आगे बढ़ने की चीज है और जो सभ्यता मानवता के साथ जितना कदमताल करते आगे बढ़ती है वह उतनी प्रगतिशील मानी जाती है। बाजार और मानवता एक दूसरे के विरुद्ध हैं,क्योंकि मुनाफे की संस्कृति में सबसे अधिक उपेक्षित अगर कोई चीज होती है तो वह मानवता ही है। इन अर्थों में देखें तो हमारी सभ्यता नवउदारवाद के चंगुल में फंसने के बाद प्रतिगामी हुई है।

तकनीक के अद्भुत अविश्वसनीय विकास ने जो उपलब्धियां हासिल की,बाजार ने उन पर भी कब्जा कर लिया। बाजार के बड़े खिलाड़ी तकनीक के प्रभु बन गए। नतीजा,दुनिया की बड़ी निर्धन आबादी तकनीक के लाभार्थियों में सबसे निचले पायदान पर है। भारत इस मामले में अग्रणी है कि यहां दुनिया की सबसे अधिक आर्थिक और सामाजिक विषमता व्याप्त है। सामाजिक विषमता से तो लड़ाइयां चलती रहती हैं,लेकिन आर्थिक विषमता के विरुद्ध कोई दमदार आंदोलन कहीं नजर नहीं आता। बढ़ती आर्थिक विषमता एक बड़े वर्ग को तकनीकी और आर्थिक विकास की मुख्यधारा से हाशिए पर रखती है। हाशिए पर की आबादी अच्छी चिकित्सा और अच्छी शिक्षा से महरूम है तो यही तो सभ्यता की विफलता है।

विगत ढाई-तीन दशकों से पानी के प्रदूषण को लेकर इतनी चिंता व्यक्त की गई और "मिनरल वाटर" का इतना महिमा मंडन किया गया कि अब प्लास्टिक में बंद पानी की बीस रुपए वाली बोतल हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। किसी ढाबे में खाने बैठो,बिना पूछे वेटर पानी की एक बोतल लाकर रख देगा। बिल में पानी की कीमत भी जोड़ ली जाएगी। पानी का बाजार निर्मित करने के लिए न जाने कितने जतन किए हैं बाजार के खिलाड़ियों ने। अब वे सारे जतन रंग दिखा रहे हैं। हमने अपनी सभ्यता की विकास यात्रा में यही मुकाम हासिल किया। **-फेसबुक वॉल से**

# उन्नाव बस दुर्घटना से सबक लेने का समय



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है।

बुधवार को सुबह तड़के 5:15 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर घटित सड़क हादसे से समय रहते सबक लेने की जरूरत है, अन्यथा सड़के रक्तरंजित होती रहेंगी। इस दुर्घटना का दृश्य इस कदर वीभत्स व हृदयविदारक था कि सहायता कार्य में लगा सिपाही सड़क पर बिखरी लाशों को देख नहीं सका और बेहोश हो गया। अंततः उसे चिकित्सालय भेजना पड़ा। उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में 18 लोग हताहत हुए हैं। बस शिवहर (बिहार) से दिल्ली जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी में दुर्घटना की वजह तेज रफ्तार (ओवर स्पीड) है।

डबल डेकर बस ने आगे चल रहे दूध के टैंकर को ओवर टेक करने के प्रयास में टक्कर मारी है। चिंताजनक बात यह है कि हादसा उस एक्सप्रेस वे पर हुआ है,जहां तेज रफ्तार को मापने के लिए इलेक्ट्रॉनिक यंत्र लगे हैं और जुर्माना के रूप में दंड की व्यवस्था है। फिर भी चालक बेखौफ हैं। वैसे सड़कों पर दुर्घटना किसी भी गाड़ी से कभी भी घटित हो सकती है और होती भी है, लेकिन डबल डेकर बसें लड़ने और पलटने में कहीं आगे दिख रही हैं। इसी वर्ष मई माह में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पुलिया से टकराकर पलटी थी। चौगड्डा (फतेहपुर) से सूरत (गुजरात) जा रही इस बस के पलटने से कम से कम 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

अप्रैल माह में बरेली से जयपुर जा रही डबल डेकर बस बदायूं जिले में ट्रक से भिड़ गई थी। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मृत्यु व 27 घायल हुए थे। इधर अयोध्या जिले की सीमा में डबल डेकर बस पलट चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एक तकनीकी अधिकारी के अनुसार डबल डेकर बसों के पलटने का मुख्य कारण गुरुत्व केंद्र ( सेंटर ऑफ ग्रेविटी) का संतुलन प्रभावित होना है। इन बसों की छत पर बड़ी मात्रा में सामानों को लादकर ढुलाई करने से समस्या आती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत ही वाहन हैं। इस तरह सड़क हादसों में जान से हाथ धोने वाले एक चौथाई भारत से हैं। सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार,नशे में गाड़ी चलाना, लगातार ड्राइविंग,नींद आना,यातायात नियमों का उल्लंघन, खस्ताहाल सड़क,अतिक्रमण और गाड़ियों की खराब हालत है।

हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है। बस के पंजीकरण में नियमों की अनदेखी और फिटनेस को लेकर भी उंगलियां उठ रही हैं। इसके लिए परिवहन विभाग अपनी (गैर) जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस हादसे में दुर्घटना के लगभग सभी महत्वपूर्ण कारण दिख रहे हैं। दिल्ली से सुदूर कई प्रांतों के रिमोट एरिया तक निजी बसों के संचालन का एक मजबूत ढांचा बन चुका है,लेकिन परिवहन नियमों व सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन कराने के नाम पर कोई तंत्र सक्रिय दिख नहीं रहा है। कम से कम उन्नाव की दुर्घटना शासन प्रशासन सबकी आंख खोलने के लिए पर्याप्त है।

# तीन कानूनों में परिवर्तन के मायने



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नए भारतीय आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा हे कि उनके लागू होने से मानवाधिकार सुरक्षित होंगे और अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

ऑनलाइन ही चोरी हुए सामान की रिपोर्ट लिखाई जा सकेगी। महिला मायके या ससुराल में हुए उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करा सकेगी। नए कानूनों में महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस को तत्परता से चार्जशीट या एफआर लगानी होगी। पुलिस जो भी कारवाई करेगी,उसकी सूचना वादी या उसके रिश्तेदार को देनी होगी,जिससे जल्दी सजा का आधार तैयार हो सकेगा। सरकार का मानना है इनके लागू होने से समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कुछ मामलों में पुलिस के अधिकार कम हो जाएंगे। धारा 35 (7) के अनुसार ऐसे अपराध जिनमें 3 साल या उससे कम की सजा का प्रावधान है,उनमें आरोपी की गिरफ्तारी के पहले डीएसपी की अनुमति लेनी होगी। वहीं यदि आरोपी की उम्र 60 साल या उससे अधिक है तो भी गिरफ्तारी के लिए यह नियम लागू होगा। वहीं दूसरी तरफ प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के अपने संदेह भी है, जिनका मानना है कि प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की बिना राय लिए बनाए गए यह कानून विवाद पैदा करेंगे,जिनको दूर किया जाना जरूरी है।

दूसरी तरफ सभी ट्रेड यूनियंस ने इनको खारिज करते हुए इनको रद करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन का मानना है नए कानून पुलिस अधिकारियों को अधिक शक्ति देने वाले होंगे। ट्रेड यूनियन का यह भी मानना है कि यह कानून उस समय पास किए गए जब विपक्ष के 146 निलंबित थे और इन पर विशेष चर्चा भी नहीं की गई। कानूनों में परिवर्तन तो सतत प्रक्रिया है। यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा का कि नए कानून आम आदमी के कितने हित में होंगे?

## एक नजर

### सरकारी कार्यालयों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

अमृत विचार,लखनऊ : सरकारी कार्यालयों और सरकारी कॉलोनियों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर के बाबत नोडल अधिकारी अशोक कुमार ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सभी अधीक्षण अभियंताओं वितरण को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम प्राथमिकता के आधार पर सरकारी कार्यालयों और कॉलोनियों में किया जाना है। सभी अधीक्षण अभियंताओं से अपने क्षेत्र में आने वाले सरकारी कार्यालयों के साथ कॉलोनियों के नाम, पते उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर

अमृत विचार,लखनऊ : नर्सिंग कॉलेजों में एक अगस्त से नया एकेडमिक सत्र शुरू हो जाएगा। कॉलेजों में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और नर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगी, प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने की 30 सितंबर 2024 है। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी किया है।

### महाकुंभ मेले में ढाई एकड़ पर बनेगी टेंट सिटी

अमृत विचार,लखनऊ : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 मेले के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था व्यापक की जा रही है। बड़े पैमाने पर टेंट सिटी, होम स्टे, होटल्स आदि का प्रबंध किया जा रहा है। झूंसी में भी ढाई एकड़ में टेंट सिटी बसाई जाएगी। इसमें दो सौ कटेजेज तैयार होंगे। यहां सुपर डिलक्स, प्रिमियम, विला आदि श्रेणी की सुविधाएं मिलेंगी। पर्यटन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि महाकुम्भ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान, ध्यान, पूजन, आवागमन व ठहरने आदि के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। संगम पर अरैल तथा परेड ग्राउंड में भी टेंट सिटी बसाई जाएगी। अरैल में 25 एकड़ में सजने वाली टेंट सिटी में 2000 कटजेज होंगे। झूंसी व अरैल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर जबकि परेड ग्राउंड में उप्र. स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा टेंट सिटी सजाई जाएगी।

# हेलो, मैं डीजीपी प्रशांत बोल रहा हूं, आपको जन्मदिन की बधाई

विनय सिंह, लखनऊ


डीजीपी प्रशांत कुमार

- चार महीने के कार्यकाल में 1088 अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को दे चुके हैं बधाई
- विभागों में तैनात डीजी रैंक के अफसरों के कार्यालयों तक पहुंचकर कर रहे चाय पर चर्चा

**अमृत विचार:** हेलो. क्या हेड कांस्टेबल अभिजीत कुमार से बात हो रही है? लाइन पर डीजीपी प्रशांत कुमार सर हैं, आप से बात करना चाहते हैं, अब अगली आवाज डीजीपी की है। हेलो.. मैं डीजीपी प्रशांत बोल रहा हूं। क्या हाल-चाल है अभिजीत। आज आपका जन्मदिन है। आपको हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपको सदैव खुश रखे। कभी आना बैठकर चाय पिएंगे। कांस्टेबल थोड़ा भयभीत तो थोड़ा भावुक होते हुए उन्हें थैंक्यू कहता है.. फिर कुछ ही पलों में डीजीपी से स्थिर होकर बातचीत करने लगता है।

इनदिनों डीजीपी प्रशांत कुमार का पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों को अचानक फोन पहुंचना चर्चा में है। प्रतिदिन पांच से आठ कार्मिकों का जन्मदिवस पड़ता है, जिसको डीजीपी प्रशांत कुमार स्वयं फोन करके बधाई और आशीर्वाद देते हैं। इन कार्मिकों में आईपीएस, पीपीएस अफसरों के साथ-साथ इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल तक है। पुलिस मुख्यालय के रिकॉर्ड के मुताबिक मार्च महीने में 177 कार्मिकों, अप्रैल महीने में 163 कार्मिकों को, मई महीने में 207 कार्मिकों को, जून महीने में 274 कार्मिकों और जुलाई महीने में अब तक 267 कार्मिकों को फोन करके शुभकामनाएं दे चुके हैं। आलम यह है कि जिन पुलिस कर्मियों का जिस दिन जन्मदिन होता है, उस दिन वह फोन अपने आसपास ही रखते हैं, कि कहीं डीजीपी का फोन न आ जाए।

### दो मिनट तक करते हैं बात

मुख्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि डीजीपी इस पहल को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं, ऐसे में वह एक से दो मिनट तक बातचीत करते हैं। कुशलक्षेम पूछते समय वह कभी-कभी उसकी समस्याएं भी पूछ लेते हैं, और निदान भी करते हैं। मुख्यालय में तैनात कांस्टेबल अजय कुमार ने बताया कि उनके जन्मदिवस के अवसर पर जब उनके पास डीजीपी का फोन आया तो उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था, लेकिन वह बात करते रहे। हेड कांस्टेबल अश्वनी ने बताया कि मुझे पता था कि डीजीपी सर का फोन आएगा। दोपहर में फोन आया तो बात हुई।

### दूसरी पहल भी काफी रोचक

शीर्ष अधिकारी ने यह भी बताया कि डीजीपी की दूसरी पहल भी काफी रोचक है। वह विभिन्न विभागों में डीजी पद पर तैनात अफसरों से मिलने उनके कार्यालयों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में वह उस डीजी के साथ चाय पर काफी देर बैठते हैं। विगत महीने सेवानिवृत्त हुए दो डीजी के कार्यालयों में वह सेवानिवृत्ति से पहले पहुंचे थे। शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इससे एक सार्थक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जन्मदिवस का फोन उन्हीं पुलिस कार्मिकों को जा रहा है, जो मुख्यालय में तैनात हैं।

# निजी स्कूलों में न होने दिया जाएगा शोषण : मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने योगी से की मुलाकात

**अमृत विचार:** राजधानी सहित प्रदेश भर के निजी स्कूलों की समस्याओं को लेकर अनऐडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन और कनफेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विद्यालय के प्रबंधन या प्रधानाचार्य या कर्मचारी का शोषण किसी भी स्तर पर नहीं होने दिया जाएगा।

बैठक के दौरान इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने के सामने निजी विद्यालयों के संचालन के दौरान विभागीय हस्तक्षेप की वजह से हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री योगी ने उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि निजी विद्यालयों के संचालन में व्यवधान उत्पन्न करना या अत्यधिक हस्तक्षेप करना उनकी गुणवत्ता को प्रभावित करता है। ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

## डिप्टी एसपी प्रशिक्षुओं ने जानी फोरेंसिक की बारीकियां

**अमृत विचार,लखनऊः** उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में गुरुवार को 90वें बैच के डिप्टी एसपी प्रशिक्षुओं ने फोरेंसिक साइंस के महत्व एवं बारीकियों को सीखा। संस्थान के अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा ने बताया कि प्रान्तीय पुलिस सेवा के 90 वें बैच के डिप्टी एसपी प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण सेड्यूल निर्धारित किया गया था इसलिए प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए यूपीएसआईएफएस संस्थान में फॉरेंसिक साइंस से संबंधित विषयों के व्याख्यान सत्र आयोजित किये गये थे।

इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा ने बीट प्रणाली और हिस्ट्रीशीटर संबंधित कार्यवाही पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिप्ट एसपी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमें परंपरागत पुलिसिंग पर भी ध्यान देना चाहिए। भले ही हम टेक्नोलोजी के साथ आगे बढ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ सतीश कुमार ने साइबर क्राइम के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तृत रूप जानकारी प्रदान की।

# 10 महिला चिकित्सक सहित 17 डॉक्टर बर्खास्त

## तीन चिकित्सकों पर अनुशासनिक कार्रवाई, उप मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिना सूचना के लंबे समय से चल रहे थे गैरहाजिर
- लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों पर होगी सख्त कारईवाई : पाठक

**अमृत विचारः** ड्यूटी से लंबे समय तक गैरहाजिर रहने वाले विभिन्न जिलों में तैनात 10 महिला चिकित्सक समेत 17 डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही तीन चिकित्साधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की गई है। ये निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को क्षमा नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना के लंबे समय से गैरहाजिर रहने वाले 17 चिकित्सकों को विभाग से सेवामुक्त कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मरीजों के इलाज को लेकर राज्य सरकार गंभीर है ऐसे में प्रयास किया जा रहा है कि सभी अस्पतालों में समुचित संसाधन मौजूद रहे।

### मंडलीय अपर निदेशक करेंगे जांच

तीन डॉक्टरों पर लगे आरोपों की जांच मंडलीय अपर निदेशक करेंगे। संबंधित मंडलीय अपर निदेशकों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि जिला चिकित्सालय, झांसी के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकुल मिश्रा, बाराबंकी में सीएचसी फतेहपुर में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी सिंह एवं बरेली सीएमओ के अधीन कार्यरत डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बर्खास्त होने वाले चिकित्सक

मथुरा में सीएचसी बलदेव में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद गोयल, सिद्धार्थनगर के डॉ. रजनीश चौधरी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. कृतिका व डॉ. पारुल वर्मा, बस्ती की डॉ. निक्की, आजमगढ़ की डॉ. ईशा सिंह, आगरा की डॉ. सोनाक्षी सेठ, बलिया में डॉ. राहुल कुमार व डॉ. जैन, जालौन के डॉ. सत्येंद्र पुरवार, मैनपुरी की डॉ. अंजली वर्मा व डॉ. स्वाति कुशवाहा, मिर्जापुर के डॉ. अखलाक अहमद, बरेली की डॉ. रूबी जायसवाल, फिरोजाबाद की डॉ. सरिता पांड्य, फिरोजाबाद के डॉ. मनीष मगन शामिल हैं।

# 20 दिन में चल-अचल संपत्ति न की घोषित तो होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने सभी विभागाध्यक्ष और कार्यालयाध्यक्ष को दिया निर्देश

**अमृत विचारः** कई निर्देशों के बाद भी चल-अचल संपत्ति न घोषित करने वाले राज्य कर्मचारियों को शासन ने अंतिम चेतावनी देते हुए 31 जुलाई तक संपत्ति ऑनलाइन घोषित कर देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी कर्मियों ने संपत्ति सार्वजनिक नहीं की तो, संबन्धित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। यह सख्त निर्देश गुरुवार को कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने दिया है।

एसीएस कार्मिक ने जारी एक पत्र के माध्यम से सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को राज्य कर्मियों द्वारा चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों से कहा कि, अपने स्तर से कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें।

जारी निर्देश में देवेश चतुर्वेदी ने कहा, 18 अगस्त 2023 को 31 दिसंबर तक चल व अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 6 जून को भी पुनः चेतावनी के साथ सख्त आदेश निर्गत किया गया कि 30 जून तक संपत्ति का विवरण दर्ज कर दे। बावजूद, अभी तक कर्मचारियों ने विवरण नहीं अपलोड किया है।

### विवरण देने वालों की संख्या न के बराबर

कर्मचारियों के हठ का आलम है कि अपर मुख्य सचिव ने पत्र में कहा कि, मानव संपदा पर पंजीकृत कर्मियों की संख्या के सापेक्ष विवरण प्रस्तुत करने वाले कर्मियों की संख्या न के बराबर है, कर्मचारियों का यह रवैया, कदापि संतोष जनक नहीं है। तमाम परिस्तिथियों को ध्यान में रखते हुए, राज्य कर्मचारियों पुन : इस 31 जुलाई तक संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है। इस बार भी विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निकाय उपचुनाव में जीते तीन सदस्य निरक्षर

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में नगर निकाय उप चुनाव में जीते सदस्यों में तीन सदस्य निरक्षर हैं, जबकि तीन सदस्य स्नातक हैं। बाकी की शैक्षिक योग्यता प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक है।

निरक्षर सदस्यों में उन्नाव की नगर पंचायत मोहान वार्ड अजमत गढ़ी में विजयी कैसरजहां, प्रतापगढ़ की नगर पंचायत प्रतापगढ़ी वार्ड बाग मिर्जा की नसीरून निशा व शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद तिलहर वार्ड घेरचोवा की सदस्य राधारमण शामिल हैं। स्नातक उत्तीर्ण सदस्यों में उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज वार्ड धन्नीपुर के भाजपा के कृष्णानंद, गाजीपुर के नगर पालिका परिषद जमानियां वार्ड पटखौलिया आंशिक भाग द्वितीय के भाजपा के विकास जायसवाल व गोरखपुर के नगर पंचायत सहजनवां वार्ड जिगिना के भाजपा की ग्राम्या शामिल हैं। बाकी जीते अन्य सदस्यों में छह प्राइमरी, छह जूनियर हाईस्कूल, दो हाईस्कूल व छह इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हैं।

# अगले पांच वर्षों तक घटाई जाए बिजली दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में अगले पांच सालों तक बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है। गुरुवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने कई अनियमितताओं के आरोप लगाये व कार्रवाई की मांग की।

सुनवाई के दौरान मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत अन्य बिजली कंपनियों ने नई बिजली दरों को लेकर आयोग में दाखिल प्रस्ताव पर चर्चा की और कंपनियों के घाटे का जिक्र किया। बिजली कंपनियों ने घाटे को लेकर नई दरों पर आयोग से स्वतः निर्णय लेने की मांग की। इस दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनियां 11,203 करोड़ रुपये का घाटा दिखाकर नई बिजली दरों में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी कराना चाह रही हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस निकल रहे हैं, ऐसे में दरों में अगले पांच सालों तक आठ प्रतिशत की कमी किये जाने की जरूरत है। सुनवाई में आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह के साथ ही, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### शिकायतों का रहा फर्जी निस्तारण

सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि टोल फ्री शिकायत नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों में 75 प्रतिशत शिकायतें फर्जी तौर पर निस्तारित की जा रही हैं। इसकी जांच कराना जरूरी है।

### बिना नोटिस लोड बढ़ाने का मुद्दा उठा

सुनवाई के दौरान कई उपभोक्ताओं ने बिना नोटिस के बिजली भार बढ़ा दिये जाने का मामला उठाया। रामशंकर अवस्थी, राकेश गोयल, राशि सिंह जीसी चतुर्वेदी आदि उपभोक्ताओं ने बिजली दर में बढ़ोतरी का विरोध किया।

### कुछ देर के लिए गुल हो गई बिजली

आयोग में सुनवाई के दौरान बिजली आपूर्ति अचानक गुल हो गई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठाये। उनका कहना था कि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। मौजूद अधिकारियों ने 'ट्रिपिंग' का तर्क देकर उन्हें समझाया। करीब तीन मिनट बाद बिजली आपूर्ति चालू हुई।

## शहरी क्षेत्रों को हराभरा बनाने को 70 करोड़ रुपये सलाना खर्च करेगी सरकार

**अमृत विचार,लखनऊः** शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए नगर विकास विभाग ने उपवन योजना की शुरुआत की है। योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के शहरों को हरे-भरे क्षेत्र में बदलना है जो आने वाली पीढ़ियों सेहतमंद बनाए और को प्रेरित भी करे। योजना के लिए 70 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट आवंटित किया गया है।

यह बजट विभिन्न नगरीय निकायों के बीच उनकी आवश्यकताओं और क्षमताओं के आधार पर वितरित किया जाएगा। नगर निगमों को उनके परियोजनाओं के पैमाने और हरित क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार 1.5 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये के बीच प्राप्त होंगे।

नगर पालिकाओं को 50 लाख से 1.5 करोड़ रु. की धनराशि मिलेगी, जबकि नगर पंचायतों को 50 लाख रु. की राशि प्रदान की जाएगी। योजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए स्थानीय निकाय स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा। नगर निगम निकायों में, नगर आयुक्त समिति का नेतृत्व करेंगे, जबकि पालिका और पंचायत स्तर पर, जिला मजिस्ट्रेट नेतृत्व करेंगे।

## विरोध के बाद चालू हुईं उत्पादन निगम की पांच इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारी विरोध के कारण पिछले दिनों रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं उत्पादन निगम की पांच इकाइयां गुरुवार को चालू हो गईं, जबकि बंद दो इकाइयों के शीघ्र चालू होने की संभावना है।

बीती तीन-चार जुलाई को रिजर्व शट डाउन के तहत टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती आठ जुलाई को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसी दिन हरदुआगंज की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को भी और बंद कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका सख्त विरोध किया था। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी, जिस पर आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया था। बीते दिन नियामक आयोग में सुनवाई के दौरान भी इस मुद्दे पर कड़ा विरोध किया गया। सूत्रों के अनुसार विरोध के बाद बंद पांच इकाइयों को चालू कर दिया गया है।


## वर्ग पहेली-128

**बाएं से दाएं**

2.1. एक-दूसरे को देखने की क्रिया 2. आंखों से देखने की अवस्था 3. साक्षात्कार, दर्शन।
4.1. उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी जिसे वाराणसी अथवा बनारस के नाम से भी जाना जाता है।
6.1. मासिक वेतन, पगार, तनख़्वाह 2. वज़ीफ़ा, वृत्ति।
8.1. एक प्रकार का लाल रंग।
9. स्पर्श, छुअन। -करना

**ऊपर से नीचे**

1.1. विदेश का निवासी, परदेशी, (फ़ॉरेनर) 2. विदेश से आकर रहने वाला व्यक्ति।
3.1. देवालय
5.1. फल के अंदर का कोमल खाद्य अंश 2. मींगी, गिरी 3. खोपड़ी का सार भाग, भेजा।
7.1. गृहिणी, गृहस्वामिनी 2. एक छंद।



### वर्ग पहेली -127 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 बा | ट |
| ■ | 2 बा | ■ | 3 सु | ■ | ■ |
| 4 पुं | ग | ■ | ड़ | ■ | 5 बे |
| ■ | वा | ■ | 6 क | फ़ | श |
| 7 मु | न | ह | ना | ■ | ऊ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 झ | री |
| 9 ता | म | सि | क | ■ | ■ |

## सुडोकू -41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 8 | | 6 | 3 | 9 | |
| 9 | | | 2 | | | | | 6 |
| | 2 | | | 7 | | 5 | | |
| | 8 | | 6 | | 9 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 1 | |
| | | 7 | 1 | | 4 | | 2 | |
| | | 4 | | 6 | | | 7 | |
| 8 | | | | | 7 | | | 9 |
| | 7 | 1 | 5 | | 2 | | 6 | |

### सुडोकू -40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.32 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 16.09 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति रुचि बढ़ेगी। घर परिवार में मांगलिक व धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। युवा वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा।

**वृष** – आज आप अपनी क्रोध एवं वाणी पर संयम रखें। खेल जगत से जुड़े लोगों को कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करने पर स्थित में सुधार होगा। अपनी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज नौकरी में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। किसी आवश्यक कार्यवश यात्रा करनी पड़ सकती है। संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपको नवीन जिम्मेदारी मिल सकती है,जिससे आपका प्रभाव पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति सक्रियता बढ़ेगी। सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में अपने धैर्य को कम न होने दें। हाथ में ली हुई जिम्मेदारी को अच्छे से पूरा करें। आपके उचित कार्यों को आप पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा,जिससे भविष्य में लाभ होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कन्या** – आज किसी नए व्यक्ति से मित्रता होगी। नौकरी में पदोन्नति के संकेत मिल रहे हैं। बनते कार्यों में रुकावटें सकती है। अपने धैर्य को कम न होने दें। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की कोशिश करें।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। कार्यों में विघ्न बाधाएं आएंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी। गुप्त शत्रु हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** – आज पहले से सोचे समझे कार्यों में व्यर्थ की देरी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आ रही विघ्न बाधाएं कम होगी। विस्तार की योजना बनेगी। इस संबंध में सकारात्मक संकेत प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज विरोधी पक्ष आपकी गतिविधियों पर ध्यान रखेंगे। वह गुप्त रूप से हानि पहुंचा सकते हैं। सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को अपने साहस एवं पराक्रम के बल पर कोई महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगेगी। पहले से चली आ रही समस्या कम होगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा सकता है। सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। नौकरी करने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए सामान्य रूप से लाभ एवं उन्नति दायक रहेगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को बनाए रखें। व्यापार में कोई भी बड़ा निर्णय सोच विचार कर लें। नौकरी में जिम्मेदारी मिलेगी,जिससे आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज आप अपने पराक्रम से उन्नति करने में सफल होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से प्रशंसा, सम्मान प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को कम न होने दे। नवीन व्यापार शुरू करेंगे। नौकरी ढूंढने का प्रयास करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंद्रा द टाइगर – सुबह : 09.51
पुकार – रात : 07.00

&pictures
उड़ता पंजाब – सुबह : 10.29
ऊंचाई – रात : 08.00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स – सुबह : 09.46
2012 – रात : 09.00

ZEE CINEMA
स्पाइडर – सुबह : 09.28
डी ब्लॉक – रात : 08.00

colors CINEPLEX
राजा हिंदुस्तानी – सुबह : 11.29
डियर जिंदगी – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा,क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"...

# आरटीओ अफसरों की मेहरबानी से बसों की मनमानी

**साठगांठ**

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- प्राइवेट बसों के चालकों ने ड्राइविंग की कहां ट्रेनिंग ली है, कोई नहीं जानता
- आरटीओ के पास भी स्लीपर बस चला रहे चालकों का कोई ब्योरा नहीं
- रोडवेज के पास लंबी दूरी की बसें नहीं होने का लाभ उठा रहीं प्राइवेट बसें



उन्नाव हादसे में क्षतिग्रस्त बस।

**अमृत विचार।** उन्नाव में आगरा एक्सप्रेस वे पर स्लीपर बस हादसे में 18 लोगों की जान चली गई। सवाल ये है कि ये कोई पहला हादसा नहीं है, आए दिन हादसे हो रहे हैं लेकिन ये कोई देखने वाला नहीं है कि इन बसों को चलाने वाले ड्राइवरों ने कहां से बस चलाने की ट्रेनिंग ली है। लंबी दूरी की बसों को चलाने के लिए बेंगलुरु में ड्राइवरों की विशेष ट्रेनिंग होती है। इनकी फिटनेस कब तक है, कितने स्लीपर के लिए वैध हैं, इनकी लंबाई कितनी होना चाहिए, इनका परमिट कहां का है, इस प्रकार के तमाम ऐसे सवाल हैं जो प्राइवेट लक्जरी बसों को कटघरे में खड़ा करते हैं। संभागीय परिवहन के अधिकारियों से सेटिंग के चलते न कोई धरपकड़ होती और न कार्रवाई।

संभागीय परिवहन के अधिकारी वैसे तो छोटे वाहनों पर नजरें गड़ाए रहते हैं लेकिन कानपुर नगर में फजलगंज, जरीब चौकी, कोकाकोला चौराहा, झकरकटी बस अड्डा, टाटमिल चौराहा, रामादेवी, नौबस्ता, रावतपुर समेत शहर और देहात तक स्लीपर बसों ने अपने पंजे गड़ा रखे हैं। उत्तर प्रदेश में प्राइवेट लग्जरी बसों का सबसे बड़ा हब कानपुर तैयार हो चुका है, यहां से सैकड़ों की संख्या में स्लीपर एसी, नान एसी बसें देश के विभिन्न प्रांतों तक दौड़ रही हैं। कानपुर से दौड़ रही लग्जरी लगभग 300 बसें अहमदाबाद, भीलवाड़ा, जयपुर, बालाजी, दिल्ली, भोपाल, अजमेर, गोरखपुर, वाराणसी, सोनौली, बस्ती, देवरिया, आजमगढ़, मऊ एवं प्रयागराज आदि जिलों में जाती हैं। यहां से विभिन्न प्रांतों के लिए बसें चलती हैं। शहर में अब इतनी ज्यादा बसें हो गई हैं कि इन बसों के चालकों की कमी हो गई है। 1000 किमी और ज्यादा तक दौड़ रहीं इन बसों में एक एक बस में तीन से चार चालक होते हैं, ऐसे में कभी कभी कंडक्टर या सहायक चालक भी बसों को चलाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

> स्लीपर बसों की फिटनेस चेक होगी, उसमें यदि कोई गड़बड़ी मिलेगी तो कार्रवाई होगी। चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस वैसे तो ठीक हैं लेकिन फिर भी जांच की जाएगी।
>
> **आलोक कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासन**

### जगह-जगह यात्री कलेक्शन सेंटर

- प्राइवेट लग्जरी बस संचालकों ने फजलगंज, जरीब चौकी, अफीम कोठी, झकरकटी पुल के पहले, टाटमिल चौराहा के आसपास, रामादेवी चौराहा, नौबस्ता चौराहा, विजय नगर चौराहा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना यात्री कलेक्शन सेंटर बना रखा है। प्राइवेट बसों के एजेंट झकरकटी बस अड्डे के अंदर भी मौजूद रहते हैं और जैसे ही सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, गोरखपुर, गोंडा, सोनौली, बस्ती, देवरिया, बेल्थरा रोड आदि जिलों की बसें आती हैं, उनमें लंबी दूरी के यात्रियों को उतार लेते हैं। प्रदेश के अधिकतर जिलों के लोग मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत कई प्रांतों के विभिन्न जिलों में कार्य करते हैं जिनका आना-जाना लगा रहता है। रोडवेज की बसें नहीं होने के कारण ये प्राइवेट बसें पूरा लाभ उठा रही हैं।

### ड्राइविंग लाइसेंस कितने परफेक्ट, इसकी भी जांच होनी चाहिए

- पावर स्टेयरिंग वाली इन लग्जरी बसों को चलाने के लिये बेंगलुरु में ट्रेनिंग दी जाती है लेकिन इन चालकों ने क्या ट्रेनिंग सेंटर में ड्राइविंग का प्रशिक्षण लिया है, ये एक बड़ा प्रश्न है। यही कारण है कि आयेदिन हादसे हो रहे हैं। बसों के संचालक कम वेतन पर मिलने वाले चालकों को भर्ती करके यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। कई कई बार चालकों के स्थान पर उनका सहायक बस चलाने लगता है और बस हादसे का शिकार हो जाती है।



### फजलगंज से रामादेवी तक प्राइवेट बसों का हब बन गया

- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास लक्जरी बसें नहीं होने का पूरा लाभ प्राइवेट बसों को मिल रहा है। प्राइवेट बस संचालकों ने फजलगंज को पहले हब बनाया और अब रामादेवी ही नहीं बल्कि महानगर की चारों सीमाओं पर अपने सेंटर खोल दिए हैं। रोडवेज की बसें जैसे ही सीमा पर सवारी उतारने के लिए रुकती हैं, वहीं सेंटर के युवक सवार हो जाते हैं और लंबी दूरी के यात्रियों का संकलन करते हैं लेकिन इन प्राइवेट बसों के चालक ड्राइविंग में कितने एक्सपर्ट हैं, ये कोई नहीं बता पायेगा क्योंकि ट्रक चलाने वाले चालक भी अब इन लग्जरी बसों को चला रहे हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोगों ने ठग की पिटाई कर बर्रा पुलिस को सौंपा
- 12 साल पहले ठगी करके फरार था आरोपी

**अमृत विचार।** 12 साल पहले रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 50 हजार रुपये ठगकर चंपत हो जाने वाला शातिर गुरुवार को पीड़ित के हत्थे चढ़ गया। पीड़ित ने आरोपी को शराब ठेके से पकड़ कर डॉयल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

जरौली फेस दो निवासी दीपक पांडेय प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। दीपक ने बताया कि वर्ष 2012 में तात्याटोपे नगर निवासी रिश्तेदार मीना तिवारी ने गोविंद नगर निवासी युवक से मुलाकात कराई थी। उसने खुद को रेलवे में लोको पायलट बताया था। अपनी ऊंची पहुंच का झांसा देकर रेलवे में फतेहपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की मांग की थी। दीपक के मुताबिक आरोपी ने बताया था कि 50 हजार रुपये देने पर संविदा में नियुक्ति होगी, इसके बाद 4.50 लाख देने पर परमानेंट नौकरी लग जाएगी। झांसे में आकर दीपक ने उसे दो बार में 50 हजार रुपये दे दिए। आरोपी ने इसके बाद फोन बंद कर लिया। काफी समय तक तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को वह कल्याणपुर से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान बसंत पेट्रोल पंप के पास स्थित शराब ठेके पर आरोपी उसे मिल गया। जिस पर दीपक ने उसे दबोच कर बर्रा पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि मामला लेनदेन का विवाद का प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# पहला टेली-न्यूरो रिहैबिलिटेशन एप आईआईटी कानपुर बनाएगा

## डिमेंशिया पर शोध और नवाचार के लिए आईआईटी और दवा कंपनी बोह्रिंजर में साझेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




आईआईटी और दवा कंपनी में समझौता हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर ने डिमेंशिया के क्षेत्र में शोध और तकनीकी विकास के लिए वैश्विक दवा कंपनी बोह्रिंजर इंगेलहेम के साथ समझौता किया है। इसके तहत देश का पहला टेली-न्यूरोरिहैबिलिटेशन ऐप विकसित किया जाएगा। समझौता पत्र पर बोह्रिंजर इंगेलहेम इंडिया की टीम के गवर्नमेंट एंड पब्लिक अफेयर्स प्रबंध निदेशक गगनदीप सिंह तथा प्रभारी एसआईआईसी प्रोफेसर अंकुश शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इंगेलहेम इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स निदेशक प्रभात सिन्हा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर अंकुश शर्मा ने कहा कि बोह्रिंजर इंगेलहेम का समर्थन स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। यह हमें स्टार्टअप समुदाय को सशक्त बनाने, नवाचार और सहयोग के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। बोह्रिंगर इंगेलहेम डिमेंशिया देखभाल और निदान के लिए भारत का पहला टेली-न्यूरोरिहैबिलिटेशन ऐप विकसित करने में सहायता कर रहा है। यह ऐप भारत में डिमेंशिया और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के बढ़ते बोझ को देखते हुए डॉक्टरों और न्यूरो हेल्थकेयर पेशेवरों को सहायता प्रदान करता है। इससे पहले, साल 2023 में बोह्रिंगर इंगेलहेम ने स्टार्टअप लेनेक टेक्नोलॉजीज को हैंडहेल्ड एक्स-रे डिवाइस के साथ तपेदिक स्क्रीनिंग में सुधार करने में सहायता की थी। कार्यक्रम में बोह्रिंजर इंगेलहेम इंडिया के प्रबंध निदेशक गगनदीप सिंह बेदी ने कहा कि आईआईटी कानपुर के साथ हमारा दूसरा सहयोग सामूहिक नवाचार की शक्ति में हमारे विश्वास को मजबूत करता है। प्रत्येक नवाचार के साथ हम रोगी देखभाल की संभावनाओं को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं, तथा एक ऐसे भविष्य का लक्ष्य बना रहे हैं, जहां सभी को सर्वोत्तम उपचार और स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त हो सकें।

### डिमेंशिया पीड़ितों में भारत चौथे स्थान पर

2019 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार डिमेंशिया पीड़ितों की संख्या के लिहाज से भारत चौथे स्थान पर है। डिमेंशिया की बढ़ती चुनौती का समाधान नहीं होने से 2050 तक भारत दुनिया में दूसरे नंबर का देश बन सकता है।

# दोस्त बनाता रहा वीडियो युवक गंगा में डूब गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मैगजीन घाट पर गुरुवार सुबह हुआ हादसा
- नौबस्ता खाड़ेपुर के दो दोस्त गए थे नहाने

**अमृत विचार।** कोहना थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह वीडियो बनवाकर गंगा में मौजमस्ती करना एक फिजियोथेरेपिस्ट युवक को भारी पड़ गया। दोस्त वीडियो बनाता रहा और फिजियोथेरेपिस्ट गहराई में जाकर डूब गया। बचाने कूदा दोस्त भी डूबने लगा। शोर सुनकर गंगा में कूदे गोताखोरों ने उसे बचाया लेकिन फिजियोथेरेपिस्ट की डूबकर मौत हो गई।



शुभम शुक्ला।

नौबस्ता खाड़ेपुर निवासी 27 वर्षीय शुभम शुक्ला फिजियोथेरेपिस्ट थे, जो डॉक्टर नरौला की क्लीनिक में बैठते थे। छह माह पूर्व शिवराजपुर की रहने वाली दिव्या से शादी हुई थी।

उसके परिवार में पिता राज शुक्ला और मां सविता हैं। साले सौरभ ने बताया कि गुरुवार सुबह पांच बजे शुभम अपने दोस्त तुषार के साथ कोहना थानाक्षेत्र में स्थित मैगजीन घाट पर गंगा नहाने गए थे। गंगा नहाने के दौरान वह फोटो खींचने के साथ ही वीडियो रील बनाकर गंगा में मौजमस्ती कर रहे थे। अचानक तुषार का फोन आने पर वह बात करने लगा तब तक शुभम गहराई में जाकर डूबने लगे तो तुषार ने उन्हें बचाने का प्रयास किया पर वह भी डूबने लगा। गोताखोरों ने तुषार को बचा लिया लेकिन शुभम डूब गया। आधे घंटे बाद गोताखोरों ने शुभम का शव बरामद कर लिया। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि युवक नहाते समय गहराई में जाकर डूब गया था। शव बरामद कर लिया गया है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

## सार-संक्षेप



रोजगार मेले में इंटरव्यू देता अभ्यर्थी। अमृत विचार

### रोजगार मेले में पहली बार 25 हजार रुपये वेतन हुआ ऑफर

**कानपुर।** सेवायोजन विभाग में गुरुवार को रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में 485 युवाओ ने शिरकत किया। इस दौरान 40 युवा ऐसे रहे जिन्होंने रोजगार हासिल किया। मेले में पहली बार युवाओं को 25 हजार रुपये तक का ऑफर मिला। उधर इस बार मेले में युवाओं के ऑनलाइन पंजीयन भी व्यवस्था की गई। इस सुविधा का 71 युवाओं ने लाभ उठाया। रोजगार मेले में 7 कंपनियों की ओर से युवाओं का साक्षात्कार लिया गया। इनमें सबसे अधिक रोजगार कैरियर ब्रिज स्किल सॉल्यूशन ने 14 युवाओं को चयनित कर दिया। मेले में सबसे अधिक वेतन गगन प्लाजा होटल की ओर से ऑफर किया। 25 हजार रुपये तक के वेतनमान ऑफर करने वाले नियोक्ता ने विभिन्न पदों पर 6 युवाओं का चयन किया। उधर जमैटो और डोमिनोज ने 2 और 3 युवाओं को चयन किया। मेले पर सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि मेले में युवाओं का पंजीयन भी इस बार कराया गया है। यह सुविधा अब हर रोजगार मेले में युवाओं को उपलब्ध हो सकेगी। ऐसे युवा जो अपना बेरोजगारी पंजीकरण विभाग के पोर्टल पर कराना चाहते हैं वे हर रोजगार मेले पर विभाग आकर करा सकते हैं।

### कब्जों के खिलाफ अनशन पर बैठीं प्रधान

**नर्वल।** नर्वल एसडीएम पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कुंदौली ग्राम प्रधान प्रभा कुमारी निगम पंचायत भवन में आमरण अनशन पर बैठ गईं। प्रधान ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को भी समस्याओं से संबंधित पत्र भेजा है। कार्रवाई न होने पर अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री को देने की बात कही है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा है। जिसे खाली कराकर पात्रों को दी जाए। जमीनों पर पात्र न होने के बाद भी लोगों का कब्जा है। बागवानी चकरोड पर 20 साल से कब्जा न हटने का भी आरोप लगाया है। एएनएम सेंटर पर तीन साल से एक परिवार का कब्जा होने की बात कही है। प्रधान का कहना है कि एसडीएम से शिकायत की गई, लेकिन गंभीरता से नहीं लिया गया। किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। पेंशन, आवास और राशन कार्ड मामले में भी उन्होंने आरोप लगाए हैं कि पात्रों को सुविधा नहीं मिल रही है। प्रधान का कहना है कि अगर कब्जे नहीं हटे और जनहित के काम नहीं हुए तो मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा दे दूंगी।

# दूल्हा बना था प्रेमी, घर पहुंच गई उसकी प्रेमिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृतविचार।** प्रेमी की शादी की जानकारी पर प्रेमिका महिला मोर्चा के साथ उसके घर जा पहुंची, जिस पर युवक के परिजनों ने उसे डरा धमका कर भगा दिया। इसके बाद प्रेमिका ने बर्रा थाने में युवक पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस दूल्हा बने प्रेमी को थाने ले आई। देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास चलता रहा।

बर्रा निवासी युवती ने बताया कि चार साल पहले एक पारिवारिक शादी में उसका परिचय रिश्तेदारी में आने वाले खाड़ेपुर निवासी युवक से हुआ था। इस बीच युवक ने शादी करने का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। युवती का आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर युवक ने फोन उठाना बंद कर दिया। बुधवार को जानकारी मिली कि युवक गुरुवार को उन्नाव बांगरमऊ निवासी युवती से शादी कर रहा है। इसके बाद पीड़िता महिला बाल कल्याण परिवार की रेखा चंदेल व महिला मोर्चा की रजनी सेंगर, गुड्डी तिवारी के साथ युवक के घर पहुंची तो परिजनों ने उन्हें भगा दिया। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती की शिकायत पर युवक को थाने लाया गया है। समझौता न होने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# एक घंटे की बारिश में सुरंग में भरा पानी

**कानपुर।** गुरुवार सुबह एक घंटे बारिश के बाद सेंट्रल की सुरंग में पानी भर गया। मैनहोल से दुर्गंध निकलने से यात्रियों का सांस लेना दुश्वार रहा।

प्लेटफार्म 5-6 के सामने सुरंग में गुरुवार शाम तक पानी भरा रहा। इस कारण प्लेटफार्म एक की तरफ से आने वाले और प्लेटफार्मों पर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई। गुरुवार सुबह एक घंटे बारिश हुई, इसके बाद सुरंग में पानी भर गया। यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी सुरंग में मैनहोल से हुई। मैनहोल जाम होने के कारण सुरंग में दुर्गंध फैल रही थी। पानी में गंदगी के कारण यात्री बचकर निकले। भीड़ होने पर लोग उसी गंदगी से होकर निकले और रेलवे की व्यवस्था को जमकर कोसा।

# दस्तक अभियान शुरू, अपर निदेशक ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर-घर जाकर दस्तक देंगी आशाएं, बीमार लोगों की बनाएंगी सूची

**अमृत विचार।** रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल से सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने दस्तक अभियान की शुरुआत की। अभियान शुरू होने पर जमीनी हकीकत जानने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल सरसौल के भेवाली गांव पहुंची। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की और मौजूद आशाओं को निर्देश दिए कि सिर्फ रजिस्टर नहीं भरना है, बल्कि एक-एक घर जाकर बीमार लोगों की सूची बनानी है और इलाज मुहैया कराने के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में जानकारी देनी है। ताकि वह जल्द हो सके।

बारिश में लोगों को संक्रमित होने और मच्छरजनित रोगों से बचाने के लिए 11 जुलाई को जिले में दस्तक अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान के दौरान आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी। संबंधित व्यक्ति से बीमारी के लक्षण बताकर उनसे जानकारी लेंगी। अगर कोई व्यक्ति बीमार मिलता है तो उसकी सूचना संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में देंगी, जिसके बाद स्वास्थ्य केंद्र की टीम बीमार व्यक्ति को इलाज मुहैया कराएंगी। लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर आशा कार्यकर्ता ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। ताकि संबंधित मरीजों इलाज करने के साथ ही उनका फॉलोअप किया जा सकेगा। इस संबंध में अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने अधिकारियों से साथ बैठक कर रूपरेखा भी तैयार की है। कहा जिन भी नए क्षेत्रों में बीमार लोग मिलते हैं, उनकी भी सूची तैयार की जाए। औचक निरीक्षण में कमियां मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

**हेल्थ जोन** — जिले में शुरू हुआ विश्व जनसंख्या पखवाड़ा, गोष्ठी कर किया जागरूक

# मातृ-शिशु को स्वस्थ बनाने में परिवार नियोजन अहम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



परिवार नियोजन के सामग्री स्टॉल को देखतीं अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल।

**अमृत विचार।** मातृ एवं शिशु को स्वस्थ बनाए रखने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में परिवार नियोजन की भूमिका अहम है। परिवार नियोजन साधनों को बढ़ाना जरूरी है। परिवार नियोजन के फायदे बताकर लाभार्थी को प्रेरित कर जागरूक करें। यह बात चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने कही।

विश्व जनसंख्या दिवस पर रामादेवी स्थित कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर में गोष्ठी में अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपर निदेशक ने यूपीटीएसयू व पीएसआई की टीम द्वारा लगाए गए परिवार नियोजन के सामग्री स्टॉल को देखा। कहा कि सारथी वाहन परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करें। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने कहा कि पखवाड़े की थीम मां और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतराल निर्धारित है। इसका स्लोगन विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान है। चिकित्सा इकाइयों पर 11 से 24 जुलाई तक पखवाड़ा में लाभार्थियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी जाएगी।

### सम्मानित हुए डॉक्टर व आशा कार्यकर्ता

बीते वर्ष परिवार नियोजन में बेहतर कार्य पर डफरिन अस्पताल की सीएमएस डॉ.रुचि जैन, सीएचसी बिधनू की सर्जन डॉ. मनीषा शुक्ला, सीएचसी कल्याणपुर की सर्जन डॉ. अर्चना, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. अंजलि सचान व सीएचसी शिवराजपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.अनुज दिक्षित को सम्मानित किया गया। सीएचसी बिल्हौर की आशा नीलम देवी को सर्वाधिक पुरुष नसबंदी, सीएचसी कल्याणपुर की आशा निषाद को सर्वाधिक महिला नसबंदी, सीएचसी पतारा की आशा मिथलेश सविता को सर्वाधिक पीपीआईयूसीडी और सीएचसी भीतरगांव की आशा अर्चना द्विवेदी को सर्वाधिक अंतरा इंजेक्शन लगवाने के लिए प्रेरित करने पर सम्मानित किया गया।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

अस्पताल के सीएमएस (कार्यवाहक) डॉ. नवीन चंद्र, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. पीयूष मिश्रा, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिफ्सा के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राजन प्रसाद, डीपीएम, डीसीपीएम, मंडलीय एफपीएलएमआईएस एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक अर्जुन प्रजापति, सहयोगी संस्था यूपीटीएसयू व पीएसआई के प्रतिनिधि, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, आशा बहुएं, एएनएम आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# हथकरघा पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**कानपुर।** संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के तहत नगर, कानपुर देहात, उन्नाव के बुनकरों के आवेदन सहायक आयुक्त हथकरघा, कानपुर परिक्षेत्र में जमा होंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 सितंबर है। सहायक आयुक्त हथकरघा ने बताया कि आवेदन के लिए चार श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।

पुरस्कार का चयन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। प्रथम पुरस्कार 20,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15,000 व तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये का चेक, शील्ड व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **श्रीमती किशनी पत्नी तिलक, निवासी– बिबिया पारा, परगना– हिसामपुर, तहसील कैसरगंज, जिला– बहराइच** की मूल निवासिनी हूं मेरा नाम कुछ जगहों पर किशनी तथा कुछ कागजात में विटाना दर्ज है जो दोनो ही सही है व मेरे ही नाम है इस दोनो नाम से मैं जानी पहचानी जाती हू इस नाम से मेरे गांव में कोई दूसरी महिला नही है यदि इस नाम से कोई महिला किसी प्रकार का दावा करती है तो वह निराधार है। **श्रीमती किशनी उर्फ विटाना पत्नी तिलक, निवासी– ग्राम– बिबियापारा, परगना– हिसामपुर, तहसील कैसरगंज, जिला– बहराइच**

**सूचना**

सूचित कराना है मैं, **राजन शुक्ला पुत्र जगदेव शुक्ला, निवासी–974, राजीव विहार, मछरिया रोड, नौबस्ता, कानपुर नगर, उ0प्र0** का निवासी हूँ मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम राजन शुक्ला व बैंक खाते में राजन कुमार शुक्ला लिखा हुआ है, जो कि राजन कुमार शुक्ला व राजन शुक्ला दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है इस नाम का कोई अन्य नहीं है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा नाम सोना बी पत्नी अहमद लश्करी है। बैंक खाते में सोना पत्नी अहमद लश्करी हो गया है, मेरे आधार में मेरा नाम सोना बी है जो सही है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **सोना बी पत्नी अहमद लश्करी निवासी जुलाहन पुरवा असरना करनैलगंज गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती तविशा सहगल पत्नी सौरभ सहगल, नि0–85/8 इण्डस्ट्रियल कालोनी, गोविन्दनगर, कानपुर नगर** शादी से पूर्व मेरा नाम गुरप्रीत कौर पुत्री बलविन्दर सिंह था। शादी के बाद मैने अपना नाम बदलकर तविशा सहगल पत्नी सौरभ सहगल रख लिया है मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ और दोनो ही नाम मेरे है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सत्यराम उर्फ अजय अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम सत्यराम पुत्र फागू है यही मेरे आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। मुझे सत्यराम पुत्र फागू के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **सत्यराम पुत्र फागू निवासी तहसील व जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पत्नी का नाम किरन देवी है जो कि आधार कार्ड समेत सभी दस्तावेज में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे विभागीय अभिलेखों में किरन हो गया है जो कि गलत है। सही नाम किरन देवी है। **–वीरेद्र सिंह पुत्र बनबारीलाल नि. गसीमपुर, मौजा उमर्दा, तहसील तिर्वा, जन. कन्नौज**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं IFTIKHAR AHMAD, ANSARI पुत्र FAIYAZ AHMAD निवासी–वार्ड नं0–3 कटरा बाजार, वीरपुर जिला गोण्डा का रहने वाला हूँ। मैंने अपना नाम बदल कर IFTIKHAR AHMAD रख दिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम हो जाना वा पहचाना जाए

# काम करते समय निर्माणाधीन टंकी से गिरा मजदूर, हुई मौत

## कटरा रहमत खां क्षेत्र का मामला, हरदोई जिले का निवासी था मजदूर


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


मजदूर के गिरने से टूटी पड़ी बल्लियां। अमृत विचार

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कटरा रहमत खां में निर्माणाधीन टंकी का पाड गिरने से मजदूर की मौत हो गई। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक हरदोई जिले का रहने वाला था।

हरदोई के थाना बिलग्राम के गांव जरेला निवासी राकेश राजपूत का 20 वर्षीय पुत्र शोभित 3 दिन पहले कटरा रहमत खां में जल जीवन मिशन के तहत बन रही टंकी निर्माण में लगा था। गुरुवार को वह पाड़ बांध रहा था। अचानक वह असंतुलित होकर पाड़ समेत नीचे जा गिरा और नीचे लगे सोलर पैनल के पिलर पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख साथ काम रहा उसका भाई कौशल, नितिन समेत अन्य मजदूर मौके पर दौड़े और शोभित को गंभीर हालत में सीएचसी लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। नितिन ने बताया जब उसका भाई घायल हो गया तो उसने 108 एंबुलेंस पर काल की। काफी समय तक एंबुलेंस नहीं आई। इसके बाद वह तांगे से सीएचसी लेकर पहुंचा। परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी पर ठेकेदार विशाल गुप्ता मौके पर पहुंचे। सीएचसी पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की जानकारी पर चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी ने जांच पड़ताल की।

### सुरक्षा मानकों का नहीं दिया जा रहा ध्यान

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** जलजीवन मिशन के तहत कटरा रहमत खां में हो रहे टंकी निर्माण में मजदूरों के सुरक्षा मानकों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। गुरुवार को हादसा हुआ तो मजदूरों के पास न हैलमेट थे न ही सुरक्षा बेल्ट। टंकी के आसपास जाल भी बंधा नहीं था। इससे निर्माण कंपनी की लापरवाही सामने आ रही है।


शोभित।

- जल जीवन मिशन के तहत हो रहा निर्माण

## केबल बक्सा फुंकने से 200 गांवों की बिजली गुल

**कंपिल, फर्रुखाबाद।** रुटौल बिजली उपकेंद्र में भटासा फीडर का केबल बक्सा फुंक गया। इससे जुड़े 200 गांवों के लोग परेशान हो गए। उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। पानी का संकट भी गहरा गया है।

गुरुवार सुबह रुटौल बिजली घर पर अचानक भटासा फीडर का बक्शा फुंक गया। इससे त्योरखास, किंदनगला, ब्राहिमपुर, बरखेड़ा आदि 200 गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जब काफी देर आपूर्ति नहीं आई तो ग्रामीणों ने बिजली उपकेंद्र पर काल करना शुरू कर दिया। बिजली न आने से पानी के लिए लोग नल पर कतार लगाए नजर आये।

गर्मी से लोग बेहाल रहे। बच्चे सुबह पानी न होने की वजह से स्कूल समय पर नहीं पहुंच सके। 10 घंटे बीतने के बाद भी बिजली आपूर्ति चालू नहीं हो सकी। जेई ग्रामीण वसीम रजा ने बताया कि बिजली घर में कमी के चलते आपूर्ति बाधित हो गयी है। मरम्मत कार्य चल रहा है। शीघ्र ही आपूर्ति शुरू करवा दी जाएगी। एसडीओ विनोद कनौजिया ने बताया बिजली घर में केबल बक्शा फुंक गया है। जल्द ही आपूर्ति चालू करवा दी जायेगी।

# कालिंदी एक्सप्रेस से युवक को खींचकर किया अगवा, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर स्टेशन पर युवक को जमकर पीटने के बाद टांगकर ले गए
- अपहरण का वीडियो वायरल होने पर उत्तरीपुरा के पास छोड़कर भागे
- पीड़ित युवक ने फर्रुखाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्टेशन पर 10-12 युवकों ने कालिंदी एक्सप्रेस से खींचकर युवक को अगवा कर लिया। युवकों ने प्लेटफार्म पर पहले उसे जमकर पीटा, फिर टांगकर जीटीरोड पर खड़ी कार से लेकर फरार हो गए। घटना का वीडियो वायरल होने पर आरोपी अगवा युवक को उत्तरीपुरा के पास छोड़कर भाग निकले। अनवरगंज जीआरपी को सूचना देने के बाद पीड़ित युवक ने फर्रुखाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, फर्रुखाबाद में उसका मेडिकल हुआ। उत्तरीपुरा के पूरा गांव निवासी विमल कुमार दुबे का बेटा अक्षय कुमार प्रतिदिन नौकरी पर कल्याणपुर स्टेशन तक ट्रेन से आता है। गुरुवार को भी अक्षय शिवराजपुर से कालिंद्री एक्सप्रेस से कल्याणपुर स्टेशन करीब सवा नौ बजे पहुंचा। अक्षय के अनुसार जब वह ट्रेन से उतर रहा था, तभी प्लेटफार्म पर खड़े 10-12 युवकों ने उसे खींच लिया और पीटने लगे। इसके बाद टांगकर जीटीरोड पर खड़ी कार में डालकर ले गए। स्टेशन से युवक का अपहरण का वीडियो वायरल होने पर पुलिस सक्रिय हो गई। (अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है) तो आरोपी युवक को उत्तरीपुरा के पास कार से उतारकर भाग निकले। पीड़ित अक्षय के अनुसार आरोपी युवक कार में उसे पीटते ले गए। सभी के पास धारदार हथियार भी थे। चिल्लाने पर मुंह में तमंचा डाल दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद कल्याणपुर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने जीआरपी का मामला बताकर अनवरगंज भेज दिया। इधर से उधर चक्कर लगाने के बाद जीआरपी अनवरगंज ने तहरीर ली। जीआरपी अनवरगंज चौकी इंचार्ज शाम को मुकदमा दर्ज कराने के लिए उसे फर्रुखाबाद जीआरपी थाने ले गए। अक्षय के अनुसार राधन गांव निवासी हिमांशु द्विवेदी उससे रंजिश रखता है। जब वह कल्याणपुर स्टेशन पहुंचे तो हिमांशु के साथ प्रकुल, राजेश, भइया और आयुष और गोवा गार्डेन निवासी आशुतोष यदुवंशी पहले से मौजूद थे। ट्रेन से खींकर पीटा।

### यात्रियों ने नहीं किया विरोध

अक्षय के अनुसार प्लेटफार्म यात्रियों से भरा था, मगर आरोपियों के पास धारदार हथियार और असलहा होने के कारण कोई विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। कुछ लोगों ने चोरीछिपे वीडियो बनाया। इक्का-दुक्का लोगों ने विरोध करने की हिम्मत की, मगर आरोपियों के धमकाने पर किनारे हो गए।

### दिनभर चला सीमा विवाद का मामला

स्टेशन से एक युवक को अगवा कर लिया, इस मामले में कार्रवाई के बजाय जीआरपी और कल्याणपुर पुलिस दिनभर सीमा विवाद को लेकर उलझी रही। उत्तरीपुरा से पीड़ित युवक भी शहर आ गया। कल्याणपुर थाने में उसने तहरीर दी। इसके बाद अनवरगंज और कल्याणपुर के बीच चक्कर लगाता रहा। बाद में अधिकारियों के दखल पर सुनवाई हुई और अनवरगंज जीआरपी शाम को युवक को लेकर फर्रुखाबाद थाने गई।

## एक नजर

### राजेपुर में खुला जिम सेंटर ब्लॉक प्रमुख ने की शुरुआत

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर ब्लॉक में जिम सेंटर खोला गया है। ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने फीता काट कर इसकी शुरुआत की। राजेपुर कस्बा में पहली बार बजरंग जिम सेंटर खोला गया। इस मौके पर शिव स्वरूप बच्चा स्वामी महाराज ने कहा कि कस्बे में जिम सेंटर खुलने से युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी, पूर्व प्रधान उमेश, जिला पंचायत सदस्य भैया पंडित, सिंह फौजी सुरेंद्र सिंह फौजी, नीतीश, शिबू आदि मौजूद रहे।

### छत से गिरी बालिका

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव लभेड़ा निवासी 6 वर्षीय सुमन पुत्री मदनपाल सिंह छत पर खेल रही थी। तभी बालिका खेलते समय नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घरवालों की मदद से घायल को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

### अचेत मिला अज्ञात

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ पुलिस लाइन के पास दोपहर को एक अज्ञात अचेत हालत में पड़ा मिला। स्थानीय दुकानदारों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल लोहिया भिजवाया। वह कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में पुलिस लाइन के सामने गुरुवार दोपहर को बेहोश पड़ा था।

### युवती प्रेमी के साथ फरार नकदी भी ले जाने का आरोप

**कंपिल फर्रुखाबाद।** बुधवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला मजदूरी करने के लिए दूसरे गांव में गयी थी। घर पर उसकी लड़की अकेली थी। पड़ोस में रह रहा युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। युवती अपने साथ नकदी और जेवर भी ले गयी। महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस आरोपी युवक के घर पहुंची तो घर में ताला पड़ा हुआ था।

# सीएमओ ने पांच नव दंपतियों को बांटीं शगुन किट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विश्व जन संख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुरू हुआ। जोकि 24 जुलाई तक चलेगा। पखवाड़े के तहत जिले भर में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। अच्छे जीवन के लिए दो बच्चे ही काफी है। यह संदेश पहुंचाने का लक्ष्य बनाया गया है।

जिला अस्पताल लोहिया परिसर में गुरुवार को जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जन संख्या को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए जाएं, इस पर चर्चा हुई।

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने कहा कि भारत के क्षेत्रफल से बड़े भूभाग वाले ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या मात्र 3 करोड़ है। लेकिन भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है। एक अच्छे जीवन के लिए दो बच्चे काफी हैं। आशा बहुओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या नियंत्रण के लाभ के बारे में प्रचार प्रसार करने को कहा। इस दौरान एसीएमओ डॉ. दलवीर सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

अधिकारियों ने पांच नव दंपति को शगुन किट देकर जनसंख्या नियंत्रण को प्रेरित किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ आरसी माथुर, बीसीपीएम कंचल बाला, सीएमएस महिला डॉ. कैलाश दुल्हानी आदि मौजूद रहे।

- ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश


नव दंपति को शगुन किट देते सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद कार्मिक व लोग। अमृत विचार

### जनसंख्या नियंत्रण के लिए बनाने होंगे कठोर नियम

**कायमगंज।** राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर कृष्णा प्रेस परिसर में गोष्ठी हुई। इसमें प्रो. रामबाबू मिश्र 'रत्नेश' ने कहा कि बेरोक टोक बढ़ रही आबादी को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए कड़े कानून बनाने से वोट जीवी सरकारें डरती हैं। प्रधानाचार्य शिव कान्त शुक्ल ने कहा कि सीमित संसाधन होने से जनसंख्या का अतिरेक सारी समस्याओं की जड़ बना हुआ है। इस दौरान युवा शिक्षक अनुपम मिश्रा, अधिवक्ता हरवेंद्र सिंह, वीएस तिवारी, जेपी दुबे, शिव कुमार दुबे ने भी विचार रखे। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौड़ ने की।

## घरेलू विवाद में पत्नी ने घर में रखीं दवाइयां खाईं, रेफर

**कायमगंज।** भोगपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने घर में रखी दवाईयां खा ली। गंभीर हालत में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। गुरुवार की सुबह कंपिल क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी स्नेहा व उसके पति यशपाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। स्नेहा ने गुस्से में आकर घर में रखी दवाईयां खा ली। उल्टियां हुईं तो परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां उसे प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अमृत सरोवर का पूर्व मंत्री ने किया लोकार्पण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ब्लॉक शमसाबाद के गांव मंझना में जिला पंचायत निधि से 53 लाख रुपये की लागत से बने अमृत सरोवर का पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव भी मौजूद रहीं। सरोवर किनारे पौधरोपण कर उन्होंने ग्रामीणों को तालाब की सफाई रखने के अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर चलाई जा रही बहुआयामी योजनाओं के तहत गांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव ने अमृत सरोवर का लोकार्पण किया।


अमृत सरोबर का लोकार्पण करते पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह सरोवर गांव व आसपास के सभी गांवों के लिए आदर्श बन सकता है। बशर्ते इस तालाब की सफाई व रखरखाव का सभी ध्यान रखें।

उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें। इस दौरान पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, ग्राम प्रधान सत्येंद्र चतुर्वेदी, प्रधान सुशील यादव, प्रधान उमेश चतुर्वेदी, रत्नेश गोस्वामी, सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## समस्या

कई गांवों में घुसा रामगंगा का पानी, लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी

# गंगा का घट रहा जलस्तर, रामगंगा उफान पर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पिछले कई दिनों से गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। गुरुवार को गंगा का जलस्तर घटने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जबकि रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ना लगातार जारी है। रामगंगा चेतवानी बिंदु से मात्र 40 सेमी दूर रह गई है।

गुरुवार को नरौरा बांध से गंगा नदी में 25060 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जोकि पहले के दिनों की अपेक्षा काफी था। इसका असर भी देखने को मिला। गंगा नदी का जलस्तर 60 सेमी घट गया। बुधवार तक गंगा जिले में चेतावनी बिंदु से 5 सेमी दूर रह गई थी। अब जलस्तर घटकर 135.95 मीटर आ गया। जिससे गंगापार के दर्जनों गांव में लोगों को राहत मिली है। कई गांव के मुहाने तक गंगा की बाढ़ का पानी पहुंच गया था। जोकि जलस्तर घटने से कम हो गया। खेत बाढ़ के पानी कम होने से खाली हो गए हैं।



गंगा का घटा जलस्तर। अमृत विचार

### चेतवानी बिंदु के करीब रामगंगा

रामगंगा में खो हरेली, रामनगर बैराज से कुल 4733 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं रामगंगा नदी का जलस्तर 45 सेमी बढ़ कर 136 .20 मीटर पर पहुंच गया। रामगंगा का चेतावनी बिंदु 136 .60 मीटर है। अभी रामगंगा 40 सेमी चेतावनी बिंदु से दूर है। रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से इसके डूब इलाकों में ग्रामीणों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि अमृतपुर तहसील क्षेत्र के सोता नाला और अधुई नाला में पानी पहुंचना शुरू हो गया है। इससे लोग खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। इधर रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में पानी जाना शुरू हो गया है। खेतों पर पानी पहुंचने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

## उपजिलाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

- समैचीपुर चितार का मामला मातहतों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बाढ़ प्रभावित गांव समैचीपुर चितार का उपजिलाधिकारी ने दौरा किया। इस दौरान रोड किनारे रह रहे ग्रामीणों को शरणालय में शिफ्ट किया। वहीं राजस्व कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने गुरुवार को राजस्व कर्मियों के साथ शमसाबाद क्षेत्र में गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित हुए गांव समैचीपुर चितार पहुंचकर जायजा लिया। जहां उन्होने बाढ़ चौकी पर तैनात कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी ने रोड किनारे झोपड़ी डाल कर रह रहे 12 परिवारों को शमसाबाद स्थित शरणालय में शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों से उनके नाम, मोबाइल नम्बर, खाता संख्या व जरुरी प्रपत्र मांगे। उपजिलाधिकारी ने कहा ग्रामीणों को जल्द ही राहत साम्रगी भी दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि रोड के किनारे रह रहे ग्रामीणों की बस्ती पहले बाढ़ के कारण कट गई थी जिससे दर्जन भर परिवार वन विभाग की जगह पर रह रहे थे। लेकिन इस बार बाढ़ की वजह से वन विभाग की जगह में पानी आ गया। इसलिए वह रोड के किनारे आ गए। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द ग्रामीणों के लिए आवासीय पट्टों के लिए प्रक्रिया की जाए। एसडीएम ने तहसील सभागार में तहसीलदार, नायब तहसीदार राजस्व कर्मियों के अलावा पूर्ति विभाग के साथ बैठक की।

## रोडवेज की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त चालक घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर रोडवेज बस और पिकअप की भिडंत हो गई। इससे पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप के चालक को बमुश्किल निकाल कर सीएचसी भिजवाया। ट्रैक्टर से खिंचवाकर पिकअप को सड़क से अलग हटाया गया। जिसके बाद आवागमन शुरू हो पाया।

थाना राजेपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर गुरुवार को कुतलुपुर पेट्रोल पंप के सामने यह हादसा हुआ। थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर उप निरीक्षक राजीव कुमार फोर्स के साथ आ गए। काफी प्रयासों के बाद पिकअप में फंसे ग्राम जैनापुर निवासी चालक विकास को बाहर निकाल राजेपुर सीएचसी पहुंचाया में भर्ती करवाया गया। थाना अध्यक्ष राजेपुर ने बताया कि पिकअप चालक की तरफ से तहरीर आ गई है।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने किया बढ़पुर स्कूल का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने प्राथमिक विद्यालय निनौआ एवं अर्जुननगला, ब्लॉक बढ़पुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत निम्न पाया गया। छात्रों में सामान्य जानकारी का अभाव था। जिलाधिकारी ने बच्चों से गणित व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे। जिसका संतोषजनक जबाव बच्चे नहीं दे सके।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना शमसाबाद क्षेत्र में गुरुवार को हुई बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर थाना जरियनपुर क्षेत्र के गांव इस्लामनगर निवासी 35 वर्षीय अमीर पुत्र छोटे मियां बाइक से अपने चाचा शकील और अंसार अली के साथ फर्रुखाबाद आ रहा था। शमशाबाद थाने के पास दूसरी बाइक सवार ने अमीर मियां की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अमीर मियां, शकील और अंसार अली गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक जख्मी

**फर्रुखाबाद।** क्षेत्रीय सहकारी समिति के निकट दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कमालगंज कस्बे के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी बृजेश गौतम का 20 वर्षीय पुत्र हर्ष बाथम सुबह आढत जा रहा था। इस दौरान कतरौली पट्टी के मजरा खेरे नगला निवासी जय सिंह राजपूत का 21 वर्षीय पुत्र सतीश अपने माता-पिता को फर्रुखाबाद छोड़कर घर वापस आ रहा था। क्षेत्रीय सरकारी समिति के सामने दोनों वाइकें आपस में टकरा गईं। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पिकअप की टक्कर से महिला घायल

**कंपिल।** पिकअप की टक्कर से महिला घायल हो गई। थाना क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी धनदेवी गुरुवार सुबह किसी काम से पड़ोसी के घर गयी थी। वापस लौटते समय मुरारी लाल के घर के सामने, बैक हो रही डेरी वाली पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। परिजनों ने उन्हें सीएचसी कायमगंज में भर्ती करवाया।

### हादसे में पेट्रोल पंप मालिक की पत्नी की मौत, पौत्री घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव बरौन निवासी सेवानिवृत्त एसडीओ सुभाष चंद्र कठेरिया की 57 वर्षीय पत्नी विरमा देवी कठेरिया रोज की तरह सुबह टहलने के लिए निकली थी। वह नवाबगंज मार्ग स्थित अपने पेट्रोलपंप से वापस घर लौट रही थीं। गांव सेसटी माइनर की पुलिया पर पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर से विरमा देवी उछलकर सड़क पर दूर जा गिरीं और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनके साथ चल रही पौत्री के भी हल्की चोट आई है। पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। कुछ देर बाद आयी यूपी-112 पुलिस चालक को थाने ले गई।

### तालाब में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम ढिलावल में तालाब में अज्ञात युवक का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी पर सीओ अमृतपुर सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पहुंचे, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। उसने पीले रंग की शर्ट और हल्के नीले रंग का पैंट पहना हुआ था। कुछ देर में सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय और फोरेंसिक टीम भी आ गई फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। जानकारी के अनुसार एक युवक मौके पर पहुंचा है, जो मृतक को अपना भाई बता रहा है। लेकिन आधिकारिक तौर पर शिनाख्त की पुष्टि नहीं हुई है।

### महिला के ऊपर गिरी दीवार

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** गांव इकलहरा में खाना बनाते समय अचानक महिला के ऊपर दीवार गिर गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। कंपिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी हशरत की पत्नी खुशनुमा घर में खाना बना रही थी। खाना बनाते समय अचानक उसके ऊपर दीवार गिर पड़ी। महिला लोहिया अस्पताल में भर्ती है।

### दो ने पीया कीटनाशक, हालत गंभीर

**कायमगंज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव भागीपुर निवासी हिमांशु, कंपिल क्षेत्र के गांव शाहीपुर निवासी मायादेवी ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर दौड़े।

## मजदूर को सांप ने डसा

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी बबलू करीमनगर में प्रेमचंद्र के घर मजदूरी करने गया था। गुरुवार की सुबह नींव खोदते समय उसके पैर में सांप लिपट गया और उसे डस लिया। साथ काम कर रहे लोग दौडे। और उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या H4895341 में मेरा पता मोहल्ला काजम खा, तहसील कायमगंज था। अब मेरा सही पता ग्राम कुवेरपुर, कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद है। जो वास्तव में सही है। आधार संख्या 27303 7911590, पेन कार्ड नंबर CDJPS 4008N में भी मेरा पता ग्राम कुवेरपुर ही अंकित है। मोहम्मद इरफान पुत्र दिलशाद अहमद निवासी ग्राम कुवेरपुर, कायमगंज, पिन कोड 209502 जनपद फर्रुखाबाद

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक- 400/न.पा.प.का/2024-25 दिनांक 09.07.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बेबी गुप्ता पत्नी विपिन गुप्ता निवासी मोहल्ला लोकमन ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 228/36-N101 मोहल्ला बगिया मंगूलाल पर निशा पत्नी रामवीर के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के तीस दिनों के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयाविधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर बिचार नहीं किया जाएगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अंतर्गत अध्यासी (मात्र करो की बसूली हेतु स्वामित्व के संबंध नहीं) के रूप से दर्ज किए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**न.पा.प. कायमगंज, फर्रुखाबाद**

# दो ट्रैक्टर बरामद, गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

## चोरी में शामिल अन्य पांच आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर दिया है। लूटे गए दो ट्रैक्टरों को बरामद कर पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गिरोह के पांच सदस्य फरार हैं। पुलिस इन सभी की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला अर्जुन से छह जून को चोरी हुए किसान के ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद किया है।


ट्रैक्टर चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते एसएसपी संजय कुमार, साथ में आरोपी।

गांव नगला अर्जुन निवासी दिनेश पुत्र गंगाप्रसाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 6 जून की रात को अपने खेत में महिन्द्रा ट्रैक्टर खड़ा करके रिश्तेदार श्याम सिंह को टैक्टर के पास लिटा था। कुछ दूरी पर खेत पर पानी लगाने चला गया। जब वह वापस आया तो ट्रैक्टर गायब था। पुलिस ने किसान की तहरीर पर ट्रैक्टर चोरी का मामला पंजीकृत किया था। इसी प्रकार दूसरा ट्रैक्टर दयालपुरा गांव निवासी एक किसान के घर से चोरी हुआ था।

एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि मंगलवार रात्रि में पुलिस ने फुलरई के पास शंकर ढाबे के पास बंद पड़े ईंट-भट्ठे के पीछे से राजेश कुमार उर्फ सुनील पुत्र भूरे सिंह उर्फ सुभाष चंन्द्र निवासी ग्राम गुदाऊठार डूॅमर सिंह, थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर दोनों महिन्द्रा टैक्टर बरामद किए।

प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि मंतोष पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला भजन, थाना एका जनपद फिरोजाबाद, सत्यप्रकाश पुत्र घासीराम निवासी ग्राम महलई, थाना रामगढ, जनपद फिरोजाबाद, अभिषेक पुत्र इन्द्रवीर सिंह निवासी ग्राम किशनपुर, थाना निधौलीकला जनपद एटा, लालू उर्फ अजय पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम पिलस्टर, थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, जैकी उर्फ भूरा पुत्र नासिर निवासी ग्राम टिकिया, थाना डिडौली जनपद अमरोहा के नाम चोरी के घटना में प्रकाश में आए हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। खुलासा करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, अनुज कुमार, बेलाल अहमद, विकास, रविन्द्र आदि पुलिस कर्मियो के नाम प्रमुख है। पुलिस ने पकड़े गए चोर को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# आशु का आईआईटी रुड़की में हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कड़ी मेहनत से पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता
- स्कूल प्रबंधन ने प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित

**अमृत विचार।** संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल, आलमपुर हौज़, इटावा के मेधावी छात्र रहे आशु यादव ने अपनी स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ जेईई की तैयारी करते हुए अपने प्रथम प्रयास में ही कड़ी मेहनत और विद्यालय के अच्छे शैक्षिक मार्गदर्शन के साथ आईआईटी रुड़की जैसे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में दाखिला पाया है।

संत विवेकानंद के होनहार छात्र आशु यादव अलियापुर, भरथना के निवासी हैं और स्व.उमेश चंद्र यादव के छोटे पुत्र हैं। 2020 में पढ़ाई की दौरान अचानक से सिर से पिता का साया उठने के बाद भी आशु के हौसले कम नहीं हुए। आशु के बड़े भाई अंकित यादव भी एमपी पुलिस में तैनात हैं।

आशु के प्रथम प्रयास में ही देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी रुड़की में चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों में हर्ष है। प्रिंसिपल डॉ. आनंद एवं एसएमजीआई इटावा के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने आशु यादव को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।


आशु को प्रतीक चिह्न देते एसएमजीआई के चेयरमैन विवेक यादव। अमृत विचार

# पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाए विश्वकर्मा योजना का लाभ

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 1200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए तथा एक परिवार का एक ही व्यक्ति होना चाहिए एक ही परिवार के अधिक व्यक्तियों को लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायत में प्रधान से मुनादी करा कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजना की जानकारी के लिए जागरूक किया जाए। योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा दिया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र सुधीर कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में 1200 का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो संबंधित विभागों को आवंटित कर दिया गया है।

जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राय चौबे, सीडीओ अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, ईओ नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह मौजूद रहे।

# महेवा बिजली घर के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण

- 25 घंटे बाद बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति अंधेरे में डूबे थे सैकड़ों गांव

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना क्षेत्र में बिजली के तारों पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण महेवा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे तक अनवरत बाधित रही। आधा सैकड़ा से अधिक गांव अंधकार में डूबे रहे। भीषण गर्मी में लोग उमस के कारण बिलविला गये। रात भर घर की छतों पर हाथ के पंखों की सहायता से एवं पेड़ की छांव में बैठकर समय गुजारते रहे। गर्मी और उमस से परेशान और आक्रोशित ग्रामीणों ने महेवा बिजली घर के बाहर धरना शुरू कर दिया।

ग्रामीणों के धरने पर बैठने के कुछ घंटों बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे बारिश व तेज हवाओं के कारण भरथना से 33 हजार की मुख्य आपूर्ति लाइन में कमी आने के चलते महेवा बिजली घर की आपूर्ति ठप हो गई। अहेरीपुर फीडर ,अनंतराम फीडर , इकनोर फीडर व महेवा, बहेड़ा टाउन से जुड़े करीब 70 से 80 गांवों की आपूर्ति बंद रही।

इतना ही नहीं किसी भी सक्षम विद्युत कर्मी व अधिकारी ने लोगों को खराबी का मूल कारण बताना भी उचित नहीं समझा। यहां तक कि जेई और एस डी ओ ने जिम्मेदार लोगों का भी फोन उठना मुनासिब नहीं समझा।

गुरुवार की सुबह 10 बजे ग्रामीणों का धैर्य ज़बाब दे गया। लोगों ने बिजली घर पर पहुंचकर धरना शुरू किया तो 25 घंटे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू की गई। बिजली खराब होने के चलते सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों का कार्य प्रभावित हुआ।

वहीं स्कूली बच्चों को भी भीषण गर्मी में कक्षाओं में बैठकर पढ़ना पड़ा। वहीं सपा नेत्री सरिता यादव, मिथुन पांडेय, रामजी तिवारी, ब्रजेश मिश्रा, मनीष दीक्षित, पंकज मिश्रा, अमित मिश्रा आदि ने उच्चाधिकारियों से विद्युत व्यवस्था सही कराने की मांग की है।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने कचहरी पर धरना-प्रदर्शन किया। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष उपेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से तमाम प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस पर नियंत्रण के लिए कानून बनाकर उसे लागू करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि विभिन्न सामाजिक वर्गो के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में मनोज त्रिपाठी, मंजू, केशव प्रधान, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अभिनव पांडे, विजय पांडे, रोहित यादव, विनीत दीक्षित, मनोज शाक्य, बादशाह कठेरिया, शकील अहमद, अरुण तिवारी, सुधीर पांडे आदि लोग शामिल रहे।



ज्ञापन देते पूर्व प्रधान चितभवन मनोज त्रिपाठी एवं अन्य। अमृत विचार

- जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने कचहरी में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बेसिक शिक्षा परिषद में डिजिटल फेस छायांकन व डिजिटलाइजेशन कराये जाने के विरोध में गुरुवार को शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कौशल कुमार को सौंपा।


कचहरी में धरने पर बैठे परिषदीय शिक्षक। अमृत विचार

- शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मंगेश यादव, अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संजीव यादव, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष कामना सिंह, टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला अध्यक्ष शौकीन सिंह, अटेवा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि अच्युत त्रिपाठी, शेखर यादव ज्ञापन देने वालों में शामिल रहे।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि शिक्षकों की मूलभूत मांगों का निराकरण किया जाए। अटेवा के जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन ने बताया कि 15 जुलाई को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षक पुनः मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगें।

प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री योगेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र यादव, गिरीश यादव, यादवेंद्र सिंह, राजकुमार, नृपेंद्र यादव, अरुण सोनी, आशीष कृष्ण, हरगोविंद, अर्चना चौधरी, अच्युत त्रिपाठी, हरिनारायण, मनोज गजेंद्र, राहुल वर्मा, नरेंद्र, अरविन्द यादव, देवेश यादव, आलोक, राजेश पांडेय, विनोद यादव अरबिंद धनगर, केपी सिंह, सूर्यप्रकाश, आलोक चौहान, ऋषि कसाना, संजीव शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी पैथोलॉजी में नहीं हुईं जांचें, भटकते रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अर्थिंग फाल्ट होने से कामकाज रहा ठप, कानपुर से टीम बुलाई

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जिला अस्पताल की लापरवाही और बदइंतजामी का खामियाजा जिला अस्पताल में आए मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। अर्थिंग फाल्ट के कारण गुरुवार को तीसरे दिन भी पैथोलॉजी में कामकाज ठप रहा। जिला अस्पताल में इन दिनों कई महीनों से बिजली समस्या है। कभी बिजली की समस्या तो कभी पानी की समस्या।

अभी पिछले चार-पांच दिन से अर्थिंग की समस्या आने के कारण पैथोलॉजी में जांच का कार्य बंद है। दूरदराज से आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में लगभग 936 मरीज आए। करीब 300 मरीजों की जांच लिखी गई लेकिन पैथोलॉजी में जांच न हो पाने से मरीज वापस चले गए या प्राइवेट पैथोलॉजी पर चले गए।

पैथोलॉजी प्रभारी नीतू द्विवेदी का कहना है कि कानपुर से इंजीनियरों की टीम बुलाई गई है जो फाल्ट को सही कर रहे हैं। जल्द ही मशीन ठीक होकर सुचारू रूप से काम करने लगेगी । ओपीडी के मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है।

# चोरी में चार दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- न्यायालय ने 10-10 रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नौ ने 10 साल पुराने बाइक चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें तीन तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बताया गया है कि नौरंगाबाद निवासी अनिल कुमार की सिविल लाइन थाना क्षेत्र से सात जून 2014 को बाइक चोरी हो गई थी । पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन की और बाद में चोरी की बाइक को बरामद कर लिया था। पुलिस ने सचिन यादव पुत्र अशोक कुमार निवासी भगुलाई अछल्दा औरैया सिचन पुत्र केदार सिंह निवासी पासी पुर अछल्दा, राजीव पुत्र सूरज सिंह निवासी सुतियानी ऊसराहार व रवि



पुत्र सूबेदार निवासी अकबर पुर बसरेहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चारों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश कर दिए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नौ में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने चारों को दोषी पाया और उन्हें तीन तीन साल की सजा सुनाई । इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 10-10 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

कवायद | हर महीने 10 स्कूलों में कराया जाएगा कामकाज

# अब ग्राम पंचायतें सुधारेंगी स्कूलों की दशा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की दशा सुधारी जाएगी। सबसे ज्यादा जोर साफ सफाई पर दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस कामकाज की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है। योजना इस तरह बनाई गई है की प्रतिमाह जिले भर में अलग-अलग ब्लॉकों में कुल मिलाकर 10 स्कूलों की व्यवस्था सुधार दी जाए। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देशन में यह योजना बनाई गई है और जुलाई के महीने से ही इस पर कामकाज किया जाने लगेगा।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 1484 विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। दिन में बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं लेकिन कई स्थानों पर स्थित स्कूलों में साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। स्कूल परिसर के बाहर घास खड़ी है या जल भराव की समस्या है जिससे छात्रों और शिक्षकों को परेशानी होती है। अक्सर अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान स्कूलों में कुछ कमियां देखी जाती है जिन्हें दुरुस्त कराए जाने की जरूरत है। इस मामले को गंभीरता से लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूलों की दशा सुधारे जाने की जिम्मेदारी पंचायत राज विभाग को सौंपी है।


परिषदीय विद्यालयों के परिसर की अब होगी साफ-सफाई। अमृत विचार

इसके तहत पंचायत राज विभाग जिले के अलग-अलग ब्लॉकों में चिन्हित स्कूलों में कामकाज कराएगा। इस संबंध में पंचायती राज विभाग की ओर से स्कूलों का चिंहाकन भी कर लिया गया हैऔर यह भी निर्धारित कर लिया गया है कि इन स्कूलों में क्या-क्या काम कराना है। सबसे पहले साफ सफाई पर जोर दिया जाएगा उसके बाद जल भराव की समस्या का निदान भी किया जाएगा। इस संबंध में संबंधितों को निर्देश दे दिए गए हैं और जुलाई के महीने से ही कामकाज शुरू कर दिया जाएगा।

**व्यवस्था में होगा सुधार**

- जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों में स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की दशा सुधारी जाएगी। वहां साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे जिससे गंदगी ना रहे और जल भराव की समस्या भी ना रहे।

## सार-संक्षेप


राधा वल्लभ मंदिर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### राधा वल्लभ मंदिर में भजन संध्या, झूमे श्रद्धालु

**इटावा।** कटरा सेवाकली स्थित प्राचीन श्रीराधा वल्लभ मंदिर में श्री जगन्नाथ जी के रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीठाकुर जी महाराज का फल, फूल एवं मेवा से श्रृंगार कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। सैकड़ों वर्ष प्राचीन इस मंदिर में सभी तीज त्योहारों तथा लगभग प्रत्येक रविवार को धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। उसी क्रम में भव्य श्रृंगार एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाद में श्री युगल सरकार की आरती कर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के सेवादार पं. अनुराग गोस्वामी, विष्णु नारायन शोरावाल, राजेश वाजपेई, मोहन रेडीमेड, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजेंद्र सिंह वर्मा, अनूप अग्रवाल, गोपी वल्लभ, रोहन मित्तल के अलावा बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।

### बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जाएंगे पुरस्कार

**इटावा।** वित्तीय वर्ष 2024 -25 में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से परिक्षेत्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संत कबीर हथकरघा पुरुष्कार योजना के अन्तर्गत प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए हथकरघा पुरुष्कारों का प्रथम द्वितीय, तृतीय पुरुष्कार चयन किया जाना प्रस्तावित है। इटावा, औरैया, फ़िरोज़ाबाद, फर्रुखाबाद, मैनपुरी तथा कन्नौज की हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों, व्यक्तिगत हथकरघा बुनकर कारीगरों से उत्कृष्ट एवं कलात्मक हथकरघा उत्पादों के नमूने 2 सितंबर को शाम 5 बजे तक इटावा परिक्षेत्रीय कार्यालय इटावा में आमंत्रित किए गए हैं।

### बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भरथना।** भरथना थाना पुलिस ने कृष्णा नगर चौराहे के पास से बालिका के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी 10 साल की पुत्री शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के छोटे लाल उर्फ छोटे ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। बालिका ने घर आकर इसकी जानकारी मां को दी। आरोप है कि मां जब शिकायत करने छोटे के घर गई तो उसने गाली-गलौज कर जान माल की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बालिका को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को कृष्णा नगर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### आलू का भाव अच्छा, किसान मंडी में करें बिक्री

**इटावा।** जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने किसानों से कहा है कि आलू का बाजार भाव इस समय मंडी में अच्छा चल रहा है। उन्होने किसानों को सुझाव दिया है कि शीतगृह से अपना आलू निकाल कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है। इसके साथ ही कुछ समय के बाद बाजार में अन्य प्रदेशों का आलू आना चालू हो जाएगा। इस कारण आलू भाव में गिरावट आ सकती हैं इसलिए आलू भण्डारणकर्त अपना आलू समय से शीतगृह से निकाल लें। जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने शीतगृह स्वामियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने शीतगृह में रखे आलू की निकासी के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें तथा व्यापक प्रचार करें।

### प्रधान लिपिक पर एससी एक्ट का केस दर्ज

**बकेवर।** कस्बा बकेवर में स्थित क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में आउटसोर्सिंग कर्मचारी की पत्नी ने प्रधान लिपिक पर दो माह पूर्व छेड़खानी करने के साथ जातिसूचक गालियां देने, जान से मारने की धमकी व एससीएसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बकेवर स्थित क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में आउटसोर्सिंग कर्मचारी की अब रात में ड्यूटी लग गयी। महिला ने बताया कि करीब दो माह पूर्व प्रधान लिपिक ने उसका हाथ पकड़कर छेडखानी की थी। जाति सूचक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की जांच सीओ भरथना द्वारा की जा रही है।

### गोपाल अग्रवाल का सीए में हुआ चयन



**इटावा।** इटावा के रहने वाले गोपाल अग्रवाल ने चार्टर्ड एकाउंटेंट में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक स्वरूप अग्रवाल के पुत्र गोपाल ने गुरुवार को घोषित हुए 2024 के चार्टर्ड एकाउंटेंट के परिणाम में सफलता हासिल कर इटावा और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। गुरुवार को जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ वैसे ही जिले के प्रतिष्ठित वकील लक्ष्मण स्वरूप अग्रवाल एडवोकेट के पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। गोपाल जी अग्रवाल ने बताया उन्होंने प्राथमिक शिक्षा से लेकर इंटर तक की शिक्षा इटावा से ही ली है। वह अपने पिता के साथ वकालत का काम देखते हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट की तैयारी करने लगे कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिली है।

### बीमारी के चलते अवकाश प्राप्त लिपिक का निधन

**महेवा।** कस्बा महेवा स्थित लोक मान्य रूरल इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त प्रधान लिपिक एवं ग्राम बहेड़ा निवासी गोपी श्याम पाठक का बीमारी के चलते निधन हो गया। क्षेत्र वासियों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की । कुछ वर्ष पूर्व उनके इकलौते बेटे का निधन हो जाने के बाद वह बीमार रहने लगे थे। उनके निधन पर सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष पंडित राजीव चौधरी, प्रधान बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर, पूर्व प्रधान सुरेंद्र तिवारी, राहुल तिवारी, राजकुमार शंखवार, पूर्व प्रधानाध्यापक मदन मोहन तिवारी, लल्लू सिंह सेंगर, महेवा कॉलेज के सचिव प्रदीप चौबे, प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी, उपप्रबंधक जितेंद्र अवस्थी, उपसचिव राजू दुबे, प्रधान महेवा कुमुद सिंह, प्रवक्ता प्रताप नारायण तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडेय आदि ने शोक जताया है।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **केशर किन्नर पुत्र श्री शिष्य सन्नो बाई किन्नर निवासीगण- मो0 सड़क बाजार, बजरिया इकदिल, तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने **बैनामा की छाया प्रति** जिसका रकवा **पूर्व पश्चिम 11 फीट छः इंच उत्तर दक्षिण 34 फीट नौ इंच** है। जिसकी सीमा पूर्व में **रास्ता 5 फीट चौडा** पश्चिम मे **मकान मदीना पत्नी कल्लू** उत्तर में **रास्ता 10 फीट दक्षिण में तालाब श्री आजाद खॉ पुत्र श्री मरहूम श्यामलाल निवासी मोहल्ला- सडक बाजार बड़ा दरवाजा इकदिल जिला इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मंजू राजपूत** पत्नी श्री **पत्नी मंगल सिंह** निवासीगण- **मो0 कुम्हरान इकदिल** तहसील **इटावा** जनपद **इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने66.91 **वर्गमीटर** जिसका रकवा **पूर्व पश्चिम 40 फीट उत्तर दक्षिण 18 फीट** है। जिसकी सीमा पूर्व में **खेत सुरेन्द्र सिंह** पश्चिम मे **गली 3 फीट चौडी** उत्तर में **प्लाट हरीश चन्द्र दक्षिण में प्लाट श्रीमती मोहल्ला कुम्हारान श्री नरेन्द्र बहादुर पुत्र श्री बाबूराम निवासी मोहल्ला-मो0 कुम्हारान शकील इकदिल जिला इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विनीता देवी** पत्नी **पत्नी श्री कमलेश कुमार** निवासीगण- **मो0 चमरेटी इकदिल** तहसील **इटावा** जनपद **इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने **बैनामा की छाया प्रति** जिसका रकवा **पूर्व पश्चिम 10 फीट नौ इंच उत्तर दक्षिण 27 फीट नौ इंच** है। जिसकी सीमा पूर्व में **गली 8 फिट** पश्चिम मे **प्लाट कल्लू व राम सेवक** उत्तर में **मकान राम सेवक दक्षिण में प्लाट विनोद कुमर कुमार गुप्ता मोहल्ला श्री दीपेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री जगदीश चन्द्र निवासी मोहल्ला-पटेल नगर तहसील माधौगढ जिला जालौन** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

# बाढ़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चौकियां बनाकर तैयार की गई सुरक्षा की रूप रेखा

कार्यालय संवाददाता,औरैया





बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते तहसीलदार जीतेश वर्मा एवं अन्य। चौपाल में जानकारी देते एसडीएम सदर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजीतमल क्षेत्र में पांच नदियों के संगम पंचनद धाम पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बारिश आते ही बाढ़ के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। लगातार नदी तटवर्ती इलाकों के बाढ़ ग्रस्त ग्रामों में चौपाल लगाकर बाढ़ राहत चौकियों के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों में लगा हुआ है।

पंचनद धाम पर मिलने वालीं पांचों नदियों यमुना, चंबल, सिंध, पहूज और कुंवारी के महासंगम पर प्रतिवर्ष आने वालीं भीषण बाढ़ के प्रकोप देखा जाता है जिसमें भारी जन धन की हानि होती है। इसलिए औरैया जिला प्रशासन ने विगत वर्ष में आईं भीषण बाढ़ को ध्यान में रखते हुए जनपद के नदी तटवर्ती विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित ग्रामों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक कर बाढ़ चौकियों के साथ-साथ बाढ़ राहत शिविरों के लिए जगह चिन्हित की जा रही है जिसमें शासन प्रशासन के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए लगातार कवायद कर सहयोग कर रहा है।

गुरुवार को जिले के यमुना नदी तट पर स्थित ग्राम बड़ी गूंज (ततारपुर कला) में बाढ़ राहत चौपाल लगाकर बाढ़ राहत तैयारियों के बारे में जानकारी लेकर राहत शिविर और बाढ़ चौकियों के लिए जगह सुनिश्चित की गई। लोगों को बाढ़ से बचाव हेतु आवश्यक जानकारियां दीं गईं। अजीतमल तहसीलदार जीतेश वर्मा, स्वास्थ्य केंद्र आयना के अधीक्षक डॉ. सुनील, अयाना थाना अध्यक्ष जयप्रकाश पाल, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, लेखपाल बृजेश, प्रधान राम प्रकाश निषाद व तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बाढ़ से पूर्व दुरुस्त कर लें व्यवस्था: एसडीएम

**औरैया।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में एसडीएम सदर राकेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम पंचायत क्योंटरा, तहसील औरैया में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बाढ़ से होने वाली जनहानियों को रोकने तथा ग्रामीण स्तर तक आम जनमानस को सम्भावित बाढ़ के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। एसडीएम द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को बाढ़ आने के पूर्व ही समस्त व्यवस्था कर लेने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी, पुलिस विभाग आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम अजीतमल रामअवतार की अध्यक्षता में ग्राम सिकरोड़ी में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ आने के पूर्व ही समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए करें आवेदन

**औरैया।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विवेकानंद यूथ अवार्ड व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत युवाओं को इडलाइंस के अनुसार राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में सराहनीय योगदान किया हो, को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इच्छुक युवा आवेदन पत्र जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के कार्यालय विकास भवन कक्ष संख्या 51 में प्राप्त कर सकते हैं।

# कार-बाइक की टक्कर में पांच घायल

संवाददाता फफूंद, औरैया

- औरैया रोड स्थित बमहौरी मोड़ पर हुआ हादसा
- दो लोग गंभीर हालत में कानपुर रेफर किए गए



मौके पर जुटे लोग और घायलों को ऑटो से अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के औरैया रोड स्थित बमहौरी मोड़ पर कार और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग तथा बाइक सवार भी घायल हो गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने कार सवार दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया।

गुरुवार को क्षेत्र के औरैया रोड स्थित बमहौरी मोड़ पर औरैया की ओर से आई सेंट्रो कार तथा फफूंद की ओर से आ रही मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। कार में बैठे 50 वर्षीय इस्लाम पुत्र इमाम बख्श, साजिदा पत्नी इस्लाम, इस्लाम की पुत्री शादमा पत्नी मुगीस चिश्ती तथा इक़बाल पुत्र इस्लाम निवासी थाना सिकंदरा, कानपुर देहात के अलावा बाइक सवार सनी कुमार दोहरे पुत्र अशोक कुमार ग्राम महीपत सिंह का पुर्वा थाना फफूंद भी घायल हो गया।

कार में कुल छः लोग सवार थे जो सिकंदरा कानपुर देहात से चलकर फफूंद जा रहे थे। एंबुलेंस नेघायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कार सवार इस्लाम तथा उनकी पत्नी साजिदा की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया। घायल इस्लाम के शरीर व सीने में अंदरूनी चोटें आई हैं जबकि इस्लाम की पत्नी साजिदा के सर में गंभीर चोट तथा पैर में फ्रेक्चर आया है। कार सवार शादमा व इक़बाल को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं कार में घायल शादमा के दो बच्चे 5 वर्षीय नबीला पुत्री मुगीस चिश्ती तथा 3 वर्षीय फ़ैजानुस्समद पुत्र मुगीस चिश्ती भी बैठे थे जिन्हें मामूली सी खरोच आई है।

घटना स्थल पर मौजूद शिवा ने बताया कि बाइक सवार तेज रफ्तार से फफूंद की ओर से आ रहा था जिसने कार में जोरदार टक्कर मार दी जिसे बचाने के प्रयास में कार रोड से नीचे उतरकर खेत में जा गिरी। फफूंद थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने घटना स्थल पर पहुंच जांच की और कार व मोटरसाइकिल को पुलिस थाना ले आई।

# गीता शाक्य बनीं राज्यसभा की सचेतक, भाजपाइयों में हर्ष

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- भाजपा नेत्री का औरैया जिले के बिधूना क्षेत्र के गांव हमीरपुर में है मायका



उप्र महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य उर्फ चंद्रप्रभा को पार्टी ने राज्यसभा में सचेतक बनाया है। इस बारे में गीता शाक्य ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व दिया है, वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से इस दायित्व को पूरा करने का प्रयास करेंगी।

उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रति आभार जताया। राज्यसभा में सचेतक बनाए जाने पर जिले के भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है। मालूम हो कि भाजपा नेत्री गीता शाक्य का औरैया जिले में बिधूना क्षेत्र के गांव हमीरपुर में मायका है जबकि उनकी ससुराल इटावा में भरथना क्षेत्र के गांव रम्पुरा सिंहुआं में है पर उनकी राजनीतिक कर्म भूमि बिधूना क्षेत्र ही है।

उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत अपनी ससुराल से प्रधानी का चुनाव लड़ की थी और वह वर्ष 2000 से 2010 के बीच ग्राम पंचायत रम्पुरा सिंहुआं से प्रधान भी रहीं थी। समाजवादी पार्टी ने उन्हें 2009 में विधानसभा उप चुनाव लड़ाया था जिसमें उन्हें पराजय हाथ लगी थी जिसके बाद वह सपा छोड़कर वर्ष 2012 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थी। उन्होने बिधूना क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा पर फिर पराजय हाथ लगी। लेकिन वह भाजपा में बनीं रहीं और संगठन में सक्रिय रूप से काम करतीं रहीं। इस दौरान वह भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री व प्रदेश के मूल संगठन में मंत्री के पद पर रहीं। उन्हें पार्टी का जिलाध्यक्ष बना दिया गया था।

उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में पुरस्कृत किया था। उसके मात्र सात माह बाद ही भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था।

## घास काटते समय सर्प दंश से किसान की मौत

**औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव टड़वा विकु निवासी किसान गोविंद सिंह पुत्र मोहर सिंह खेतों पर पशुओं के लिए चारा काट रहे थे। तभी किसी जहरीले सांप ने हांथ में काट लिया। जब उसे हाथ में दर्द हुआ तो देखा कि खून निकल रहा था और पास में सांप भागता हुआ दिखाई दिया। वह थोड़ी देर में अचेत होने लगा। परिजन सीएचसी अजीतमल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा के पिता जी थे। तहसीलदार अजीतमल जीतेश वर्मा ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी करने बाद और पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुसार सरकार से जो भी मदद होगी मुहैया करवाई जायेगी।



गोविंद सिंह।

# शिक्षक संगठनों ने जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया



एसडीएम को ज्ञापन देते शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

- ऑनलाइन हाजिरी का विरोध मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार।** डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बिपिन तिवारी व महामंत्री सहदेव वर्मा, यूटा के जिला महामंत्री विनय कुमार वर्मा व यूटा के वरिष्ठ स्तम्भ प्रवीण त्रिपाठी, जूनियर हाइस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी, महामंत्री हरवंश राजपूत के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय ककोर में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

यूटा जिला महामंत्री विनय कुमार वर्मा ने कहा बिना धरातलीय समस्याओं को दूर किए सिर्फ शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न के लिए जारी की गई इस व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया जाएगा। शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि एक साथ बैठकर इस इस दमनात्मक और शिक्षक उत्पीड़क आदेश के खिलाफ आगे की रणनीति तैयार करके निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।आलोक गुप्ता, दीपक गुप्ता, आदित्य गुप्ता, भानु गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, विनय वर्मा, आशीष त्रिपाठी, धर्मेश पोरवाल, प्रशांत चौबे, रविकांत पोरवाल, मुकेश राजपूत, अमित कुमार, वरुण कुमार प्रशांत गांधी, शशिकांत गौतम, भरत यादव, प्रवीण त्रिपाठी, राघव राम, मयंक शाक्य, कुलदीप तिवारी, राहुल यादव विनोद, शिवम शाक्य, शिवम पोरवाल, रवि पाल, अभिनव चतुर्वेदी, सुनील वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



पोस्टर दिखातीं गांव की महिलाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# महिलाओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा 21 जून से 04 अक्टूबर तक 100 दिन का विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र उड़नपुरा गांव में उपस्थित महिलाओं को गर्भवती महिलाओं की देख-रेख एवं धात्री महिलाओं को स्तनपान संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानाकारी दी गई। साथ ही वन स्टाफ सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, की जानकारी दी गई रीना देवी, बाल संरक्षण अधिकारी सीमा कुशवाहा, राखी, मंजू, रानी देवी और आशा देवी आदि मौजूद रहीं।

## करंट लगने से युवक की गई जान

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्र के याकूबपुर गांव निवासी शिवकुमार दोहरे (35) पुत्र सरजू प्रसाद दोहरे के घर के गेट में करंट उतरने से मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक बिनेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। मृतक के बड़े भाई भगवान दास ने बताया हम तीन भाई थे। मृतक शिवकुमार सबसे छोटा था। गुरुवार को मेरी पुत्री और मृतक की भतीजी की बारात चमरउआ थाना फफूंद से आनी थी। सुबह ही गेट में करंट उतरने से भाई की मौत हो गई। मृतक की दो बेटियां और एक बेटा है। पत्नी सुमन 5 माह की गर्भवती हैं। थाना प्रभारी बेला विनेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।



शिव कुमार।



ओवरब्रिज पर लगे जाम में फंसी एंबुलेंस।

# नहर पुल पर घंटों लगा रहा जाम, एंबुलेंस फंसी

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में गुरुवार को जाम की स्थिति विकराल हो गई और पुलिस प्रशासन को जाम खुलवाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। वहीं दोपहर के 12 बजते ही नहर पुल पर इंदिरा गांधी विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सेंट साईनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज, प्रेम शिवानंद इंटरमीडिएट कॉलेज, विवेकानंद ग्रामोद्योग डिग्री कॉलेज जैसे बड़े-बड़े विद्यालयों की छुट्टी होने के समय हजारों विद्यार्थी अपने घरों के लिए निकलते हैं। इस कारण भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन को लेने के देने पड़ जाते हैं। जाम में एंबुलेंस फंस जाने के कारण मरीज भी हलकान दिखाई दिए।

## ट्रक की टक्कर से टूटा हाइट गेज चालक पकड़ा

**अछल्दा।** कस्बा में भारी वाहनों की रोकथाम के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए हाइट गेज को रात्रि में तेज रफ्तार ट्रक ने तोड़ दिया। कस्बा से निकले प्रमुख मार्ग पर भारी वाहनों की रोकथाम के लिए हरी गंज बाजार में फफूंद रोड तथा नहर पुल पर हाइट गेज लगाया गया था। हरी गंज बाजार में लगे हाइट गेज को बुधवार रात्रि ट्रक ने टक्कर मार कर तोड़ दिया। ट्रक चालक को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। थाना पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में लिया। पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर प्रमोद प्रकाश ने बताया कि शीघ्र ही हाइट गेज लगाया जाएगा। वहीं फफूंद रोड अदिति लाल के मकान के पास रखे ट्रांसफार्मर पर काम चल रहा है।

## सार-संक्षेप



सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाते सीएमओ सुनील कुमार वर्मा।

### परिवार नियोजन हर दंपति की शान

**औरैया।** विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आरंभ 50 शैय्या जिला चिकित्सालय औरैया से नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता के द्वारा गरुवार को किया गया। इस दौरान जागरुकता हेतु सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अंतर्गत सेवा प्रदायगी पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस बार का थीम है-विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान। पखवाड़े का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रजनन दर (टीएफआर) 2.4 है, उसे घटाकर राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 प्राप्त करने का है। सेवा प्रयदायगी पखवाड़ा के दौरान महिला एवं पुरुष नसबंदी आदि की सेवाएं प्रदान की जाएगी। डॉ. मंजू सचान सीएमएस, डॉ. शिशिर पुरी, अजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की भिडंत में दो लोग घायल

**अयाना।** इटावा के चकरनगर थाना क्षेत्र के डबौली निवासी बब्लेश बुधवार रात को बीझलपुर निवासी फूफा के यहां शादी में जा रहा था। अयाना- बीझलपुर मार्ग पर गंगदासपुर के पास उसकी बाइक सामने से आए अयाना निवासी रामसिंह की बाइक से टकरा गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया। थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने बताया कि दोनों घायलों का उपचार चल रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना का मामला दर्ज

**औरैया।** अजीतमल क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी शिवदयाल बीती 07 जुलाई को नुरदगंज कस्बे के पास हाइवे पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। वे साइकिल से घर जा रहे थे। उनके पुत्र आशीष ने एक ट्रक के खिलाफ सड़क दुर्घटना में घायल होने की तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**अटसु।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुहाउद्दीनपुर अटसू निवासी रामकुमार राजपूत (22) पुत्र श्याम सिंह ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में पंखे में साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### फूड प्वाइजनिंग के मरीज पहुंचने लगे अस्पताल

**ककोर, औरैया।** उमस भरी गर्मी के बीच लोग इस समय फूड प्वॉइजनिंग के शिकार हो रहे हैं। खुले में बिक रहे खाने के सामानों से अच्छा घर में पका हुआ खाने का सामान होता है भले ही वह बासी हो। ऐसे लोग बासी खाना खाकर बीमार होकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टर उन्हें समझा रहे हैं कि खाना या नाश्ता घर का है या बाहर का इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि वह ताजा होना चाहिए। ताजा खाद्य पदार्थ बाहर का भी हो तो फूड प्वॉइजनिंग का खतरा उतना नहीं रहता जितना बासी खाने से होता है। शादी-विवाह का समय शुरू होने तापमान 40 डिग्री के ऊपर जाने के बाद से जिला अस्पताल में फूडप्वाइजनिंग के मरीज पहुंचना शुरू हो गए हैं। डी सीएमओ राकेश सिंह सचान के मुताबिक मरीजों से पूछने पर पता चल रहा है कि उनमें से अधिकांश को बासी नाश्ता या खाना खाने के बाद ही पेट में शिकायत हुई है।

धर्म-अध्यात्म | अजीतमल कस्बा के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में भागवत का आयोजन

# प्रभु ने अपनी लीलाओं से कराया जीवन दर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया



अजीतमल कस्बा के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

- आचार्य श्याम जी ने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकार भक्तों को अध्यात्म से जोड़ा

**अमृत विचार।** अजीतमल कस्बा के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में हनुमान मंदिर पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में आचार्य श्यामजी ने गुरुवार को कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। आचार्य जी ने कथा में बताया कि प्रभु ने अवतार लेकर अपनी लीलाओं से जीव को जीवन का दर्शन कराया है। श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंग हमें जीने और मरने की कला सिखाते हैं।

बाबरपुर कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित भागवत कथा में आचार्य श्याम जी ने श्रीकृष्ण जन्म कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को आध्यात्म से जोड़ा। उन्होंने बताया कि अत्याचारों से त्रस्त धरती, संत, ऋषि मुनियों की पुकार पर प्रभु अवतरित होते हैं।

कंस के अत्याचारों से अवतरित होकर धर्म की रक्षा कर प्रभु ने विभिन्न लीलाओं से जीवन को जीने और मरने की कलाओं को सिखाया। बताया कि बालरूप कृष्ण की लीलाओं से सीख मिलती है कि बालकपन से ही बच्चो को संस्कारित करने की जरूरत है।

भागवत कथा में कृष्ण जन्म की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर परीक्षित महन्त हरदेव दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


# शिकायत हुई तो रखा दिया गया ट्रांसफार्मर

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- मंगलवार रात को फुंक गया था हरी गंज बाजार का ट्रांसफार्मर

**अमृत विचार।** कस्बा में मंगलवार रात लगभग दो बजे हरी गंज बाजार का ट्रांसफार्मर फुंक गया। सुबह लोगों को पानी की दिक्कत हुई। उपभोक्ताओं के इनवर्टर भी बंद हो गए। जिससे उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में दिन बिताना पड़ा। देर शाम उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को दिक्कत से अवगत कराया।

जिलाधिकारी के मामले के संज्ञान में लेते ही बुधवार देर रात लगभग साढ़े 10 बजे ट्रांसफार्मर हरी गंज बाजार पहुंचा। साढ़े 12 बजे हाइड्रा की मदद से हरी गंज बाजार का ट्रांसफार्मर लगा कर रात ढाई बजे हरी गंज बाजार की बिजली कर्मचारियों द्वारा सप्लाई शुरू की गई। एसडीओ अरविंद गौतम ने बताया कि रात मे ट्रांसफार्मर लगवा कर हरी गंज बाजार की बिजली सप्लाई चालू कर दी गई थी।



ट्रांसफार्मर रखते कर्मचारी।

# अब एक विशेष उपकरण से हो सकेगी बच्चों में कुपोषण की जांच

## यूपीयूएमएस के डॉक्टर्स ने तैयार की डिवाइस, पहली बार खोजा गया ऐसा उपकरण

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉक्टर्स की टीम ने गंभीर व तीव्र कुपोषणग्रस्त बच्चों का पता लगाने वाले उपकरण का निर्माण किया है। भारत सरकार द्वारा इस उपकरण के लिए पेटेंट भी प्रदान किया गया है। गत दो-तीन वर्षों से डॉक्टर्स की टीम राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च कर रही थी। अंततः सफलता मिली और यह उपकरण निर्मित हुआ।

बाल रोग विभाग के डॉ. गणेश कुमार वर्मा, फार्मोकोलॉजी विभाग से एसोसिएट डॉ. अर्पित वर्मा व मेडिकल ऑफिसर स्वल्पा वर्मा के नेतृत्व में इस डिवाइस को डिजाइन किया गया। सैम बच्चों को चिह्नित कर उनके बेहतर कुपोषण प्रबंधन में यह उपकरण बहुत ही कारगर सिद्ध होगा।



डिवाइस तैयार करने वाले चिकित्सकों की टीम के साथ कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह।

### कुलपति ने चिकित्सकों को दी बधाई

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने डॉक्टर्स की टीम को मिली सफलता के लिए बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। डॉ. रमाकांत, संकायाध्यक्ष डॉ. आदेश, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश ने भी पूरी टीम को बधाई दी।

डॉक्टर्स की टीम ने बताया कि कुपोषण की गंभीर चिकित्सीय अवस्था-सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रीशन अथवा सैम से ग्रसित होने के कारण बच्चों में बाल्यावस्था की बीमारियां एवं उनसे होने वाली मृत्यु का खतरा कई गुना अधिक बढ़ जाता है। इसीलिए इस डिवाइस के द्वारा कुपोषण की स्थिति का पता लगने पर बच्चे को संतुलित आहार व उचित चिकित्सीय प्रबंधन प्रदान किया जा सके।

### ऐसे होगा डिवाइस का प्रयोग

यह डिवाइस एक एर्गोनोमिक डिज़ाइन है जो विभिन्न वातावरण में पोर्टेबिलिटी और उपयोग में आसानी के लिए अनुकूलित है। डिवाइस में त्वचा संपर्क विश्लेषण के लिए एक गैर-इनवेसिव सेंसर मॉड्यूल, जैव रासायनिक मूल्यांकन के लिए एक न्यूनतम, दर्द रहित निष्कर्षण तंत्र और तत्काल परिणाम दृश्य के लिए एक स्पष्ट, पठनीय डिस्प्ले शामिल है। यह डिवाइस में वास्तविक समय में जैव रासायनिक डेटा का विश्लेषण करने के लिए परिष्कृत एआई एल्गोरिदम एकीकृत है जिससे कनेक्टिविटी पोर्ट और वायरलेस क्षमताएं डेटा ट्रांसमिशन और हेल्थकेयर सिस्टम के साथ एकीकरण का समर्थन करती हैं, जो सैम प्रबंधन की गतिशील जरूरतों के लिए एक व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करती हैं। जिससे बच्चों की कुपोषण की स्थिति का पता लगाकर बच्चों को बेहतर पोषण व चिकित्सीय प्रबंधन देना आरंभ किया जा सके।

# फरवरी 25 तक पूरा हो जाएगा रामनगर ओवरब्रिज का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सांसद जितेंद्र दोहरे ने किया पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**अमृत विचार।** सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने गुरुवार को रामनगर रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ठेकेदार सहित संबंधित इंजीनियर्स को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के साथ जल्द ही पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करने के जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि, पुल निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिलकुल भी बर्दाश्त नही की जायेगी। साथ ही सेतु निगम ने ठेके के अंदर जो ठेका दिया है ये सही नहीं है। इससे पुल की गुणवत्ता में कमी नहीं आनी चाहिए। सांसद ने निर्देश देते हुए कहा पुल की गुणवत्ता में अगर कोई कमी आती है तो समन्धित इंजीनियर पर कानूनी कार्यवाही को बाध्य होंगे। इसी के साथ उन्होंने रामनगर विजय नगर की स्थानीय जनता से पुल किनारे बनने वाली सर्विस रोड और अन्य अधिग्रहण संबंधी मुद्दे पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। संबंधित अधिकारियों ने भी कहा कि फरवरी 2025 तक पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महामंत्री वीरू भदौरिया, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, प्रवीन कुशवाहा, दीपी यादव, लंकू यादव, उपेंद्र यादव, रोहित जाटव, सुखवीर यादव, अंकुर यादव, निखिल शाक्य अभिषेक यादव मौजूद रहे।



निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का निरीक्षण करते सपा सांसद जितेंद्र दोहरे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



गोष्ठी का आयोजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### जायंट्स ग्रुप ने विश्व जनसंख्या दिवस पर की गोष्ठी

**ककोर, औरैया।** विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को मिडिल स्कूल दिबियापुर में जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर ने गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें बच्चों की माताओं को बुलाया गया और विश्व जनसंख्या दिवस पर वैश्विक जनसंख्या मुद्दों पर सामाजिक आर्थिक और पर्यावरण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष संध्या अवस्थी ने कहा हमारी जनसंख्या कम होगी तो वाहन चालक कम होंगे और हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। सहेली ग्रुप की कोर्डिनेटर पूनम पोरवाल, यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, डीओए सपना गुप्ता, डीओएफ रोली गुप्ता ग्रुप की संरक्षक वीना गुप्ता, अर्चना पोरवाल, सुधा भारती, राधा वर्मा तथा स्कूल टीचर और पूरे स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### आर्म्स व आबकारी एक्ट मामले के तीन दोषियों को सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ ने चार साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई। दो अन्य को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी। बकेवर थाना पुलिस ने वर्ष 2020 में इमरान पुत्र अख्तर निवासी कांशी राम कॉलोनी सिविल लाइन को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व 500 रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं बकेवर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में वर्ष 2013 में गोलू उर्फ सत्यवीर निवासी मुकुट पुरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गोलू को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई। इसके अलावा चकर नगर पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में अमर सिंह पुत्र छोटे लाल निवासी गनियावर को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व 1200 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### पंचायत सचिवों का हुआ तबादला

**महेवा।** विकास खंड महेवा से पांच सचिवों का स्थानांतरण विभिन्न ब्लाकों के लिए हो गया है। वहीं विभिन्न ब्लॉकों से आकर 5 सचिवों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सचिव शैलेंद्र कुमार का तबादला बढ़पुरा, अनुज गुप्ता चकरनगर, आलोक यादव बसरेहर, विवेक चौधरी सैफई तथा नेहा दीक्षित का गैर जनपद औरैया के लिए तबादला हुआ है। वहीं ब्लॉक में गौरव यादव औरैया, फूल सिंह बढ़पुरा, समीउद्दीन चकरनगर, शिवम कुमार व तरुण पाल ब्लॉक ताखा ने आकर ब्लॉक मुख्यालय आकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय में योगदान आख्या दी। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने सभी सचिवों को पंचायतों का भी आवंटन कर दिया है।

### हेला क्षत्रिय समाज का सम्मेलन 13 को

**इटावा।** अखिल भारतीय हेला क्षत्रिय समाज संघर्ष समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 जुलाई को पूर्वांह साढ़े 11 बजे से रेलवे स्टेशन रोड पर झूलेलाल मंदिर के निकट होगा। संयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया ने बताया कि इस सम्मेलन में देश भर से हेला समाज के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रमुख नेतागण मौजूद रहेंगे।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** सहसो थाना क्षेत्र के गांव टेढाडांडा में एक वृद्ध ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगा जान दे दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उक्त गांव निवासी जगत सिंह( 60) ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर पर फांसी लगा ली। जब परिजनों को जानकारी हुई तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

### सांप के डसने से महिला की मौत

**इटावा।** बिठौली थाना क्षेत्र के गांव बंशरी में एक महिला को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी अहिवरन सिंह की पत्नी सरला 55 वर्ष को घर पर किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उनकी हालत बिगड गई। हालत बिगडने पर परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्ट मार्टम कराया गया है।

### उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए एक व्यक्ति की पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। कानपुर नगर के सढ थाना क्षेत्र के गांव ऊमरी निवासी अरविंद कुमार पुत्र मोहन लाल एक ट्रेन दुघर्टना में घायल हो गए थे उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। पोस्ट मार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### दीवार तोड़ने का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम चिंडौली निवासी शिववीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह ने मामला दर्ज कराया कि बीते दिवस गांव के ही राघवेन्द्र पुत्र कमल सिंह, तुलसी सिंह पुत्र धुरेन्द्र सिंह व इनके पुत्र रिंकू व भूरे सिंह एक राय होकर आए और उनके मकान की दीवार तोड़ने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

### परिवार के लोगों ने मारपीट कर किया घायल

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सराय मिट्ठे निवासी जगदीश पाल पुत्र ठाकुर प्रसाद ने बताया कि बीती रात्रि करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले गोविंद व उनके पुत्र राहुल और सुखबीर पाल, सोल्जर पुत्र रामदुलारे लाठी-डंडों से लैस होकर आए व गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पत्नी अनीता व पुत्रवधू सुनाला आ गयी तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने तीनों लोगों का डाक्टरी परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भरथना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊसराहार मार्ग पर गांव सालिमपुर मोड़ के पास बुधवार देर शाम को बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बाइक सवार भी गंभीर रूप घायल हो गया। बताया जाता है कि दोनों भरथना की तरफ से आ रहे थे। तभी सालिम पुर मोड़ पर दोनों एक-दूसरे से टकरा गए। हादसे में साइकिल सवार, गांव मंगूपुरा निवासी वहीद खां के 42 साल का बेटा हमीद खां उर्फ पप्पू खां गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी के चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सवार इसी थाना क्षेत्र में गांव नगला भोज का चंद्रेश भी गंभीर रूप से घायल हुआ। जिला अस्पताल से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# दरोगा के निलंबन के लिए दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भानु प्रताप ने कार्यकर्ताओं के साथ चौकी इंचार्ज को निलंबित करने तथा प्रदेश मोर्चा प्रभारी से मारपीट करने वालों के खिलाफ संगीन धाराएं लगाने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। सीओ सिटी अमित कुमार के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया।



नौरंगाबाद पुलिस चौकी के बाहर नारेबाजी करते किसान। अमृत विचार

- प्रदेश अध्यक्ष से अभद्रता का आरोप, सीओ सिटी के आश्वासन पर माने

राष्ट्रीय किसान यूनियन (भानु गुट) की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सिमरन का आरोप है कि नौरंगाबाद चौकी इंचार्ज संजय दुबे ने अभद्रता करते हमारे हमलावरों के खिलाफ मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। चार दिन पूर्व विवाद हो गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप अपने कार्यकर्ताओं के साथ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि यूनियन की नेत्री सिमरन अली पत्नी शालू अली का आरोप है कि नौरंगाबाद चौकी इंचार्ज ने दूसरे पक्ष के अनुचित दबाव में आकर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि आरोपी गुंडे भेज कर उनको धमकी दिलवा रहे है।

वह चौकी पहुंची तो दरोगा ने अभद्रता की। जिससे उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जब तक दरोगा को निलंबित और आरोपियों पर जानलेवा हमले रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती तब तक चौकी पर धरना जारी रहेगा।

घायल शालू ने बताया मेरे ढाई साल के बेटे के सिर में आरोपी ने ढेला मार दिया था जिससे उसके चोट लग गई। सीओ सिटी अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे जिन्होंने मामले की जांच करके प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया।

# तीन महीने के बच्चे की हत्या का आरोप, एसपी से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता उरई

- पुलिस ने बताया मामला संदिग्ध है, जांच जारी

**अमृत विचार।** थाना डकोर के मुहम्मद बाद गांव निवासी बीरेंद्र सिंह यादव ने थाना डकोर में आज सुबह तहरीर देते हुए अपने तीन महीने के नाती शिवम की हत्या करने का आरोप गांव के ही 4 व्यक्तियों पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। वहीं पुलिस को घटना के संदिग्ध होने का अंदेशा है। थानाध्यक्ष ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

बच्चे के दादा बीरेंद्र सिंह ने आज गुरुवार को पुलिस अधीक्षक इरज रजा से मिलकर थाना डकोर पुलिस द्वारा नाती की हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं करने की शिकायत की, जिसपर पुलिस अधीक्षक ने निर्दोष लोगों को नहीं फंसाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर निकले पीड़ित बीरेंद्र सिंह ने बताया कि उसके 3 महीने के नाती शिवम को गांव के राघवेंद्र, फूल सिंह, रबिंद्र समेत चार लोगों ने मारा है। घटनाक्रम में बताया की आज गुरुवार की सुबह चार बजे उक्त चारों लोग उसके घर पहुंचे और दो लोग दरवाजे में खड़े रहे और दो लोग घर के अंदर घुस गए तो मां और बच्चे को लिये हुए थी। इन लोगों ने मां को धक्का दे दिया जिससे बच्चा के हाथ से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया की जानकारी मिलते ही डकोर थाना क्षेत्र के मुहम्मदा बाद पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है।

# सीसीसी प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**इटावा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारिवारिक आय 1 लाख रूपये वार्षिक से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को नीलिट द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जाना प्रस्तावित है। नीलिट द्वारा ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा गठित चयन टीम द्वारा चयनित संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभाग की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से प्रशिक्षणार्थी 11 जुलाई से 5 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अंतिम तिथि 5 अगस्त के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया इसके लिए दिशा निर्देश समय सारणी वेबसाइट पर विभाग द्वारा प्रदर्शित कर दी गई है।



स्वाती का स्वागत करते समाजसेवी व रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

# युगांडा से पदक जीतकर लौटीं स्वाति का स्वागत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जनपद के अमीटा गांव निवासी स्वाति सिंह ने युगांडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीतकर शहर लौटीं तो रेलवे स्टेशन पर समाज सेवियों व रेलवे कर्मचारियों ने स्वागत किया।

युगांडा में आयोजित एक से सात जुलाई को हुई अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जालौन निवासी स्वाति ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए। पदक जीतने के बाद जब स्वाति वापस लौटीं तो रमाकांत दोहरे, दीपक जेई, रविंद्र चौधरी ,प्रदीप महतवानी, शैलेंद्र प्रताप ,रविंद्र गौतम, राहुल अलाईपुरा, मुन्नेश दोहरे, सामाजिक कार्यकर्त्ता अलीम सर, रामअवतार, बीजापुर, अजय गौतम योगा महाराज, अमित कुमार दोहरे, विनोद कुमार गौतम, रेलवे कर्मचारी सहित दर्जनों लोगों ने स्वाती का स्वागत किया।

# कमिश्नर के दौरे की तैयारियां पूरी

**महेवा।** मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता का महेवा ब्लॉक में संभावित दौरा देखते हुए ब्लॉक व जिला प्रशासन मुस्तैद दिखाई दिया। ब्लाक कार्यालय सहित ग्राम उझियानी के मजरा नगला चंदी ,ग्राम मुकुटपुर व अहेरीपुर में अधिकारी कर्मचारी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने में लगे रहे। सफाई कर्मी हरेक गली व कार्यालयों की साफ सफाई करते दिखे । ग्राम अहेरीपुर व उझियानी का एक दिन पूर्व ही सी डी ओ अजय कुमार गौतम ने अधीनस्थों के साथ दौरा किया।

### संदिग्ध अवस्था मे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**उरई।** थाना डकोर क्षेत्र के मुहाना गांव के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया, ग्रामवासियों ने पुलिस को सूचना दी।

# 2027 में बनेगी सपा की सरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत सभागार में समजावादी पार्टी की शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। कार्यकर्ता अफवाहों से दूर रहते हुए पीडीए की मजबूती के अभियान में जुटे रहें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब इस सरकार से तंग आ चुकी है। गरीबी, बेरोजगारी से आजिज युवा और बेहाल किसान अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा को पता चल जाएगा कि उनके साथ अब जनता का विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग भाजपा सरकार में परेशान है। अ सांसद आदित्य यादव अंकुर, आर्यन यादव, पूर्वमंत्री रामसेवक यादव, श्रीकृष्ण यादव, अशोक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व सांसद राम सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, राजीव यादव, सुनील यादव, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, ध्रुव यादव चीनी, अनुज यादव, हरिओम यादव, चेयरमैन अजय यादव, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेते शिवपाल सिंह यादव व रामसेवक यादव।

- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव जिला कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे

मिले सुविधा | विजय नगर शांति कॉलोनी के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# पुल के नीचे दोनों तरफ रास्ता देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रामनगर रेलवे फाटक पर बन रहे उपरिगामी पुल के नीचे रास्ता देने की मांग को लेकर गुरुवार को विजयनगर, रामनगर, शांति कॉलोनी मोहल्ले के लोगों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि विजयनगर चौराहे से रामनगर फाटक तक सड़क के दोनों तरफ भवन स्वामियों ने अधिक भूमि का अधिग्रहण कर अवैध निर्माण कर लिया कर लिया है। वर्तमान समय में विजयनगर चौराहे से शुरू होकर रामनगर फाटक होते हुए जेल के किनारे तक उपरगामी सेतु का निर्माण चल रहा है। इस कारण रोड के दोनों तरफ अतिक्रमण होने लगा है। आम जनमानस को निकलना दूभर हो गया है।

इस मार्ग से पांच मोहल्ले के लगभग 20 हजार लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से साथ राजस्व टीम लगाकर निरीक्षण करा कर रास्ता खुलवाने की मांग की है। सेतु निगम ने दो दिन पूर्व जब मिट्टी खोदाई का कार्य शुरू किया तो मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने मिलकर कार्य को रुकवा दिया गया। ज्ञापन देने वालों में विकास भदौरिया, पिंकू राजावत, मुकेश श्रीवास्तव, राघवेंद्र मिश्रा, सज्जन सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, रविंद्र कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, गिरधर गोपाल शुक्ला, अशोक कुमार, दीपक यादव आदि शामिल रहे।



ज्ञापन देने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे विजय नगर शांति कॉलोनी के लोग।

### उद्योग व्यापार संगठन ने भी दिया ज्ञापन

**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. महेश चंद कुशवाहा ने अपने दर्जनों व्यापारी साथियों के साथ रामनगर फाटक पर निर्माणाधीन उपरगामी पुल पर अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि सेतु निगम पुल का निर्माण बिना मार्ग की चौड़ाई ज्ञात किए कर रहा है। निरीक्षण कर पुल के दोनों तरफ सर्विस रोड, नाला, बिजली खंभा को अपने उचित स्थान पर स्थापित करने के उपरांत ही आगे की पुल एप्रोच का कार्य प्रारंभ किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र कुशवाहा, मनीष पाल सिंह, नागेंद्र वर्मा, विजयपथ, जितेंद्र प्रताप सिंह, शिवम शामिल रहे।

# मार्ग दुर्घटना में पत्रकार कल्याण परिषद के अध्यक्ष हुए घायल

**उरई।** राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना लाल चौरसिया को बोलेरो के अज्ञात चालक ने ग्राम बोहदपुरा थाना क्षेत्र कोतवाली उरई में टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इनके साथ 6-7 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने गांव से वापस बाइक से अपने आवास उरई आ रहे थे। तभी ग्राम बोहदपुरा के पास बोलेरो के चालक ने उनकी की बाइक में टक्कर मार दी, और चालक कार छोड़ कर भाग गया, राहगीरों ने दुर्घटना की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चौरसिया को मेडिकल कालेज उरई पहुंचाया, हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

# पुल निर्माण की धीमी गति से ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** उरई -औरैया स्टेट हाईवे से नैनापुर के बगल से सिरसा कलार तक जाने वाले प्रमुख ग्रामीण मार्ग जिसकी लंबाई तकरीबन 9 किलोमीटर के आसपास बताई गई है। नैनापुर से भदेख की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का कार्य कच्छपगति से होने के कारण आए दिन वहां पर हादसे होते रहते हैं।

लोक निर्माण खंड 3 के द्वारा प्रस्तावित यह कार्य अनियमितता एवं देरी की भेंट चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। नैनापुर के पास पहले एक रपटा नुमा बना हुआ था जहां बरसात के दिनों में यमुना का जल स्तर बढ़ते ही वह जल में जलमग्न हो जाता था तथा एक दर्जन से अधिक ग्रामों का संपर्क भी टूट जाता था ग्रामीणों द्वारा एक दशक से पुल बनवाए जाने की पुरजोर मांग हो रही थी। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने वहां पर एक छोटा सा पुल बनवाए जाने का फैसला लिया। विगत अप्रैल माह से कार्यदाई संस्था द्वारा वहां पर मिट्टी खोदकर डाल दी गई, जिससे थोड़ी बरसात में ही वहां पर बहुत ही रपटीली जगह हो गई है। यहां पर अबतक कई बाइक सवार वहां पर गिरकर चुटहिल भी हो चुके हैं।

कच्छप गति से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपता जा रहा है। कार्यदाई संस्था द्वारा कच्छप गति से कराए जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों को आशंका है कुछ ही दिनों बाद यदि झमाझम बरसात हुई तो यमुना का जल स्तर बढ़ने से कार्य एक बार फिर बाधित हो जाएगा जिससे आवागमन बिल्कुल प्रभावित हो जायेगा।



बारिश के चलते खराब पड़ा मार्ग। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने अधिक बारिश होने पर आवागमन बाधित होने की जताई आशंका

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.):** गेहूँदड़ा 2400-2410 आर.आर.21 2550-2600 गेहूँ फारम 2600-2700 जौ 2000-2100 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.):** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़द हरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूँग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.):** अरहर फूल 16600-16700 अरहर स्पेशल 14600-14700 चनादाल 7900-8000 मटरदाल 4550-4650 मसूर मलका 7200-7250 मसूरदाल 7400-7450 उड़ददाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूँगदाल 8100-9700 मूँग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.):** अरवा 2800-3500 बासमती नं.1. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.):** आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 शाहपसंद 1370-1410 **तिलहन (प्रति क्वि.):** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11500-12200 **तेल:** सरसों कोल्हू 12100-12200 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन):** सोयाबीन 1575- 1580 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.):** बावर्ची 1575-1575 मयूर 1575-1575 **गुड़ (प्रति क्वि.):** मंगलौरलड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 **घीदेशी (प्रति क्वि.):** खुर्ज़ा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400 **ब्राण्डेडदेशी घी (प्रति टिन):** अनिक 8100

## सर्राफा


कानपुर


| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55650-55850 |

# तिमाही नतीजों से पहले बाजार में मुनाफावसूली

## सेंसेक्स 27.43 अंक और निफ्टी 8.50 अंक की मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी




स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दोनों मानक सूचकांक में कारोबार सीमित दायरे में रहा। कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से पहले बाजार शेयरों के उच्च मूल्यांकन को युक्तिसंगत ठहराने को संघर्ष करता दिख रहा है। कंपनियों के तिमाही परिणाम कुछ हल्का रहने का अनुमान है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर कंपनी के नतीजों से पहले 0.33 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने बाजार बंद होने के बाद परिणाम जारी किया। कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा है।

# एनबीएफसी को प्राप्त ऋण का स्तर दो लाख करोड़ से ऊपर

मुंबई, एजेंसी

- वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी

केयरएज रेटिंग्स की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों की ओर से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिया गया कर्ज लगातार मई में दूसरे महीने में दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना रहा। गुरुवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों को एनबीएफसी को दिया गया कर्ज और उधार मई 2024 में 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल की तुलना में 0.5 प्रतिशत अधिक है। वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

रिपोर्ट के अनुसार इस निवेश में कमर्शियल पेपर (सीपी) में निवेश और कॉर्पोरेट ऋण के रूप में दिया गया कर्ज भी शामिल है। मई में म्युचुअल फंडों के ओर से दिए गए कुल कर्ज में एनबीएफसी को मिले कर्ज का हिस्सा बढ़ कर 13.3 प्रतिशत रहा। मई 2023 में यह 12.7 प्रतिशत था। हालांकि, इसमें अप्रैल 2024 के 13.4 प्रतिशत की तुलना में हल्की कमी रही। रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंड का एनबीएफसी के सीपी में निवेश लगातार छह महीने से एक लाख करोड़ के ऊपर चल रहा है। मई में यह 1.15 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था। इससे पहले मई 2019 में इन क्षेत्रों में सीपी के जरिए कर्ज के सौदों का यह स्तर देखा गया था। केयरएज रेटिंग्स की इस रिपोर्ट के अनुसार मई 2024 में एनबीएफसी में बैंकों का कर्ज के रूप में लगी राशि 15.6 लाख करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले से 16.0 प्रतिशत अधिक है।

# टीसीएस की आय 12040 करोड़ पहुंची

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही 12040 करोड़ रुपए की शुद्ध आय अर्जित की है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 11074 करोड़ रुपए की आय से 8.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की आज बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में यह जानकारी दी गई है। उसने कहा कि जून 2024 में समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 62613 करोड़ रुपए रहा है जो जून 2023 में समाप्त तिमाही के 59381 करोड़ रुपए की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपए का अंतरिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही में उसने 5452 नए कर्मचारी जोड़े हैं और कुल कर्मचारियों की संख्या 606998 हो गई है।

# 1200 शहरों में एयरटेल हाई स्पीड वाई फाई उपलब्धः विट्ठल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल का देश के 1200 से अधिक शहरों में हाई स्पीड वाई फाई उपलब्ध हो गया है। कंपनी के सीइओ गोपाल विट्ठल ने आज अपने ग्राहकों को लिखे एक पत्र में कहा कि आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई कुछ ही जगहों पर मिल पाता था।

# विझिंजम बंदरगाह पहुंचा चीन का जहाज

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



चीन का मालवाहक जहाज 'सैन फर्नांडो' गुरुवार को केरल के विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) बंदरगाह पहुंचा। भारत के सबसे बड़े ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह पर पहली बार इस तरह के जहाज की आमद हुई है। तीन सौ मीटर लंबा मालवाहक जहाज सैन फर्नांडो शुक्रवार को वीआईएसएल में 1,900 कंटेनर उतारेगा और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बंदरगाह के परिचालन के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। इस विशाल जहाज से बड़े कंटेनरों को अन्य जहाजों में लादा जाएगा और इसके बाद इन्हें देश के विभिन्न बंदरगाहों में पहुंचाया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्र और राज्य के मंत्री, अधिकारी और आम जनता सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। विजयन ने गुरुवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, सपना साकार होने वाला है। पहला जहाज केरल के विझिंजम बंदरगाह पर पहुंच रहा है। केरल की ओर से सैन फर्नांडो का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया जाएगा।

# अब अमेजन पे के जरिये खरीदें दिल्ली मेट्रो का क्यूआर टिकट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के यात्री अब ऑनलाइन भुगतान मंच अमेजन पे के जरिये अपने मोबाइल फोन पर क्यूआर टिकट ले सकते हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अमेजन पे के साथ साझेदारी की गुरुवार को घोषणा की। इसके लिए ग्राहक को अमेजन पे टैब के तहत दिल्ली मेट्रो क्यूआर टिकट का विकल्प चुनना होगा। फिर उन्हें कहां से और कहां तक जाने वाले स्टेशनों का चयन करना होगा। वे ऑनलाइन भुगतान कर अपने मोबाइल फोन पर फौरन ही क्यूआर टिकट हासिल कर सकते हैं।

# इंडकल टेक्नोलॉजीज भारत में पेश करेगी स्मार्टफोन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इन स्मार्टफोन की कीमत 15 से 50 हजार रुपये के बीच होगी

घरेलू प्रौद्योगिकी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज ने ताइवान की कंपनी एसर इंक के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में उतरने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, इस समझौते के तहत इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन डिजाइन, विनिर्माण और वितरण करेगी। ये फोन इस साल पेश किये जाएंगे। इन स्मार्टफोन की कीमत 15 से 50 हजार रुपये के बीच होगी।

इंडकल टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आनंद दुबे ने कहा, एसर स्मार्टफोन के साथ हमें भरोसा है कि भारतीय उपभोक्ताओं को एक अच्छा अनुभव मिलेगा... एसर ब्रांड के सभी स्मार्टफोन भारत में डिजाइन और विनिर्मित किए जाएंगे जो इंडकल के लिए एक बड़ी उपलब्धि भी है। एसर इंक में उपाध्यक्ष जेड झोउ ने कहा, एसर ब्रांड का लक्ष्य लोगों और प्रौद्योगिकी के बीच आने वाली बाधाओं को समाप्त करना रहा है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### फिरोजपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में भारत-पकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत से बृहस्पतिवार को हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया है। बीएसएफ एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास किल्चे गांव में तलाशी अभियान शुरू किया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान उन्हें एक पैकेट बरामद हुआ जिनमें 570 ग्राम हेरोइन थी। अधिकारी ने बताया कि पैकेट पीले रंग के टेप में लपेटा गया था और उसमें एक धातु की गोलाकार चीज भी लगी हुई थी।

### हिमाचल में भूस्खलन के कारण 12 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में गुरुवार को भूस्खलन के कारण मणिमहेश डल झील का मार्ग बाधित हो गया। गोइ नाला और दोनाली के बीच हुए भूस्खलन का 19 सेकंड का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर डाला है। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलती है लेकिन श्रद्धालु और पर्यटक इस अवधि के अलावा भी यात्रा करते हैं। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग का उपयोग न करने को कहा है तथा इस मार्ग पर सूचना बोर्ड भी लगा दिए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद 12 सड़कों (शिमला में पांच, मंडी में चार और कांगड़ा में तीन) पर वाहनों का आवागमन बंद है।

### बंदरगाह से प्रतिबंधित रसायनों की खेप जब्त की

**चेन्नई।** सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर चीन से पाकिस्तान जा रही एक खेप जब्त की है, जिसमें आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के लिए इस्तेमाल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित रसायन हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान कथित तौर पर चीन की मदद से आक्रामक रासायनिक और जैविक युद्ध कार्यक्रम पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी कंपनी चेंगदू शिचेन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने रावलपिंडी स्थित रक्षा आपूर्तिकर्ता रोहेल एंटरप्राइजेज को ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल की एक खेप भेजी थी। अधिकारियों ने कहा कि 2560 किलोग्राम वजनी खेप को 25 किलोग्राम के 103 ड्रमों में रखा गया था और 18 अप्रैल, 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह पर मालवाहक जहाज ह्युडई शंघाई में लादा गया था।

# हरियाणा विस चुनाव के लिए इनेलो-बसपा का गठबंधन

## इनेलो नेता अभय चौटाला बनेंगे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

चंडीगढ़, एजेंसी

- बसपा 37 जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी

इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने पूर्व सहयोगी दल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से फिर से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों दलों के नेताओं ने गुरुवार को यह घोषणा की। गठबंधन के नेताओं ने इनेलो नेता अभय चौटाला को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने का भी फैसला किया है। दोनों दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे के तहत हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

चंडीगढ़ के बाहरी इलाके नयागांव में बसपा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन स्वार्थी हितों पर आधारित नहीं है बल्कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। चौटाला ने कहा, हरियाणा में हमने आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। आज, आम जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने का मन बना लिया है।

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि हाल में बसपा सुप्रीमो मायावती और अभय चौटाला ने गठबंधन के संबंध में एक लंबी बैठक की थी। उन्होंने कहा, उस बैठक में यह तय किया गया कि हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

# महिलाएं चुनें परिवार नियोजन के विकल्पः नड्डा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि परिवार नियोजन में महिलाओं को विकल्प चुनने में सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्यों को सामूहिक रुप से काम करने की जरुरत है। नड्डा ने गुरुवार को यहां विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक ऑनलाइन सम्मेलन माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतराल की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र और राज्यों को सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं परिवार नियोजन के विकल्प चुनने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और अनचाहे गर्भधारण का बोझ न पड़े।

## मेहनत



महाराष्ट्र के सतारा जिले में खेत में धान की रोपाई करतीं महिलाएं। • एजेंसी

# प्रवर्तन निदेशालय ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

जम्मू, एजेंसी

- जेकेएसएसबी एसआई प्रश्नपत्र लीक मामले में हुई कार्रवाई

जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में प्रश्नपत्र लीक के कथित मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के करीब तीन सप्ताह बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अन्य भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उसे पांच दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के लहरोदा निवासी अनिल कुमार (31) को ईडी की जम्मू शाखा ने बुधवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया और गुरुवार को जम्मू स्थित भ्रष्टाचार रोधी विशेष अदालत (सीबीआई के मामलों की) के समक्ष पेश किया।

# चालक को 14 दिन के लिए भेजा जेल

## हिट-एंड-रन मामला

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में आरोपी शिवसेना नेता राजेश शाह के परिवार के चालक को गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को दुर्घटना के समय चालक राजर्षि बिदावत, राजेश शाह के बेटे और मुख्य आरोपी मिहिर शाह के साथ कार में बैठा था। मुंबई के वर्ली इलाके में जब बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मारी तब मिहिर शाह (24) कथित तौर पर गाड़ी चला रहा था। इस दुर्घटना में स्कूटर पर पीछे बैठी एक महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद बिदावत राजेश शाह के निर्देश पर कथित तौर पर मिहिर शाह की जगह चालक की सीट पर बैठ गया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर चालक को मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवडी अदालत) एस पी भोसले के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उसकी हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच अब भी जारी है।

### मिहिर ने दुर्घटना के समय शराब पी रखी थी : पुलिस

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में मुख्य आरोपी मिहिर शाह जिस समय भीषण दुर्घटना हुई तब शराब के नशे में था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। मामले की जांच कर रही एक टीम ने घटनाक्रम के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाने के लिए आज तड़के घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। इसके अलावा टीम में शाह और उसके परिवार के वाहन चालक व सह-आरोपी राजश्री बिदावत से पूछताछ की, जो रविवार को हुई दुर्घटना के समय कार में सवार था।

# खोज के लिए पुलिस में रिपोर्ट बेटा खाट के नीचे छिपा मिला

काकीनाडा, संवाददाता

- आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके का मामला

आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके में स्कूल जाने से बचने के लिए एक बच्चा गुरुवार सुबह नहाने के बाद तौलिया लेकर अचानक घर से गायब हो गया। बेटे की तलाश करने के बाद हारे माता-पिता ने इंद्रपालम पुलिस से शिकायत की। लापता लड़के की बड़े पैमाने पर तलाश के लिए पुलिस टीमों को तैनात कर दिया गया। बच्चे को हालांकि एक घंटे बाद कमरे में खाट के नीचे छिपा हुआ पाया गया।

कड़ी मशक्कत करने वाली पुलिस और चिंताजनक पल बिताने वाले माता-पिता ने आखिरकार लड़के को सलामत देखकर राहत की सांस ली। आठ वर्षीय साई शनमुखा ने पुलिस को बताया कि उसने स्कूल से दूर रहने के लिए यह शरारत की। पुलिस ने लड़के को इस शरारत के लिए डांट लगायी और उसे नियमित रूप से स्कूल जाने की सलाह दी।

# धनखड़ ने न्यायालय के फैसले को सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- वित्तीय और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही मेधावी लड़कियों की मदद होनी चाहिए



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं को उनके धर्म के बावजूद समानता और समान सहायता के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि सर्वाधिक वंचित लड़कियों को सहायता प्रदान करके आशा और अवसर पैदा किए जा सकते हैं, जिससे उनके जीवन पर महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

धनखड़ ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में फिक्की महिला संगठन की चेन्नई शाखा की सदस्यों के साथ बातचीत में कहा कि वित्तीय और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही मेधावी लड़कियों की मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के सहयोग से एक लड़की को शिक्षा और सुरक्षा में अद्वितीय संतुष्टि और खुशी मिल सकती है। बालिकाओं के सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक प्रभाव का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, जब एक महिला परिवार के खर्चे, परिवार की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करती है, तो परिवार का विकास सुनिश्चित होता है। पिछले दस वर्षों में यह बड़े पैमाने पर किया गया है। धनखड़ ने लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में सामाजिक कंपनी उत्तरदायित्व - सीएसआर प्रयासों को तेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि सबसे वंचित लड़कियों को सहायता प्रदान करके अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# मणिपुर जाकर शांति की अपील करें मोदी : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि जब पूरा राज्य हिंसा की आग में जल रहा है तो आखिर मोदी मौन क्यों साधे हैं और वह मणिपुर में शांति बहाली के लिए लोगों से कोई अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मणिपुर लगातार जल रहा है और आंतरिक हालात गंभीर हैं।

# शीना बोरा के कंकाल के अवशेष होने का दावा

मुम्बई, एजेंसी

- 24 वर्षीय शीना बोरा की 2012 में उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी और अन्य ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी

शीना बोरा हत्याकांड की सुनवाई कर रही मुंबई की एक अदालत में गुरुवार को उस समय कुछ नाटकीय दृश्य देखने को मिले, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पहली बार दावा किया कि उसके पास हत्या की शिकार महिला के कंकाल के अवशेष हैं। जांच एजेंसी ने एक विशेष न्यायाधीश से कहा कि यह दावा करना गलत होगा कि शीना बोरा के कंकाल के अवशेष गायब हैं, क्योंकि इनमें से कुछ दिल्ली में सुरक्षित रखे गए हैं। 24 वर्षीय शीना बोरा की 2012 में उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी और अन्य लोगों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

शीना के कंकाल के अवशेषों के कथित रूप से गायब होने और सीबीआई द्वारा अपने पास मौजूद सबूतों के बारे में खुलासा करने का मुद्दा अदालत में तब उठा, जब उसे एक पत्र मिला, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एनाटॉमी के एक प्रोफेसर ने महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची थी। सीबीआई की गवाह ज़ेबा खान, जो जेजे अस्पताल में एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर हैं, पर गलत कामों का आरोप लगाने वाला पत्र उनके भाई नवीद खान ने लिखा था, जिसका उनके साथ विवाद है। नवीद ने आरोप लगाया कि ज़ेबा ने कंकालों को नष्ट करके गलत किया और बदले में धन एकत्र किया, जिससे उसने गल्फ में संपत्ति खरीदी। उन्होंने दावा किया कि कंकालों के गायब होने की खबरों के बाद वह अदालत के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करना चाहते थे।

## दीदार...



केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और थाईलैंड के विदेश मामलों के मंत्री मैरिस सांगियामपोंगसा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय में बौद्धिज्म नामक फोटो प्रदर्शनी का उदघाटन किया। • एजेंसी

### बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने का आह्वान

# भारत ने बिम्सटेक समूह में भरी ऊर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को सात देशों के बिम्सटेक समूह से बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए नई ऊर्जा, संसाधन और नई प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह अपील विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय सम्मेलन में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी करते हुए की।

बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के सात देशों को बहुआयामी सहयोग के लिए एक साथ लाता है। भारत के अलावा बिम्सटेक में श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक को उच्च आकांक्षाएं रखनी चाहिए। जयशंकर ने सम्मेलन के पहले दिन अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा भारत के लिए बिम्सटेक उसके पड़ोस प्रथम दृष्टिकोण पूर्व की ओर देखो नीति और सागर दृष्टिकोण के अहम पड़ाव का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा इनमें से प्रत्येक प्रयास बंगाल की खाड़ी पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रस्तावित किया जा रहा है, जहां सहयोगात्मक क्षमता का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमारी चुनौती इसे बेहतर बनाने की है, और ऐसा तेजी से करना है।

#### थाईलैंड है बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष

बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक जीवंत मंच बनाने के लिए भारत ठोस प्रयास कर रहा है, क्योंकि दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत पहल विभिन्न कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। भारत सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक का उद्देश्य खुले तौर पर, स्पष्ट और फलदायी ढंग से विचारों का आदान-प्रदान करना है। थाईलैंड बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष है और इस वर्ष के अंत में वह समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्सल स्वागत करते हुए।

## एक नजर

### सऊदी विमान के लैंडिंग गियर में पेशावर हवाई अड्डे पर उतरते समय लगी आग

**इस्लामाबाद।** रियाद से आ रहे सऊदी एयरलाइंस के एक विमान में बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के पेशावर हवाई अड्डे पर उतरते समय आग लग गई, जिसके बाद विमान में सवार सभी 276 यात्रियों और चालक दल के 21 सदस्यों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। डॉन अखबार ने नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) के हवाले से बताया कि पेशावर के बाचा खान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय विमान में आग लग गई।

### ब्रिटिश भारतीय सांसदों ने ग्रहण की शपथ

**लंदन।** ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए नवनिर्वाचित भारतीय मूल के सांसदों ने देश के प्रति वफादारी के प्रतीक के रूप में महाराजा के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। इसके लिए उन्होंने धार्मिक ग्रंथों पर हाथ रखकर शपथ ली। शैलेश वारा द्वारा स्पीकर लिंडसे होयल को भगवद् गीता की एक नई प्रति भेंट की गई। शैलेश कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व सांसद हैं, जो पिछले सप्ताह के आम चुनाव में कैम्ब्रिजशर सीट से हार गए थे। मंगलवार को शपथ लेने वाले पहले ब्रिटिश भारतीय सांसदों में ऋषि सुनक भी शामिल थे।

### लाहौर हाईकार्ट में पहली बार महिला बनी मुख्य न्यायधीश

**लाहौर।** न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश पद की शपथ ली। वह पाकिस्तान की पहली महिला हैं जो किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के पद पर आसीन हुई हैं। पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। पंजाब सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। न्यायमूर्ति नीलम (57) लाहौर उच्च न्यायालय में न्यायधीशों के वरिष्ठता क्रम में तीसरे स्थान पर थीं लेकिन पाकिस्तान के प्रधान न्यायधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाले न्यायिक आयोग ने उन्हें इस पद के लिए नामित करने का फैसला किया।

### नागरिकता प्रमाण आवश्यकता वाला विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निचले सदन ने एक विधेयक पारित किया गया है, जिसके तहत देश में संघीय चुनावों के मतदान के लिये पंजीकरण करवाने वाले व्यक्तियों को अमेरिकी नागरिकता का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। सांसदों ने 221-198 बहुमत से विधेयक पारित किया, जिसके बाद सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट निरस्त हो गया। इससे दक्षिणी सीमा पर अवैध आव्रजनों की बढ़ी संख्या के बीच संघीय चुनावों में सुरक्षा करने में मदद मिलेगी।

# रूस-चीन की गहरी दोस्ती से नाटो चिंतित

### कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की महत्वाकांक्षाएं हमारे हितों व सुरक्षा के लिए चुनौती

वाशिंगटन, एजेंसी

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने रूस और चीन के बीच गहराते संबंधों तथा बीजिंग की बढ़ती आक्रामकता पर बुधवार को चिंता जाहिर की। नाटो ने अपने वाशिंगटन शिखर सम्मेलन घोषणापत्र में कहा, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की महत्वाकांक्षाएं और आक्रामक नीतियां लगातार हमारे हितों, सुरक्षा और मूल्यों को चुनौती दे रही हैं। रूस और पीआरसी के बीच गहराती रणनीतिक साझेदारी तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने व नया आकार देने के दोनों देशों के प्रयास गंभीर चिंता का विषय हैं।

शिखर सम्मेलन में शामिल राष्ट्राध्यक्षों और शासन प्रमुखों की ओर से जारी घोषणापत्र में कहा गया है हम सरकार में शामिल और उनसे इतर तत्वों से हाइब्रिड, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य खतरों तथा दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का सामना कर रहे हैं। इस सम्मेलन में स्वीडन को नाटो के 32वें सदस्य देश के रूप में शामिल किया गया। घोषणापत्र में कहा गया है कि फिनलैंड और स्वीडन का नाटो में शामिल होना उन्हें सुरक्षित और संगठन को मजबूत बनाता है खासकर हाई नॉर्थ और बाल्टिक सागर क्षेत्रों में भी। इसमें कहा गया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता भंग कर दी है तथा वैश्विक सुरक्षा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि रूस संगठन के सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष खतरा बना हुआ है।

इसमें कहा गया है कि आतंकवाद अपने सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में, हमारे नागरिकों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं समृद्धि के लिए सबसे प्रत्यक्ष खतरा है। हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे वैश्विक और परस्पर जुड़े हुए हैं। सम्मेलन में नाटो ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा तंत्र को मजबूत करने, रूस से लड़ाई में यूक्रेन को दीर्घकालिक समर्थन बढ़ाने और नाटो के सदस्य देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए कदम उठाए। घोषणापत्र में कहा गया है हम यूक्रेन के राष्ट्रपति (वोलोदिमीर) जेलेंस्की और ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य तथा यूरोपीय संघ के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।



वाशिंगटन में आयोजित नाटो के शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य। एजेंसी

#### बाइडेन प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच खाई पाटने को प्रयासरत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को कम करने की कोशिश कर रहा है। ब्लिंकन ने यहां नाटो शिखर सम्मेलन से इतर यह बात कही। सम्मेलन में अमेरिका के हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझेदारों- ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह लगातार तीसरी बार है जब अमेरिका ने अपने हिंद प्रशांत भागीदारों को आमंत्रित किया है। ब्लिंकन ने कहा जब रूस ने आक्रामकता दिखाई और यूक्रेन पर आक्रमण किया तक जापान खड़ा हुआ, दक्षिण कोरिया खड़ा हुआ, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड भी आगे आए। यह एक प्रकार से इस बात की स्वीकार्यता है कि ये चुनौतियां जुड़ी हुई हैं और जब लोकतंत्र एकजुट होते हैं तो हम और मजबूत होते हैं, प्रभावशाली होते हैं फिर चाहे हम यूरोप में हों, एशिया में हों या फिर कहीं और। इसलिए जब हम अपने हिंद-प्रशांत भागीदारों के साथ वाशिंगटन में एकत्र हो रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हम यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को पाट रहे हैं।

#### नाटो देश औद्योगिक आधार मजबूत करें : बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के तेजी से रक्षा उत्पादन बढ़ाने के मद्देनजर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से बुधवार को अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करने का आह्वान किया। बाइडन ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा कि नाटो देशों ने दो साल पहले अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने का फैसला किया था। उन्होंने कहा आज हमें खुद से यह सवाल करना होगा कि आगे क्या? हम अपनी ढाल को कैसे मजबूत बना सकते हैं? इसका एक जवाब यह है कि हमें अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा इस समय रूस तेजी से अपने रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी कर रहा है। वह हथियारों, वाहनों और युद्ध सामग्री का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है।

# ओली व देउबा ने प्रचंड के खिलाफ जारी किया व्हिप

काठमांडू, एजेंसी

- प्रधानमंत्री प्रचंड आज संसद में करेंगे विश्वास प्रस्ताव का सामना

संकटग्रस्त नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को उनकी मुश्किलों को और बढ़ाते हुए नेपाली कांग्रेस (नेकां) और सीपीएन-यूएमएल ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर उनके खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत सीपीएन-यूएमएल ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।

निचले सदन में 138 सीटों के बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माउइस्ट सेंटर) के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है और ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि उनकी सरकार शुक्रवार को विश्वासमत हार जाएगी। माइ रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक नेपाली कांग्रेस ने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित होने और प्रचंड के विश्वासमत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।



#### आगामी रणनीति को लेकर की चर्चा

ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से बुधवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक का उद्देश्य नेकां और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत माओवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) गठबंधन के बाद आगे की रणनीति और नयी गठबंधन सरकार बनाने को लेकर चर्चा करना था। देउबा के आवास पर हुई दो घंटे की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने नए गठबंधन के विस्तार की चर्चा की।

## नाटो एशियाई देशों के बीच अराजकता न फैलाए : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जियान ने जताया एतराज, यूक्रेन मुद्दे पर जिम्मेदारी बढ़ाचढ़ा कर दिखाई थी

चीन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर दूसरों की कीमत पर सुरक्षा का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए उससे कहा कि वह एशियाई देशों के बीच ऐसी अराजकता न फैलाए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह बयान नाटो द्वारा चीन पर यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने संवाददाताओं से कहा, नाटो द्वारा यूक्रेन के मुद्दे पर चीन की जिम्मेदारी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना अनुचित है और इसके पीछे गलत इरादे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर चीन का रुख निष्पक्ष है। यूक्रेन में जारी युद्ध के चलते चीन ने अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों से अपने संबंध तोड़ लिए हैं और उसने कीव में रूस के बढ़ते हमलों की निंदा करने से भी इनकार कर दिया है। इसी के साथ चीन ने युद्ध के बाद से रूस के साथ अपने व्यापार को बढ़ाया है, जिससे उसे पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव का कम सामना करना पड़ रहा है। वाशिंगटन में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में उसने कहा कि चीन ने रूस के साथ अपनी बिना सीमा वाली साझेदारी और उसके रक्षा औद्योगिक आधार का बड़े पैमाने पर समर्थन करने के माध्यम से युद्ध को बढ़ावा दिया है।



## अमेरिका को 6.7 अरब डॉलर का भुगतान करने का आदेश

**तेहरान।** ईरान की एक अदालत ने गुरुवार को अमेरिका सरकार को आदेश दिया कि वह तेहरान पर वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दुर्लभ त्वचा विकार से पीड़ित लोगों के लिए स्वीडन की एक कंपनी से विशेष पट्टियों की आपूर्ति रुकने की वजह से 6.7 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा प्रदान करे। ईरान के तेहरान स्थित अंतर्राष्ट्रीय संबंध कानून न्यायालय के इस आदेश से पहले ईरान ने पिछले साल पश्चिम के साथ तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प के लिए कुवैती कच्चे तेल से संबंधित पांच करोड़ डॉलर का सामान जब्त कर लिया था। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि 6.7 अरब डॉलर के मुआवजे से संबंधित आदेश 300 वादियों की ओर से दायर मुकदमे में आया।

# ब्रिक्स के एजेंडे सक्रीयता से निभा रहा भारत : बिरला

सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी

- रूस में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडे को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है। बिरला ने यहां 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच के पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

इस सत्र का विषय ब्रिक्स संसदीय आयाम अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं था। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत में संपन्न लोक सभा चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और इसके बाद श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। यह उनका सौभाग्य है कि देश के निर्वाचित सदस्यों ने उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया। ब्रिक्स संसदीय मंच में चार नए सदस्यों, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला ब्रिक्स वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक लोकतान्त्रिक बनाने तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहा है। भारत का मानना है कि नई दिल्ली में आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन में पीठासीन अधिकारियों द्वारा साझा किए गए विचारों और प्रस्तावों से समावेशी और सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।



रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन को संबोधित करते ओम बिरला।

#### वैश्विक चुनौतियों से निपटने में आपसी सहयोग की जरूरी

बिरला ने जलवायु परिवर्तन, सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी को दूर करने जैसी चुनौतियों से निपटने में संसदों के आपसी सहयोग के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत परस्पर सहयोग और एकजुटता बढ़ाने, वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षीय संगठनों में सुधार करने, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ब्रिक्स संसदों के बीच सहयोग का पक्षधर है। अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से ब्रिक्स देशों के बीच साझेदारी और अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक होगी।

**शोध** एरीज के वैज्ञानिक इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी की बड़ी खोज

# ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिकों ने ब्लैकहोल से निकलने वाले जेट प्लाज़्मा की संरचना का पहली बार पता लगाया है। इस खोज में एरीज के विज्ञानी इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी द्वारा की गई है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल (एपीजे) नामक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका में यह खोज प्रकाशित हुई है।

एरीज के आउटरीच प्रभारी डा विरेन्द्र यादव ने बताया कि खगोलीय शोध की दिशा में एरीज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। जेट ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारों व पल्सार जैसे सघन खगोलीय पिंडों से विस्तारित किरणों के रूप में उत्सर्जित होते हैं। इसके संरचना के बारे में वर्षों के शोध के बावजूद अधिक जानकारी ज्ञात नहीं थी। साथ ही इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन से बने होने का भी सही पता नही था। इसके अलावा पॉज़िट्रॉन नामक सकारात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन इनमें शामिल होने की जानकारी भी नही थी। जिस कारण इसकी जानकारी विज्ञानियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। वैज्ञानिक डॉ. इंद्रनील चट्टोपाध्याय व राज किशोर जोशी के अनुसार यह खोज ब्लैक होल व न्यूट्रॉन तारों के करीब चलने वाली भौतिक प्रक्रिया की बारीकी को समझने में मदद करेगी।

सैद्धांतिक रूप से जेट की उष्मा गति की मात्रा, द्रव्यमान घनत्व, ऊर्जा घनत्व और दबाव के बीच संबंध का पता नही था। डॉ. चट्टोपाध्याय ने शोध में सर्वप्रथम विकसित किए गए एक संख्यात्मक सिमुलेशन में सुधार किया और इलेक्ट्रॉन, पॉज़िट्रॉन (धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन) व प्रोटॉन के मिश्रण से बने एस्ट्रोफिजिकल जेट की गतिशीलता का अध्ययन किया। तब जेट की संरचना की जानकारी सामने आई।



डा इन्द्रनील चट्टोपाध्याय



राज किशोर जोशी

#### बड़ी उपलब्धि है एरीज के लिए

**नैनीताल :** एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी ने कहा कि एरीज के वैज्ञानिक निरंतर खगोलीय पिंडों के अध्ययन में जुटे रहते हैं। यह खोज एरीज के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस खोज से जेट के बारे में जानकारी मिलने के बाद ब्लैकहोल व उनसे निकलने वाले के जेट के अन्य रहस्य को सुलझाना आसान होगा। वर्तमान में एरीज में 4 मीटर लिक्विड मिरर टेलिस्कोप व 3.6 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन की सुविधा मौजूद है।

## भारतीय जहाज के कैप्टन व चालक दल होंगे सम्मानित

**लंदन।** तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत व उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस व समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान दृढ़ संकल्प और धीरज का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज मार्लिन लुआंडा पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया है।

# बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीयों की संख्या में गिरावट

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण ने दी जानकारी

अमेरिका में साल 2020 में हुए चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव अंतराल के दौरान मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण दो साल में एक बार किया जाता है और यह एशियाई-अमेरिकी समुदाय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वेक्षण है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला कि अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल के 46 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक जो बाइडेन को वोट दे सकते हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट, सभी एशियाई-अमेरिकी जातीय समुदायों में सर्वाधिक है। बाइडेन व उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के बीच 27 जून को चुनाव की प्रक्रिया के तहत बहस से पहले यह सर्वेक्षण किया गया था।



## पाकिस्तान जा रही प्रतिबंधित रसायनों की चीनी खेप जब्त

**चेन्नई।** सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रतिबंधित रसायनों की चीन से आई एक खेप जब्त की है जो माना जा रहा है कि पाकिस्तान के जैविक और रासायनिक युद्ध कार्यक्रम के लिए थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह खेप ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल या सीएस की थी जिसका इस्तेमाल आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के रूप में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों ने तमिलनाडु के कट्टूपल्ली बंदरगाह पर इस खेप को रोका था। सीएस अंतरराष्ट्रीय समझौतों और भारत की निर्यात नियंत्रण सूची के तहत दोहरे उपयोग वाला रसायन है। दंगा नियंत्रण एजेंटों के रूप में इसका असैन्य उपयोग होता है।